

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 96 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 14 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


### UPI को अन्य देशों तक ले जाने की तैयारी

भारत अपने स्वदेशी डिजिटल भुगतान सिस्टम यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को ज्यादा देशों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम नागराजू ने मंगलवार को बताया कि इसको लेकर पूर्वी एशिया के देशों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित ग्लोबल इन्क्लूसिव फाइनेंस इंडिया समिट में बोलते हुए नागराजू ने कहा कि यूपीआई ने भारत में डिजिटल भुगतान को तेजी से बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। आज देश में होने वाले कुल डिजिटल ट्रांजेक्शन का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा यूपीआई के माध्यम से होता है। उन्होंने कहा कि सरकार इस सफल प्रणाली को अब दूसरे देशों तक भी ले जाना चाहती है, ताकि भारत की डिजिटल भुगतान व्यवस्था दुनिया भर में पहचानी जा सके। वर्तमान में 8 देशों में यूपीआई के जरिए ट्रांजेक्शन किए जा रहे हैं। इनमें भूटान, सिंगापुर, कतर, मॉरीशस, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और फ्रांस शामिल हैं। विदेश में यूपीआई की सुविधा होने से भारतीय पर्यटक बिना नकद पैसे या अंतरराष्ट्रीय कार्ड के ही डिजिटल भुगतान कर सकते हैं.

# रिकॉर्ड स्तर के बाद फीकी पड़ी सोने की चमक, चांदी ने फिर पकड़ी रफ्तार

## सोना-चांदी में उतार-चढ़ाव: रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद मुनाफावसूली, बाजार में अनिश्चितता बरकरार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद कीमती धातुओं के बाजार में हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को हल्की गिरावट देखने को मिली। रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली किए जाने से सोने के दाम फिसले, जबकि चांदी ने रिकवरी करते हुए मजबूती दिखाई।

एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाला सोना 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,41,577 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं मार्च डिलीवरी वाली चांदी 0.50 प्रतिशत यानी 1,352 रुपये की तेजी के साथ 2,70,322 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती दिखी।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार का असर

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,40,482 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जो पिछले कारोबारी दिन 1,40,499 रुपये थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना पहली बार 4,600 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गया था, लेकिन इसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना शुरू कर दिया, जिससे कीमतों में नरमी आई।



### वैश्विक तनाव से बढ़ी चमक

सोने-चांदी की कीमतों में हालिया तेजी की बड़ी वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वह बयान रहा, जिसमें उन्होंने ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने और सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके चलते वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बढ़ी और निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की ओर रुख किया।

### फेडरल रिजर्व पर टिकी नजर

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के कमोडिटी उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री के अनुसार, बाजार की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रमुख जेरोम पॉवेल से जुड़ी जांच और महंगाई के आंकड़ों पर टिकी है। कमजोर अमेरिकी रोजगार आंकड़ों ने इस उम्मीद को और मजबूत किया है कि साल के अंत तक ब्याज दरों में दो बार कटौती संभव है।

### भू-राजनीतिक हालात का असर

ईरान में जारी प्रदर्शन, रूस-यूक्रेन युद्ध, ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के संकेत और वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। इन परिस्थितियों में सोने को सुरक्षित निवेश के रूप में समर्थन मिला है।

### तकनीकी स्तर

विशेषज्ञों के अनुसार, सोने को 1,39,550 से 1,37,310 रुपये के बीच मजबूत सपोर्ट मिल रहा है, जबकि ऊपर की ओर 1,44,350 से 1,46,670 रुपये पर रेजिस्टेंस है। चांदी में 2,60,810 से 2,54,170 रुपये सपोर्ट और 2,71,810 से 2,74,470 रुपये रेजिस्टेंस स्तर माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि औद्योगिक मांग और हरित ऊर्जा सेक्टर में बढ़ते उपयोग के कारण चांदी की लंबी अवधि की मांग मजबूत बनी रहेगी।

### मुख्य पॉइंट्स

**सोने का हाल:**
एमसीएक्स फरवरी डिलीवरी सोना: 1,41,577₹ प्रति 10 ग्राम (0.32% गिरावट)
24 कैरेट सोना: 1,40,482₹ प्रति 10 ग्राम (पिछले कारोबारी दिन: 1,40,499₹)
अंतरराष्ट्रीय स्तर: 4,600 डॉलर/औंस पार

**चांदी की स्थिति:**
मार्च डिलीवरी चांदी: 2,70,322₹ प्रति किग्रा (0.50% तेजी)
लंबी अवधि की मांग मजबूत, उद्योग और हरित ऊर्जा सेक्टर में बढ़ती जरूरत

**वैश्विक घटनाओं का असर:**
ट्रंप ने ईरान से व्यापार पर 25% टैक्स और सैन्य चेतावनी दी
अमेरिका की कमजोर रोजगार रिपोर्ट, रूस-यूक्रेन संघर्ष और ग्रीनलैंड के संकेतों से अनिश्चितता

**फेडरल रिजर्व और ब्याज दर:**
जेरोम पॉवेल जांच और महंगाई आंकड़ों पर निवेशक निगाहें
साल के अंत तक ब्याज दर में दो कटौती की संभावना

**तकनीकी सपोर्ट और रेजिस्टेंस:**
सोना: सपोर्ट 1,37,310-1,39,550₹, रेजिस्टेंस 1,44,350-1,46,670₹






## उपराष्ट्रपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान का शुभारंभ किया

**समाज जागरण**




उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं को नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से बचाने और विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत दृष्टियोजना साकार करने के निरंतर और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर देते हुए आज मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में नशामुक्त परिसर अभियान आरम्भ किया।

उपराष्ट्रपति ने नशा मुक्त परिसर अभियान के अंतर्गत समर्पित ई-संकल्प मंच ( https://pledge.du.ac.in/home ) और मोबाइल एप्लिकेशन का भी शुभारंभ किया। उन्होंने देश के सभी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों से इसमें सक्रियता से भाग लेने और नशा मुक्त परिसर का संकल्प लेने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी सुनिश्चित करने को कहा कि नशा मुक्त परिसर अभियान सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों का अभिन्न हिस्सा बने।

उन्होंने भारत को युवा ऊर्जा से पूर्ण राष्ट्र बताते हुए कहा नशीले पदार्थों का इस्तेमाल व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि गंभीर सामाजिक चुनौती, सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और देश के जनसांख्यिकीय लाभ के लिए खतरा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मादक द्रव्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन, पारिवारिक सामंजस्य और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के व्यापार का आतंकवाद से संबंध होने से यह राष्ट्रीय सुरक्षा को भी प्रभावित करता है।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न तभी साकार हो सकता है जब युवा स्वस्थ और नशे से मुक्त हों और उनका जीवन उद्देश्यपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि नशे से मुक्त युवा कौशल प्राप्त करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास तथा राष्ट्रीय विकास में सार्थक योगदान देने में अधिक सक्षम होते हैं। (इनपुट-पीआईबी)




## संस्कार विहीन आधुनिकता समाज के लिए घातक।

# 'संस्कार-संस्कृति का जीवन में विशिष्ट महत्व'

..भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन रूढ़िवादिता की




बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख नहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज्जा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज अंत्येष्टि रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं। रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनश्वर को अपनाता है दूसरी तरफ नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है। दूसरी तरफ अपने पारंपरिक दार्शनिक धार्मिक मूल्यों जैसे ज्ञान, भक्ति, कर्म मार्ग, अवतारवाद, पुनर्जन्म, आस्था तथा मोक्ष की अवधारणा और अहिंसा के सिद्धांतों पर अभी भी आस्थावान है। धर्म तथा अध्यात्म का आकर्षण कम होने के स्थान पर ज्यादा हुआ है। धार्मिक स्थलों के बढ़ते निर्माण धर्म गुरु के सत्संग, प्रवचन, पूजन, भजन ,कीर्तन, अजान ,अरदास, उपवास, रोजा, तीर्थ स्थलों, दरगाह पर भारी भीड़ यह सब सिद्ध करते हैं कि भारतीय समाज आधुनिक होने के साथ-साथ रूढ़िवादिता पर भी विश्वास रखता है। इन्हीं सब कारको के कारण रूढ़िवादिता तथा पाश्चात्य दर्शन का अंतर्विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखते हुए हम भारतीय समावेशी विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ विकास के नाम पर खनन, पेडो की बेतरतीब कटाई जारी रख पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हैं। जल, जंगल, जमीन से लेकर हवा तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इससे रूढ़िवादिता और पश्चिमीकरण मैं द्वंद स्पष्ट उजागर होता है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय समाज ने अपने संविधान के निर्माण और व्यवस्था के गठन तक में रूढ़िवाद और आधुनिकता दोनों का समन्वय बनाकर दोनों ही वाद को पर्याप्त स्थान दिया है। परंपरागत मूल्यों को जहां मौलिक कर्तव्य राज्य नीति के निर्देशक तत्व और प्रस्तावना में स्थान दिया है। इसके अलावा मौलिक आजादी के समानता के सिद्धांत को फ्रांस से, संसदीय प्रणाली ब्रिटेन से और मानवीय मूल अधिकार को अमेरिका से ग्रहण करने में जरा भी संकोच नहीं किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्तर पर भी भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। एलोपैथी पद्धति से इलाज ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है वही आयुर्वेद योग, परंपरागत आयुर्वेद, ध्यान, नेचुरोपैथी आदि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में भी लोगों की रुची बड़ी तेजी से बढ़ी है। रविंद्र नाथ टैगोर जी ने कहा है 'आधुनिकता पोशाक में नहीं विचारों में होनी चाहिए'

भारतीय समाज बाह्य वस्तुओं के साथ-साथ वैचारिक और संस्कृति स्तर पर भी रूढ़िवादिता और आधुनिकता दोनों की ओर एक साथ बढ़ने का प्रयास कर रहा है। ऐतिहासिक तौर पर भी भारतीय कला और संस्कृति का विकास स्वयं में रूढ़िवादिता और आधुनिकता के समन्वयक का उत्कृष्ट उदाहरण अमीर खुसरो भारतीय वीणा और इरानी तंबूरे को मिलाकर सितार बना रहे थे। स्थापत्य की नागर शैली व मूर्ति कला की गंधार शैली अलग-अलग भारतीय व बाह्य कलाओं के समन्वय का उत्कृष्ट परिणाम है। मुस्लिम स्थापत्य पर भारतीय प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। हिंदी और फारसी के सहयोग से उर्दू का जन्म भारतीय समाज की ही देन है। इसीलिए यह बात स्पष्ट है कि रूढ़िवादिता और पाश्चात्य दर्शन के अनुसरण के लिए भारतीय जनमानस को दोनों दर्शन के सर्वोत्कृष्ट तत्वों को चुनकर उसे अंगीकार करना चाहिए। जिससे भारतीय समाज में विकास की गति भारतीय संस्कृति तथा आधुनिकता के साथ साथ तीव्र गति से हो पाए और मानव कल्याण संभव हो पाए।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# बजट से पहले क्रिप्टो एक्सचेंजों पर सख्त नियमों की तैयारी

## सेबी को मिल सकती है बड़ी नियामकीय भूमिका!




वित्त मंत्रालय क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए एक पुख्ता नियामक ढांचा तैयार करने के लिए सेबी और आरबीआई के साथ कर रहा है चर्चा

सरकार आगामी बजट से पहले क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए ठोस नियम-कायदे तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। वित्त मंत्रालय क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए एक पुख्ता नियामक ढांचा तैयार करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ चर्चा कर रहा है। इस मामले से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी।

एक सूत्र ने कहा कि वित्त मंत्रालय में हुई शुरूआती चर्चा के अनुसार क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए नियम-कायदे तय करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से सेबी को दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि आरबीआई को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), सीमा पार लेनदेन और पूंजी प्रवाह से संबंधित पहलुओं पर नजर रखने के लिए कहा जा सकता है। इस मामले में जानकारी के लिए वित्त मंत्रालय, सेबी और आरबीआई को भेजे गए ई-मेल का समाचार लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया था।

एक अधिकारी ने कहा, 'प्रस्तावित ढांचे के तहत सभी भारतीय क्रिप्टो एक्सचेंजों से अपेक्षा होगी कि वे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, खुलासे और निवेशक सुरक्षा मानदंडों की सख्त निगरानी के लिए सेबी के पास अपना पंजीकरण कराएं।'

फिलहाल भारत में क्रिप्टो कारोबार पर नजर रखने की जिम्मेदारी कई एजेंसियों के पास है। कर अधिकारी आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों (वर्चुअल डिजिटल एसेट्स) के कराधान से जुड़े मामले संभालते हैं और वित्तीय खुफिया इकाई जैसी एजेंसियां धन शोधन रोधी नियमों के अनुपालन पर नजर रखती हैं। इसी तरह, प्रवर्तन एजेंसियां पूंजी के अवैध प्रवाह से संबंधित नियमों के उल्लंघन की जांच करती हैं। लंबे समय से क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए एक बाजार नियामक की कमी महसूस की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार कई सरकारी एजेंसियों ने मौजूदा व्यवस्था के तहत क्रियान्वयन एवं निगरानी से जुड़ी गंभीर चुनौतियों का पता लगाया है। अधिकारियों का कहना है कि क्रिप्टो लेनदेन का गुमनाम और सीमाहीन स्वरूप, विशेष रूप से विदेशी एक्सचेंजों, निजी वॉलेट और विकेंद्रीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए गए लेनदेन के कारण अधिकारियों के लिए पैनी नजर रखना मुश्किल हो गया है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा,'क्रिप्टो पर कर लगने के बावजूद एक खास बाजार नियामक की अनुपस्थिति के कारण अधिकारियों के लिए लेनदेन का पता लगाना और सही कर देयता का आकलन करना मुश्किल हो जाता है।'

अधिकारियों के अनुसार एक व्यापक नियामक ढांचे की अनुपस्थिति से आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन के क्रिप्टो-एसेट रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को संचालित करने की भारत की क्षमता भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि जहां भारत ने सैद्धांतिक रूप से ढांचे का समर्थन किया है वहीं एक विनियमित क्रिप्टो ढांचे की कमी के कारण भागीदार क्षेत्राधिकारियों के साथ व्यवस्थित रूप से मानकीकृत लेनदेन-स्तरीय डेटा एकत्र करना और उनका आदान-प्रदान करना मुश्किल है।

प्रवर्तन एजेंसियों ने धन शोधन और आतंकी गतिविधियों के लिए धन की हेराफेरी से संबंधित जोखिमों का पता लगाया है। इन्हें ध्यान में रखते हुए भारत में काम करने वाले क्रिप्टो प्लेटफॉर्म की बारीकी से जांच की जा रही है।

पीडब्ल्यूसी में पार्टनर अमित राणा के अनुसार विनियमन सही तरीका है। राणा ने कहा,ह्यसरकार के लिए यह क्रिप्टो लेनदेन से जुड़े नियम-कायदे दुरुस्त करने, कंपनियों के लिए स्पष्ट निर्देश तय करने और डेटा एवं जानकारियां एकत्र करने के लिए एक ढांचा तैयार करने का बेहतरीन मौका है। कंपनियों के लिए इससे तस्वीर साफ हो जाएगी और निवेशक और उपयोगकर्ता (यूजर) पूरे आत्मविश्वास के साथ निवेश कर पाएंगे।

कुल मिलाकर यह सभी हितधारकों के लिए फायदे की स्थिति है। भारत ने क्रिप्टो लेनदेन पर कर से जुड़ी जानकारियां देने के लिए कई प्रावधान कर रखे हैं मगर विशेषज्ञों का कहना है कि ये अपर्याप्त हैं और नियामकीय तंत्र का विकल्प नहीं हो सकते। खेतान ऐंड कंपनी में पार्टनर संजय सांघवी के अनुसार करदाताओं को आयकर रिटर्न में शेड्यूल वीडीए के तहत क्रिप्टो हस्तांतरण का खुलासा करना आवश्यक है जबकि लेनदेन पर 1 फीसदी कर स्रोत पर काटा जाता है जिसका अनुपालन काफी हद तक एक्सचेंजों द्वारा किया जाता है।

इसके अलावा, एक नया प्रावधान (आयकर अधिनियम की धारा 285बीएए) बैंकों और क्रिप्टो मध्यस्थों को कर विभाग को लेनदेन-से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध कराने के लिए कहता है। सांघवी ने कहा,'हालांकि, ये साधन काफी हद तक कार्योत्तर शोध में ही मदद करते हैं मगर बाजार आचरण, निवेशक सुरक्षा और वास्तविक समय में निरीक्षण जैसे मुद्दों का समाधान नहीं करते हैं।'

वैश्विक स्तर पर सरकारें क्रिप्टो बाजारों को लेकर सुरक्षा उपाय चाक-चौबंद करने के लिए कदम उठा रही हैं। यूरोपीय संघ ने क्रिप्टो-एसेट्स ढांचे में एक एकीकृत बाजार (मार्केट्स इन क्रिप्टो-ऐसेट्स) शुरू किया है। अमेरिका संघीय और राज्य एजेंसियों दोनों के जरिये क्रिप्टो बाजार नियंत्रित करता है और हाल ही में उसने स्टेबलकॉइन (एक तरह की क्रिप्टोकरेंसी) पर एक नया कानून तैयार किया है। इन उपायों को देखते हुए भारत ने भी क्रिप्टो के नियमन की दिशा में ठोस कदम बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# सेना की वीरता, शौर्यता, साहस, बलिदानी प्रवृति को नमन का दिन थल सेना दिवस

**-अशोक "प्रवृद्ध"**

*लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक और साहित्यकार*

आदि सृष्टि काल में मानव के इस संसार में उत्पति होने के साथ ही मनुष्य प्रकृति, अपने शत्रुओं, विधर्मियों, दुष्टों से विभिन्न कारणों से संघर्षरत्त अर्थात युद्ध करता रहा है। अपनी सुरक्षा, संरक्षा, सामाजिक शांति स्थापना करने तथा बाह्य आक्रमण से निजी प्रभुसत्ता की रक्षा करने के लिए युद्ध करना मानव की प्रवृति रही है। इस प्रकार स्पष्ट है कि आदि सृष्टि काल में मानव रचना के साथ ही युद्ध की परंपरा चली आ रही है। युद्ध कला का इतिहास मानव जाति के समान ही प्राचीन है। युद्ध मानव सभ्यता के विकास के प्रमुख कारणों में से एक हैं। संसार में अनेक सभ्यताओं का अभ्युदय एवं विनाश हुआ, परंतु युद्ध कभी भी समाप्त नहीं हुआ। सभ्यता के विकास के साथ ही नवीन हथियारों के निर्माण के फलस्वरूप युद्ध के स्वरूप में परिवर्तन अवश्य आया है। लेकिन युद्ध विविध रूपों में अनवरत जारी है। और देश की सुरक्षा के लिए प्रायः सभी देश युद्ध एवं सशस्त्र संघर्ष से संबंधित तकनीकों, सैन्य कला, सेना के संगठन, शस्त्रास्त्र, युद्धकला कूटयोजना, प्रबंध व समरतंत्र, मनोविज्ञान व कार्यविधि आदि के अध्ययन व तैयारी में लगे ही रहते हैं। किसी भी देश की सुरक्षा उसकी सांग्रामिकता, वीरता, शौर्यता, अदम्य साहस, बलिदानी प्रवृति व सैन्य व्यवस्था पर निर्भर करती है। अति प्राचीन काल से ही भारत इस मामले में अत्यंत समृद्ध, परमात्म कृपा से भाग्यशाली व प्रत्येक दृष्टि से आत्मनिर्भर रहा है। हर युग में भारतीय सैन्य प्रणाली अपने भौगोलिक स्थिति के अनुरूप पारंपरिक पद्धति पर अत्यंत संगठित रही है।




वेद, उपनिषद, पुराण आदि ग्रंथ, रामायण, महाभारत आदि महाकाव्य, स्मृति शास्त्र, अर्थशास्त्र, शुक्रनीति, जैन व बौद्ध ग्रंथों, यूनानी ग्रंथों में अंकित वर्णनों, हाथी गुम्फा अभिलेख, रूद्रदामन के जूनागढ़ शिलालेख आदि अभिलेखों से इस सत्य का सत्यापन होता है कि प्राचीन काल से ही भारत में सुप्रशिक्षित, सुसंगठित तथा युद्ध कला में निपुण सेना थी। वैदिक वर्णनों के अनुसार सेना पदाति (पैदल), रथ और अश्व (घुड़सवार) जैसी इकाइयों से बनी एक संगठित शक्ति थी, जिसे राज्य की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता था। सेना के मुख्य अंग -पैदल, रथ और घुड़सवार- तीनों सेना को सुसंगठित किया जाता था, जिसमें कुशल नेतृत्व और रसद व्यवस्था भी शामिल थी। देश और प्रजा की रक्षा के लिए सेना को राज्य का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता था। इसे क्षत्रिय वर्ग से जोड़ा गया था, जो योद्धाओं का वर्ग था। योद्धाओं के पास तलवार, कृपाण, धनुष-बाण, वज्र जैसे शस्त्र होते थे। युद्ध के लिए निकलते समय ऊंचे झंडे अर्थात ध्वज फहराए जाते थे और युद्ध की शुरूआत की घोषणा के लिए ढोल (दुंदुभि) बजाए जाते थे। इसमें महिलाओं की भी प्रमुख भूमिका होती थी। प्राचीन काल में महिलाएं भी युद्ध में सक्रिय रूप से भाग लेती थीं, अपने पतियों का साथ देती थीं और विश्पला जैसी बहादुर महिलाएं कभी-कभी लड़ती भी थीं। सेना का उद्देश्य भूमि और पशुधन की रक्षा करना था और इसमें युद्ध-ध्वज, ढोल और शंख जैसी चीजों का प्रयोग होता था। ऋग्वेद में गुप्तचर का भी उल्लेख है, जिनकी युद्ध में शत्रु सेना से संबंधित जानकारी जुटाने में बड़ी भूमिका हुआ करती थी। योद्धा मंत्रों की शक्ति में विश्वास करते थे तथा अपने अस्त्रों- शस्त्रों के संचालन के साथ उनका भी अनुप्रयोग अवश्य करते थे। अथर्ववेद में छापामार युद्ध अर्थात गुरिल्ला युद्ध के संकेत और जालों का भी उल्लेख है। शत्रुओं को भ्रमित करने और नष्ट करने के लिए जादुई मंत्रों, ताबीज और अश्वत्थ, वधाक जैसे कुछ पौधों के उपयोग का भी वर्णन भी अथर्ववेद में है। अथर्ववेद में कच्चा मांस खाने वाले राक्षसों के रूप में शत्रुओं का उल्लेख है, जो छिपकर हमला करते थे, जिससे गुरिल्ला युद्ध के संकेतों का पता चलता है। वेदों में शान्ति की कामना के साथ-साथ, आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रहित में शत्रु का नाश करने का भी विधान है, जहां शक्ति का प्रदर्शन आवश्यक माना गया है। वैदिक मतानुसार सृष्टि के आदि में अस्तित्व में आये परमेश्वरोक्त ग्रंथ वेद में किसी प्रकार का नाम अथवा मानव इतिहास नहीं है, फिर भी कतिपय इतिहासकारों के अनुसार ऋग्वेद में उपजाऊ भूमि के अतिरिक्त नदी जल पर अधिकार करने की आवश्यकता पूर्ति हेतु दशराज युद्ध (दस राजाओं के युद्ध) जैसे ऐतिहासिक संघर्षों का वर्णन भी मिलता है, जो उस समय की सैन्य व्यवस्था और संघर्षों को दशार्ता है। सृष्टि के आदि ग्रंथ वेद में अंकित इन विवरणियों से स्पष्ट है कि मानव इतिहास के समान ही भारतीय सैन्य परंपरा की इतिहास भी पुरानी है। युद्ध में सफलता प्राप्त करने के लिए विषैले रसायनों के साथ ही कई घातक अस्त्र- शस्त्रों का प्रयोग प्राचीन काल से ही होता आ रहा है। अथर्ववेद, मार्कण्डेय पुराण, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, कामन्दकीय नीतिसार, शुक्रनीति शास्त्र, पंचतंत्र, कौटिल्य अर्थशास्त्र, मनुस्मृति तथा वृहत संहिता आदि ग्रंथों में ऐसे अनेक प्रकार के हथियारों का उल्लेख है, जिनके द्वारा रणक्षेत्र में आग लगाना, घनघोर वर्षा करना, बादलों की गरज, चारों ओर से अंधकार पैदा करना आदि किया जाता था।

वैदिक ग्रंथों में बड़ी संख्या में सेनाओं का वर्णन भी है। द्वापर युगीन वेद व्यास कृत महाभारत में अक्षौहिणी जैसी सेना की बड़ी इकाइयों का उल्लेख मिलता है। प्रत्येक अक्षौहिणी सेना में पैदल, घुडसवार, हाथी, रथ आदि की संख्या निश्चित होती थी। रामायण, महाभारत आदि ग्रंथ में चतुरंगिणी सेना का आरंभिक तथा विकसित रूप देखने को मिलता है। मौर्य काल में भी इसका चलन था। गुप्तकाल तक आते-आते राज्य की संगठित सेना का स्थान सामंती सेना ने ले लिया। लेकिन सेना का संगठन प्रायः मौर्यकाल की भांति ही बना रहा। केवल पदों के नामों में परिवर्तन आया। रथ सेना गुप्तकाल में भी सेना का एक महत्त्वपूर्ण अंग थी। अश्व सेना भी युद्ध में महत्त्वपूर्ण योगदान देती थी। हस्ति सेना का प्रयोग भी गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल में होता था। ह्वेनसांग ने भी इसका उल्लेख किया है। प्राचीन भारत में युद्ध कला, सैन्य व्यवस्था की महता का पता इस बात से चलता है कि उस समय भी भारत में राज्य एवं ज्ञान के एक आवश्यक अंग के रूप में युद्ध कला, सैन्य विज्ञान का अध्ययन-अध्यापन किया जाता था, ताकि आवश्यकता पड़ने पर सभी युद्ध के मैदान में शत्रु दमन हेतु शस्त्र लेकर कूद पड़ें। परंतु मौर्यकाल के बाद धीरे-धीरे नागरिकों के युद्ध में भाग लेने की यह परंपरा लुप्त हो गई और राज्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूर्णरूपेण सैनिकों पर अवलंबित हो गई। सामान्य नागरिक युद्ध को मूकदर्शक की भांति टुकर- टुकुर देखते रहे और उनके लिए रक्षा विज्ञान, सैन्य कला मात्र कौतूहल का विषय बन कर रह गई। परिणामस्वरूप भारत सदियों तक विधर्मी आक्रमणकारियों एवं विदेशियों का पराधीन बना रहा। सल्तनत काल की इक्तेदारी प्रथा पर संगठित सेना, और मुगलों के शासनकाल की मनसबदारी सेना उनकी अपनी सैन्य व्यवस्था थी, जिसे वे अपने सहूलियत से चलाया करते थे। व्यापार के नाम पर भारत आई ईस्ट इण्डिया कंपनी के आरंभिक दिनों में ही उनकी सेना अस्तित्व में आ गई थी, जो भारत की खैबर दर्रे से कन्याकुमारी तक सुरक्षा करती थी। कालांतर में व्यापारिक कंपनी ईस्ट इंडिया कंपनी भारतीय शासकों की कमजोरी का लाभ उठाकर यहां की शासक बन बैठी। 1693 ईस्वी में कंपनी की सेना में प्रथम बार अंग्रेजों के अतिरिक्त देशी सैनिकों की भर्ती की गई। और फिर ब्रिटिश सेना में शामिल देशी-विदेशी दोनों ही सैनिकों ने स्वाधीनता संग्राम के सेनानियों पर जुल्म ढाना आरंभ कर दिया। कालांतर में भारतीय थल सेना की स्थापना 1 अप्रैल 1895 को अंग्रेजों द्वारा की गई, जो ईस्ट इंडिया कंपनी की सेनाओं से विकसित हुई थी और ब्रिटिश भारतीय सेना के रूप में जानी जाती थी। 1947 ईस्वी में भारत विभाजन के पश्चात 15 जनवरी 1949 को एक भारतीय नागरिक फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा के हाथों में सेना की सत्ता का हस्तांतरण किया गया और फिर के. एम. करियप्पा स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय थल सेना प्रमुख बने। इसलिए भारतीय सेना की सत्ता के भारतीय नागरिक के हाथों में हस्तांतरण दिवस को देश में थल सेना दिवस के रूप में चिह्नित किया जाता है। और ब्रिटिश राज के तत्कालीन भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर के हाथों यह पदभार लेकर लेफ्टिनेंट जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) के. एम. करियप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 15 जनवरी को थल सेना दिवस मनाया जाता है, जो देश की रक्षा में सैनिकों के बलिदान और भारतीय सेना के भारतीयकरण का प्रतीक है। तब से प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय थल सेना की वीरता, अदम्य साहस और शौर्य की गाथाओं के स्मरण, नमन और उत्साहवर्द्धन हेतु जगह-जगह तत्संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। दिल्ली में सेना मुख्यालय के साथ-साथ देश के कोने-कोने में शक्ति प्रदर्शन के साथ-साथ भारतीय सेना की मुख्य उपलब्धियों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। तथा देश के वीर सैनिकों को नमन, उनकी वीर गाथाओं को स्मरण और देश की सुरक्षा, संरक्षा के लिए उनका उत्साहवर्द्धन किया जाता है।

### ।। अचानक ।।
### (कविता)

*धूआंधार बारिश में...*
*तुम्हारा यूं अचानक से सामने आ जाना...*
*तुम्हारे प्रभाव से मेरा मोहीत हो जाना...*
*हवा ने भी कोई संकेत नहीं दिया तुम्हारे आने का...*
*बारिश की बूंदें भी तुम्हारा स्पर्श का संकेत ना दे सकी...*
*अचानक यूं तुम्हारे सामने आ जाने से...*
*मेरा मन रोमांचित हो उठा...*
*भास तुम्हारा होने से पहले...*
*आभास में मेरा तुम में खो जाना...*
*तुम्हारा यूं अचानक आ जाने से...*
*दिल का आपे से बाहर निकल जाना...*
*मानों धूआंधार बारिश में...*
*हवा से छाता का उड़ जाना...*
*और...*
*मेरा होश में आ जाना... !*

---

***अच्युत उमर्जी***
***पुणे महाराष्ट्र***

### क्या कहते हो कुछ लिख दूँ मैं

ललित-कलित कविताएं।
चाहो तो चित्रित कर दूँ
जीवन की करुण कथाएं॥

सूना कवि-हृदय पड़ा है,
इसमें साहित्य नहीं है।
इस लुटे हुए जीवन में,
अब तो लालित्य नहीं है॥

मेरे प्राणों का सौदा,
करती अंतर की ज्वाला।
बेसुध-सी करती जाती,
क्षण-क्षण वियोग की हाला॥

नीरस-सा होता जाता,
जाने क्यों मेरा जीवन।
भूली-भूली सी फिरती,
लेकर यह खोया-सा मन॥

कैसे जीवन की प्याली टूटी,
मधु रहा न बाकी?
कैसे छुट गया अचानक
मेरा मतवाला साकी??

सुध में मेरे आते ही
मेरा छिप गया सुनहला सपना।
खो गया कहाँ पर जाने?
जीवन का वैभव अपना॥

क्यों कहते हो लिखने को,
पढ़ लो आँखों में सहृदय।
मेरी सब मौन व्यथाएं,
मेरी पीड़ा का परिचय॥

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता अनुदान योजना लागू

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 13 जनवरी 2026। गौतमबुद्धनगर में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन के लिए शासन ने नई पहल की है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इसके तहत स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा, ताकि वे दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न परियोजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन कर सकें।

### योजना के अंतर्गत प्रमुख परियोजनाएँ

इस योजना के तहत कुल 7 परियोजनाओं और कार्यक्रमों को अनुदान के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जिनमें शामिल हैं:
अर्ली इंटरवेंशन सेंटर का संचालन
डे-केयर सेंटर या प्री-प्राइमरी स्कूल का संचालन
प्राइमरी स्कूल स्तर के विशेष विद्यालय का संचालन
जूनियर हाईस्कूल स्तर के विशेष विद्यालय का संचालन
हाईस्कूल स्तर तक विशेष विद्यालय का संचालन
कौशल विकास कार्यक्रम - न्यूनतम 2 ट्रेड, अधिकतम 4 ट्रेड
पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन

### स्वैच्छिक संस्थाओं से अपील

आशीष कुमार सिंह ने जिले में कार्यरत इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाओं से अपील की है कि वे अपने अनुदान प्रस्ताव तैयार करके कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, गौतमबुद्धनगर में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास और पुनर्वासन को सुनिश्चित करना है, ताकि वे समाज में पूरी तरह सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर विकास भवन में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 13 जनवरी 2026। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी के नेतृत्व में आज विकास भवन प्रांगण में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन भारतीय पर्व-परंपराओं को संरक्षित करने और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।



### कार्यक्रम का दृश्य और सहभागिता

कार्यक्रम में विकास भवन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ विभिन्न विभागों से आए आगंतुकों ने भी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला और सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

### प्रमुख अतिथि और संदेश

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला बताया।
लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित इस खिचड़ी वितरण कार्यक्रम के माध्यम से विकास भवन परिवार ने सेवा, सहयोग और भाईचारे का संदेश दिया। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# इलाहाबाद हाई कोर्ट की विशेष पहल: अब आपका निर्णय आपकी भाषा में

गौतमबुद्धनगर, 13 जनवरी 2026। माननीय उच्चतम न्यायालय एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय की विशेष पहल के तहत अब भारत के नागरिक अपना निर्णय अपनी भाषा में पढ़ सकते हैं। इसके लिए "सुवास प्रकोष्ठ" (Supreme Court विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर) विकसित किया गया है, जो उच्चतम न्यायालय और इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्णयों को हिन्दी भाषा में उपलब्ध कराता है।



### जागरूकता शिविर का आयोजन

इस पहल के प्रचार-प्रसार के लिए दीवानी न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
इसमें उपस्थित थेः

श्री चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर
श्री अतुल श्रीवास्तव, माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर

**श्री सौरभ द्विवेदी, अपर जिला जज**
श्री मयंक त्रिपाठी, नोडल अधिकारी / अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयं सेवक, मध्यस्थगण एवं छअऊऋ में नामित अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### उद्देश्य और जानकारी

शिविर के माध्यम से उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई कि अब सर्वसाधारण अपने निर्णयों को सीधे हिन्दी में पढ़ सकते हैं। इसके लिए निम्नलिखित वेबसाइटें उपलब्ध कराई गई हैं:

https://www2.allahabadhighcourt.in/ahcr
2- https://elegalix.allahabadhigh-court.in/elegalix/translation/vernacular2.html

इसके अतिरिक्त, शिविर में यह भी अवगत कराया गया कि जनपद बार एसोसिएशन, जिला प्रशासन, स्थानीय प्राधिकरण, विधिविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के माध्यम से इस सुविधा का अधिक से अधिक प्रचार किया जाएगा।
इस पहल का उद्देश्य विधिक जागरूकता फैलाना और न्याय तक पहुँच को सरल बनाना है। अब आम नागरिक अपने न्यायिक निर्णयों को अपनी भाषा में आसानी से समझ सकेंगे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# मकर संक्रांति पर दान करने से होते हैं भगवान सूर्य देव खुश: सुशील श्रीवास्तव

**समाज जागरण**

लोनी, 13 जनवरीः मंगलवार को मकर सक्रांति पावन पर्व के शुभ अवसर पर लोनी क्षेत्र में पंडित विनय कुमार शास्त्री ने बताया कि शास्त्रोंनुसार दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि अर्थात नकारात्मकता का प्रतीक तथा उत्तरायण को देवताओं का दिन अर्थात सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। इसीलिए इस दिन जप, तप, दान, स्नान, श्राद्ध व तर्पण आदि धार्मिक क्रियाकलापों का विशेष महत्व है। ऐसी धारणा है कि इस अवसर पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर पुनः प्राप्त होता है। इस दिन खिचड़ी एवं कम्बल का दान मोक्ष की प्राप्ति करवाता है। साथ ही इस दिन गंगास्नान एवं गंगातट पर किए गए दान को भी अत्यन्त शुभ माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है।

सामान्यतः सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त फलदायक है। यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया छः-छः माह के अन्तराल पर होती है। भारत देश उत्तरी गोलार्ध में स्थित है, मकर संक्रान्ति से पहले सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में होता है यानी कि भारत से अपेक्षाकृत अधिक दूर होता है। इसी कारण यहाँ पर रातें बड़ी एवं दिन छोटे होते हैं तथा सर्दी का मौसम होता है।
किन्तु मकर संक्रान्ति से सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध की ओर आना शुरू हो जाता है। अतएव इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा गरमी का मौसम शुरू हो जाता हैं। दी बड़ा होने से प्रकाश अधिक होगा तथा रात्रि छोटी होने से अन्धकार कम होगा। अतः मकर संक्रान्ति पर सूर्य की राशि में हुए

# लोनी की गुलाब वाटिका कॉलोनी में बंदर का आतंक, कई बच्चे घायल



लोनी, 13 जनवरी 2026। वार्ड 33 में स्थित गुलाब वाटिका कॉलोनी में मंगलवार को एक बंदर का आतंक देखने को मिला। कॉलोनी के लोगों के अनुसार, बंदर ने कई बच्चों को घायल कर दिया, जिससे कॉलोनी में भय और हड़कंप मच गया।

### बंदर की घटना और भय का माहौल

जानकारी के अनुसार, बंदर कॉलोनी की गली नंबर 16 में रहने वाले किसी व्यक्ति का था। उसे बाहर छोड़ दिए जाने के बाद उसने कॉलोनी के बच्चों पर हमला किया, जिससे बच्चों को चोटें आईं और इलाके में भय का माहौल फैल गया।

### कर्मचारियों और नागरिकों की सक्रियता

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे संबंधित कर्मचारी और नागरिकों ने मिलकर बंदर पर काबू पाया, जिससे कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली।

### चेतावनी और सुरक्षा

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के घटनाओं से बच्चों और नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि कॉलोनी में जंगली जानवरों पर निगरानी बढ़ाई जाए और बच्चों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# लोनी में साप्ताहिक बाजार बना आमजन के लिए बड़ी परेशानी, यातायात और सुरक्षा प्रभावित

**समाज जागरण**

लोनी, 13 जनवरी 2026। नगरपालिका क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक बाजार अब आम जनता के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। सप्ताह के विभिन्न दिनों में लगने वाले इन बाजारों के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा रही है, वहीं नागरिकों को अपनी रोजमर्रा की खरीदारी करने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### दिल्ली–सहारनपुर मार्ग पर जाम और भीड़

बाजार के दौरान दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालक जाम में फंस जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं।



### अव्यवस्था और पैदल चलने में परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार के दौरान सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से रेहड़ीझपटरी लग जाती हैं। अधिकांश दुकानदार अपनी रेहड़ियों को आड़ीझतिरछी खड़ी कर देते हैं, जिससे बाजार के भीतर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। भीड़ और अव्यवस्था के कारण खरीदारी करने वाले लोग धक्का-मुक्की का सामना करते हैं, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों को खास परेशानी झेलनी पड़ती है।

### दुर्घटना की आशंका और एंबुलेंस की दिक्कत

बाजार के लिए कोई निश्चित स्थान या व्यवस्थित लेआउट न होने के कारण सड़कें बाजार में तब्दील हो जाती हैं। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। कई बार एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।

### नागरिकों की मांग

स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है किः
साप्ताहिक बाजारों के लिए अलग स्थान चिन्हित किया जाए।
रेहड़ी-पटरी वालों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा किया जाए।
यातायात पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा नियमित निगरानी की जाए।
यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में लोनी के साप्ताहिक बाजार आम लोगों की सुविधा के बजाय परेशानी का बड़ा कारण बन सकते हैं।

# लोनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 5 किलो गांजा बरामद, जुआ खेलते चार गिरफ्तार

लोनी, 13 जनवरी 2026। मंगलवार को एसीपी लोनी के नेतृत्व में लोनी पुलिस ने प्रेम नगर, रूप नगर और मुस्तफाबाद कॉलोनी में छापेमारी कर नशे के अवैध कारोबार और जुए के खेल में शामिल लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।

**छापेमारी और बरामदगी**

छापेमारी के दौरान लगभग 5 किलो गांजा बरामद किया गया।
मौके पर दो गांजा तस्कर गिरफ्तार किए गए।
प्रेम नगर और रूप नगर कॉलोनी में पुलिस ने जुआ खेलते हुए चार लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 80 हजार रुपये नकद भी बरामद किए गए।
सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेजा गया।

### बढ़ता नशे का कारोबार और स्थानीय चिंता

हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी लोनी क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है किः
*लोनी में मादक पदार्थों का कारोबार लगातार फैल रहा है।*

*थाना पुलिस इस अवैध धंधे पर अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई दे रही है।*
*कई सवाल खड़े होते हैं कि क्या अवैध कारोबार पुलिस संरक्षण में फल-फूल रहा था?*
पुलिस की कार्यशैली पर उठते सवाल
पुलिस की ढिलाई और अवैध कारोबारियों के बीच कथित सांठगांठ के पीछे सच्चाई क्या है?
अधिकारियों को स्वयं मैदान में उतरकर कार्रवाई करनी पड़ी, यह पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाता है।

अब आम जनता की नजर इस पर है कि पुलिस खाकी पर उठने वाले सवालों का क्या जवाब देती है।
यह कार्रवाई पुलिस की सक्रियता दिखाती है, लेकिन लोनी में नशे और जुए के मामलों पर लगाम लगाने के लिए निरंतर निगरानी और कठोर कदम आवश्यक हैं।

# पुलिस आयुक्त के निर्देशन में सेंट्रल नोएडा में पैदल गश्त, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का निरीक्षण

**समाज जागरण**

नोएडा। पुलिस आयुक्त नोएडा के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त (क्षेत्र-3) सेंट्रल नोएडा द्वारा पुलिस बल के साथ थाना सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत बाजारों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु इस प्रकार की पैदल गश्त आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।



# वेतन न मिलने पर दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मी महासंघ और भारतीय मजदूर संघ लेगा न्यायालय की शरण

**समाज जागरण**

लोनी, 13 जनवरीः नगर पालिका सीहोर में कार्यरत समस्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियो के लगभग 11 माह के पुनरीक्षित वेतन भुगतान के संबंध में अनेकों बार आवेदन करने के बावजूद उन्हें वेतन नहीं दिया गया। यह जानकारी मध्य प्रदेश कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मी महासंघ (संबद्ध) भारतीय मजदूर संघ ने दैनिक आज समाज को दी हैं।
संघ ने आगे की जानकारी देते हुए बताया कि वेतन भुगतान समस्या निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किया गया किंतु आज तक सीहोर नगर पालिका कर्मचारियों/दैनिक वेतन भोगियों को पुनरीक्षित वेतनमान के एरियर राशी का भुगतान. जिसे श्रम आयुक्त मध्य प्रदेश शासन इंदौर द्वारा जारी आदेश में लगभग 11 माह बकाया एरियर का भुगतान उल्लेख किया गया है वह नहीं दिया गया हैं। इससे परेशान होकर मध्य प्रदेश कार्यभारित एवं दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी महासंघ (संबद्ध) भारतीय मजदूर संघ इकाई सीहोर द्वारा जिला श्रम पदाधिकारी सीहोर को 21 नवंबर 2025 को लिखित में गुहार लगाई गई की नगर पालिका विभाग द्वारा 11 माह के एरियर की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।
उनका कहा कि कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला सीहोर मध्य प्रदेश के पत्र क्रमांक 2872 दिनांक 17 दिसंबर 2025 को नगर पालिका के मुख्य अधिकारी महोदय को एक पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया गया कि अधीनस्थ कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दरनुसार वेतन का भुगतान किया जाना आपका वैधानिक दायित्व है। अतः कर्मचारियों को उक्त अवधि तक वेतन के अंतर की राशि का भुगतान सुनिश्चित करा, भुगतान की जानकारी का प्रतिवेदन कार्यालय में 15 दिवस में प्रेषित करने का कष्ट करें। वेतन के अंतर की राशि का भुगतान नहीं करने की दशा में 10 गुना मुआवजा राशि सहित दवा प्रकरण सक्षम न्यायालय में दायर किए जाने संबंधी कार्रवाई की जायेगी. किंतु इसके पश्चात भी नगर पालिका दैनिक वेतन भोगियों को पुनरीक्षित वेतनमान का 11 माह के एरियर राशी का भुगतान करने में असफल रही है।
संघ ने चेतावनी दी है कि निकाय द्वारा शीघ्र ही भुगतान नहीं किया गया तो वह पुनःजिला श्रम पदाधिकारी को अपना आवेदन प्रस्तुत कर न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होगा।

# लोहड़ी के महापर्व पर पंजाबी समाज वेलफेयर सोसाइटी ने मचाया धमाल




नोएडा, 13 जनवरी 2026। नोएडा में पंजाबी समाज वेलफेयर सोसायटी (रजि.) द्वारा आज सेक्टर 45 स्थित सामुदायिक भवन में लोहड़ी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोएडा के 250 से अधिक पंजाबी परिवारों ने पवित्र अग्नि में आहुति डालकर पर्व की खुशियाँ मनाईं।

### समारोह की शुरूआत और प्रमुख संदेश

समारोह की शुरूआत करते हुए सोसायटी के महासचिव अरुण भाटिया ने कहा कि एक वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से शुरू हुई यात्रा आज एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में विकसित हो चुकी है, जिसमें अब सौ से अधिक परिवार जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा, "पंजाबियत को जिंदा रखने के लिए पंजाबी परिवारों को एक सूत्र में पिरोना होगा।"

सोसायटी के प्रधान राजीव कुमार ने नए जुड़े सदस्यों का मंच पर सम्मान किया और सीजीएसटी कमिश्नर तपन कुमार का स्वागत किया, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

### सामाजिक संदेश और जागरूकता

फोनरवा के प्रधान योगेन्द्र शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाबी समुदाय अपनी संस्कृति और सामाजिक परंपराओं को निभा रहा है और अपनी सांस्कृतिक धरोहर आने वाली पीढ़ी को सौंप रहा है। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर भी समाज को जागरूक किया।
डॉ. मन्नत सिंह ने बच्चों के बिगड़ते मनोविकार पर चर्चा करते हुए माता-पिता को सुझाव दिया कि वे इस समस्या का समाधान बच्चों के साथ मिलकर खोज सकते हैं।

### संगीत और मनोरंजन

समारोह में पंजाबी गायक दिवाकर भाटिया ने पंजाबी गानों और लोकगीतों से समां बांध दिया, जबकि समाज के सम्मानित सदस्य संजीव अरोड़ा ने किशोर कुमार के गीतों में स्वर देकर माहौल को रोमांचित किया। सोसायटी के संरक्षक डॉ. डी.डी. अरोड़ा ने भी एक गीत गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

### प्रमुख उपस्थित सदस्य

सोसायटी के संरक्षक डॉ. डी.डी. अरोड़ा, एस.एस. घई, बीएल ग्रोवर, वरिष्ठ उपप्रधान विजय बावेजा, उपप्रधान योगेश मलिक, कन्वीनर मोटी कक्कड़, कोषाध्यक्ष अविनाश सबरवाल, डॉ. मन्जीत, आलोक गोस्वामी, नीलम बावेजा, राजेश ग्रोवर, नरेश महत्ता, संजीव मलिक, सतपाल खत्री, निर्मल सिंह संधु, हरदीप सिंह कोचर, मनमोहन पासी, रिचा मल्होत्रा, डॉ. गगनदीप आहुजा, राकेश चन्द्र आस्था सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

इसके अलावा हिंदू युवा वाहिनी के प्रधान टी.सी. गौड़, महासचिव राजीव अग्रवाल और भूषण शर्मा ने भी समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर पंजाबी समाज वेलफेयर सोसायटी ने संस्कार, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम ने सभी उपस्थितों को एकजुटता, सेवा और भाईचारे की भावना का अनुभव कराया।

# सेक्टर-22 नोएडा में इंटरनेट तारों का जाल बना खतरा, विद्युत विभाग सख्त

## अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार के निर्देश—तुरंत हटें लटकते तार, कंपनियों को अल्टीमेटम

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 13 जनवरी 2026। नोएडा के सेक्टर-22 (चौड़ा क्षेत्र) में विद्युत पोलों पर फैले इंटरनेट तारों के बेतरतीब जाल को लेकर विद्युत विभाग ने कड़ा रुख अपना लिया है। क्षेत्र की सुरक्षा और सुव्यवस्था से खिलवाड़ करने वाली इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों पर अब कार्रवाई की तलवार लटक गई है।

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) विवेक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि पोलों पर लटकते और आपस में उलझे तार विभिन्न इंटरनेट कंपनियों द्वारा बिना उचित व्यवस्था के लगाए गए हैं, जिससे हादसों की आशंका लगातार बनी हुई है।

### सुरक्षा, सौंदर्य और यातायात—तीनों पर खतरा

*उन्होंने कहा कि इन बेतरतीब तारों से*
आम नागरिकों की जान को खतरा, क्षेत्र की सौंदर्य व्यवस्था प्रभावित, और यातायात बाधित हो रहा है।
इन्हीं गंभीर पहलुओं को देखते हुए विभाग ने संबंधित इंटरनेट कंपनियों से संपर्क कर उन्हें तत्काल सुधार कार्य करने का अल्टीमेटम दिया है।

### तय समय में सुधार नहीं तो सख्त कार्रवाई तय

अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार ने दो टूक कहा कि "निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी अनावश्यक, लटकते और अव्यवस्थित तार हटाए जाएंगे। नियमों का पालन न करने वाली कंपनियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।"
उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुधार कार्य पूरा होने तक विभाग की ओर से निरंतर निगरानी रखी जाएगी।

### सुरक्षित और आधुनिक शहर बनाना लक्ष्य

विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया कि उस्का उद्देश्य केवल विद्युत आपूर्ति ही नहीं, बल्कि नोएडा की आधारभूत संरचना को सुरक्षित, सुचारु और आधुनिक बनाना है। विकास कार्यों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जनता को बड़ी राहत की उम्मीद

इस कार्रवाई से सेक्टर-22 के निवासियों में राहत की उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से पोलों पर फैले तार दुर्घटना को न्योता दे रहे थे, लेकिन अब विभाग की सख्ती से स्थिति सुधरने की संभावना है।

# सदरपुर और सेक्टर 45 कॉलोनी में सीवर लाइन की समस्या से ग्रामीण परेशान

**समाज जागरण**

नोएडा, 13 जनवरी 2026। सदरपुर गांव और सेक्टर 45 कॉलोनी के निवासी आईपीएस 4 सीवर लाइन की खराब स्थिति से काफी परेशान हैं। नोएडा प्राधिकरण द्वारा करोड़ों की लागत से बनाई गई यह सीवर लाइन आए दिन खराब रहती है या बंद रहती है, जिससे गांव और कॉलोनी में सीवर का पानी घरों और गलियों में भर जाता है।



ग्रामीणों का कहना है कि इस वजह से गंदगी और बदबू फैलती है, बच्चे और निवासी बीमार रहने लगे हैं। खजुर कॉलोनी और सेक्टर 45 के आसपास के इलाकों में भी ओवरफ्लो का सिलसिला लगातार जारी है।
स्थानीय लोगों ने कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से अपील की है कि वे इस मामले का तत्काल संज्ञान लें और एक उच्च स्तरीय कम्युनिटी बैठक बुलाकर समस्या का समाधान करें।
साथ ही निवेदकों ने कहा कि जो अधिकारी लापरवाही और सुस्ती दिखा रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर खतरा बना रहेगा।

# हनुमान प्रतिमा की एक कुत्ते द्वारा परिक्रमा करने से ग्रामीण चमत्कार मान रहे मंदिर पर श्रद्धालू उमड़े

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना। बढ़ापुर मार्ग स्थित ग्राम नंदपुर सड़क से कुछ ही दूरी पर वर्षों पुराना सिद्ध पीठ हनुमान भगवान जी का मंदिर है जिसमें भगवान हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा लगी है ग्रामीण हनुमान प्रतिमा पर सुबह शाम विशेष कर मंगलवार के दिन पूजा अर्चना के लिए आते हैं। पिछले तीन दिनों से एक कुत्ता भगवान हनुमान प्रतिमा पर लगातार परिक्रमा कर रहा है। पहले तो यह हृश्य देखकर ग्रामीण कुछ समझ नहीं पाय लेकिन लगातार तीन दिनों से परिक्रमा को देखते ग्रामीण अद्भुत चमत्कार मान रहे हैं और आस्था के प्रति लोगों को बता रहे हैं कि भगवान हनुमान जी के सिद्ध पीठ इस मंदिर पर यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि एक कुत्ता हनुमान प्रतिमा की परिक्रमा कर रहा है परिक्रमा। इस अद्भुत को सुनकर आसपास ग्रामों के हजारों श्रद्धालूगढ़ चमत्कार और हनुमान जी एवं कुत्ते द्वारा की जा रही परिक्रमा को देखने पहुंच रहे हैं इस मंदिर पर आस्थावान श्रद्धालुओं का भारी हजूमा लगा हुआ है और जो भी सुन रहा है वह भगवान हनुमान मंदिर पर यह अद्भुत चमत्कार देखने पहुंच रहा है। थाना प्रभारी अवनीश मान पुलिस टीम के साथ एवं भाजपा क्षेत्र मंत्री अनूप बाल्मीकि दलबल के साथ व अन्य राजनीतिक दलों के छोटे बड़े कार्यकर्ता इस अद्भुत चमत्कार को देखने नंदपुर हनुमान मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने अपनी आंखों से यह अद्भुत नजारा निहारा। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने मीडिया कर्मियों को बताया कि ग्राम नंदपुर में भगवान हनुमान मंदिर पर लगी प्रतिमा पर एक कुत्ते द्वारा परिक्रमा करना यह अपने आप में चमत्कार है क्योंकि हनुमान जी का यह प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर सदियों पुराना है उन्होंने कहा कि हम कुत्ते को भैरवनाथ के रूप में मानते हैं यह भी सनातन के लिए आस्था वान है, जिसे झूठ लाया नहीं जा सकता। उधर थाना प्रभारी अवनीश मान ने इस चमत्कारी हृष्य को देख कोई शरारती कोई गड़बड़ी न बैठे इसलिए वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात कर दी है।

# कीटनाशक वितरक छापामार कार्यवाही में दुकान बंद करने व अपूर्ण अभिलेख मिलने पर 11 प्रतिष्ठानों को किया नोटिस जारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर। शासन के निदेर्शानुसार उच्च गुणवत्ता युक्त कीटनाशी रसायनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कीटनाशी विक्रेताओं का व्यापक निरीक्षण एक छापामारिक कार्यवाही की गई।

मंगलवार को कीटनाशक छापामार कार्यवाही में उप कृषि निदेशक बिजनौर धनश्याम वर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी बिजनौर जसवीर सिंह तेवतिया व वरिष्ठ प्राधिक सहायक ग्रुप ए कृषि रक्षा के द्वारा की गई। जिसमे वर्धमान ट्रेडर्स नेहटोर, बद्री कृपा खाद भंडार अफजलगढ़ का लाइसेंस अनियमितताओं के कारण निरस्त किया गया। एग्री क्लीनिक बीज भंडार धामपुर, किसान बीज भंडार धामपुर, राणा एग्री जंक्शन नगीना, टिया बीज भंडार नगीना, भारतीय किसान सेवा केंद्र व बीज भंडार नगीना, श्री मोहन पेस्टिसाइड नगीना,को कारण बताओं नोटिस दिया गया एवम गोयल ट्रेडर्स बिजनौर, भारत एग्रीकल्चर स्टोर नूरपुर, कृष्ण खाद बीज भंडार बेअंतपुरा निरीक्षण के दौरान अभिलेख अपूर्ण पाये गए। छापामारी कार्रवाई में कीटनाशकों के 16 नमूने भी ग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेज दिए गए।

# पुलिस ने दो युवकों को तमंचों समेत किया गिरफ्तार

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। दो युवकों के हाथों में अवैध शस्त्र (तमंचे) लिए का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से नगीना पुलिस प्रशासन हरकत में आ



गया इनके संबंध में मुकदमा देख कर तलाश जारी कर दी थी जबसे दोनों फरार चल रहे थे। नगीना पुलिस दोनों की तलाश में जुट गई थी जैसे ही पुलिस को दोनों की हुए दोनों युवकों को तमंचों समेत गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम हुरांगला निवासी रोबिन कुमार व अश्वनी कुमार दोनों युवक जो अपने हाथों में अवैध रूप से (शस्त्र)तमंचा लिए हुए हैं, जिनका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नगीना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तमंचों समेत गिरफ्तार कर लिया है पुलिस अब युवकों से पूछताछ करने में लगी है कि क्या यह दोनों युवक स्कूल के छात्र है या नहीं? यदि छात्र भी है तो उनके हाथों में अवैध तमंचा कहां से आया और क्या उनकी मंशा रही है। कही यह दोनों युवक हाथों में तमंचा लेकर अपने आपको दबंग बनने के लिए सुर्खिया बटोरना चाहते हैं या फिर वास्तव में ही अपराध की दुनिया में कदम रखना चाहते हैं। बरहाल दोनों यूवको के हाथों में अवैध तमंचे होने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस हरकत में आ गई है और दोनों की दबोच लिया है थाना प्रभारी अवनीत मान का कहना है कि इस मामले में जांच की जा रही और युवकों पर शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# थाना अफजलगढ़ में न्यायालय के आदेश पर भारी मात्रा में मुकदमाती माल का नष्टीकरण

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना अफजलगढ़ पर मंगलवार को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मुकदमाती माल का नियमानुसार नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगीना महोदय द्वारा 28 अगस्त 2025 को पारित आदेश के क्रम में संपन्न हुई। प्राप्त विवरण के अनुसार धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 121 माल, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 59 माल तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 37 माल, जो माननीय न्यायालय द्वारा निर्णित किए जा चुके थे, का विधिवत नष्टीकरण किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा उक्त प्रक्रिया को पूर्ण कराने हेतु उपजिलाधिकारी धामपुर महोदया को नियुक्त किया गया था। उनके निदेर्शानुसार नायब तहसीलदार कपिल कुमार की देखरेख में थानाध्यक्ष अफजलगढ़ रामप्रताप सिंह,उपनिरीक्षक कमरूल हसन, हेड मोहर्रिर जगन्नाथ सिंह, शेरकोट लेखपाल छत्रपाल सिंह तथा क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिक अनिल नारायण सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समस्त मुकदमाती माल को नियमानुसार नष्ट किया गया। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पूरी कार्रवाई पारदर्शिता, सुरक्षा मानकों एवं विधिक प्रक्रिया के अनुरूप की गई। इस नष्टीकरण से थाना क्षेत्र में लंबित मुकदमों के निस्तारण की प्रक्रिया को गति मिली है तथा अवैध शस्त्रों व अवैध मदिरा से जुड़े मामलों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

# पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**




जनपद बिजनौर अफजलगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर पुलिस द्वारा कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस ने दो लोगों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एसपी अभिषेक झा के आदेश पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से बिक रही कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने दो टीमों का गठन किया जिसमें कांस्टेबल आकाश कुमार, कांस्टेबल कृष्ण राणा व कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार ने नवाबपुरा तुरतपुर मार्ग के नजदीक बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर खदरी निवासी बन्टा सिंह उर्फ बन्टी पुत्र करनैल सिंह को अवैध रूप से 20 लीटर कच्ची शराब बेचने के दौरान पकड़ लिया। जबकि गांव तुरतपुर मार्ग के नजदीक बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर खदरी निवासी बलजिन्दर उर्फ बिन्दर पुत्र करनैल सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 40 लीटर कच्ची शराब बरामद कर जांच शुरू कर दी। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में कांस्टेबल आकाश कुमार यादव, कांस्टेबल कृष्ण राणा, कांस्टेबल नितिन कुमार तथा कांस्टेबल मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़, दुर्घटना का रूप देकर हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण ग्रेटर नोएडा।**

थाना बीटा-2, थाना इकोटेक-1 एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम और दुर्घटना का रूप देकर हत्या करने वाले आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें आरोपी गोली लगने से घायल हो गया। घायल अवस्था में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।



पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान आरोपी द्वारा फायरिंग की गई, जिस पर पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मौके से दबोच लिया गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, मृतका का मोबाइल फोन तथा एक अवैध शस्त्र बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने हत्या की घटना को दुर्घटना का रूप देने की बात स्वीकार की है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है तथा उससे पूछताछ के आधार पर अन्य घटनाओं के खुलासे की भी संभावना है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

**बाइट — अपर पुलिस उपायुक्त, ग्रेटर नोएडा**

पुलिस टीम द्वारा की गई सटीक और साहसिक कार्रवाई में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से हत्या से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद हुए हैं। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# जींस के गोदाम में लगी भीषण आग, बुझाने के प्रयास में करंट की चपेट में आया व्यापारी, 10 लाख का नुकसान

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नहटौर के गांव पपसरा में अब्दुल मन्नान के गोदामनुमा कमरे में रविवार देर रात आग लग गई। वहां रखा जींस व लहंगों का तैयार व कच्चा माल, घरेलू सामान और अन्य उपयोगी वस्तुएं जलकर राख हो गईं। पीड़ित के अनुसार आग से उसे करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

अब्दुल मन्नान पुत्र इकबाल अंसारी ने बताया कि वह बाहर से कच्चा माल मंगाकर गांव में घर-घर जींस पैंट सिलवाने तथा लहंगों पर नग आदि लगवाने का कार्य करता है। तैयार और कच्चा माल वह अपने गोदामनुमा कमरे में रखता है। रविवार रात करीब साढ़े दस बजे वह कमरा बंद कर अपने घर में सोने चला गया था। देर रात किसी समय बैठक में आग लग गई, जिसकी भनक किसी को नहीं लगी।

करीब साढ़े तीन बजे सामान गिरने की आहट सुनकर उसकी नींद खुली। बाहर निकलकर देखा तो कमरे से आग की लपटें उठ रही थीं। परिजनों व ग्रामीण की मदद से पानी डालकर और अन्य साधनों से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक करीब 100 लहंगे, 350 जींस का तैयार व कच्चा माल, दो बाइकें, सिलाई मशीन, फ्रिज, सोफा, कूलर समेत फर्नीचर आदि पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है।

सूचना मिलने पर लेखपाल परवेज आलम मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। लेखपाल ने बताया कि नुकसान का आकलन कर लिया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को किया गया नमन

## सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली में प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**




सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल, सागापाली के प्रांगण में 12 जनवरी – राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महान दार्शनिक, विचारक एवं युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के विचारों से परिचित कराना तथा उनमें आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रिंसिपल अक्षय उपाध्याय द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात कक्षा 7 की छात्रा आयुषी जायसवाल ने अंग्रेजी भाषा में तथा विजय लक्ष्मी सिंह ने हिंदी भाषा में स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और उनके द्वारा दिए गए प्रेरणादायी संदेशों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने सराहा।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रिंसिपल अक्षय उपाध्याय ने स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं, उनकी ओजस्वी वाणी तथा वर्तमान भारत के युवाओं के संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके विचार आज भी राष्ट्रनिर्माण में मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने और समाज एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे, जिनमें विश्वजीत स्वाइन, सुमैया जमाल, प्रशांत चौबे, सुप्रिया सिंह, प्रवीण तिवारी, शिफा तनवीर , आकाश गुप्ता, किरण यादव, लक्ष्मी यादव, प्रतिभा ठाकुर, श्रीकांत यादव, स्वामी नाथ ठाकुर, रूपाली सिंह, अंजली गुप्ता, अमृतेश पाण्डेय, वंदना सिंह, विद्या सिंह, आकांक्षा पांडे, गीता कुमारी, रितु सिंह, प्रियंका गुप्ता, प्रतिमा एवं श्रेयांशु शर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ किया गया। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुमन सिंह जी ने भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायी आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# शिक्षा चरित्र निर्माण, सर्वांगीण विकास, स्वतंत्र सोच का सशक्त पथ- हर्ष राय

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**बिकास राय**
**ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**





डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर में प्रार्थना सभा के पश्चात वेदांत दर्शन के प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को लक्षित राष्ट्रीय युवा दिवस के महनीय अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ.

श्रद्धांजलि सभा की स्थापना प्रार्थना सभा में असाधारण स्मरण शक्ति, बहुआयामी ज्ञान, तर्कपूर्ण विवेकानंद और वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षा और चरित्र निर्माण पर जोर तथा राष्ट्रवाद और समाज सुधार के लिए अनुपम योगदान देने वाले विख्यात विचारक स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पार्पित कर किया गया.

तत्पश्चात श्रद्धांजलि सभा के समक्ष डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर की नौवीं कक्षा की छात्रा शिवांगी सिंह ने कोरे कागज और कलम के प्रायोगिक प्रदर्शन से शिक्षा के बौद्धिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और नैतिक महत्ता का शब्द निरूपण किया.

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर संकल्पित राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा शक्ति पर आधारित अपने महत्वपूर्ण उद्बोधन में डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर के निदेशक हर्ष राय ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र और समाज की रीढ़ होती है, जो ऊर्जा, नई सोच और बदलाव की क्षमता से परिपूर्ण होती है, और देश के विकास, प्रगति और भविष्य के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है. स्वामी विवेकानंद जी के स्वप्न और संघर्ष के योगदान में शिक्षा और सही मार्गदर्शन के साथ, युवा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सुधार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देकर 'विकसित भारत' का सपना ही हम सबका उद्देश्य है.

श्रद्धांजलि सभा के समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर की प्रधानाचार्या डॉ. प्रेरणा राय ने कहा कि आज के इस डिजिटल और आधुनिक युग में हमें स्वामी विवेकानंद जी के विचारों की और भी अधिक आवश्यकता है. आज राष्ट्रीय युवा दिवस का असली उद्देश्य केवल उन्हें याद करना नहीं, बल्कि उनके पदचिन्हों पर चलना है. हमें अपनी ऊर्जा का उपयोग केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज की कुरीतियों को मिटाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करना चाहिए.

उन्होंने विस्तृत कहा कि 2026 के इस दौर में जहां तकनीक और चुनौतियां दोनों बढ़ रही हैं, हमें स्वामी विवेकानंद जी के 'चरित्र निर्माण' और 'अनुशासन' के संदेश को अपनाना होगा. हमें अपनी बुद्धि को आधुनिक और अपने संस्कारों को भारतीय बनाए रखना होगा.

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता निदेशक हर्ष राय और संचालन छात्रा अतुल्या राय ने की.

# AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता ) और अध्यात्म विषय पर गोष्ठी संपन्न

## AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) मानव समाज के लिए उपयोगी है-अतुल सहगल




गाजियाबाद,मंगलवार 13 जनवरी 2026, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में AI कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अध्यात्म विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कोरोना काल से 756 वाँ वेबीनार था।

वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने वैश्विक समाज के परिपेक्ष में इस विषय की महत्ता को सामने रखा। आजकल Artificial Intelligence (AI) बहुत गरमाया हुआ और चर्चित विषय है। नई टेक्नोलॉजी के रूप में यह बड़ा महत्वपूर्ण बन चुका है।भारत समेत विश्व के विकसित और अग्रणी देश AI में बड़ा निवेश कर रहे हैं।इसी को भविष्य की प्रोद्योगिकी कहा जा रहा है।इसके उपयोग और प्रयोग आश्चर्य चकित कर देने वाले हैं। यदि मनुष्यों के दैनिक सामान्य कार्य -पढ़ने, लिखने,विचारने,विश्लेषण करने और प्रस्तुत करने के कार्य AI से संचालित यँत्र करने लगेंगे तो फिर मनुष्य क्या करेंगे?अध्यात्म का विषय तो मनुष्य के साथ नित्य ही जुड़ा हुआ है। AI का अध्यात्म से क्या सम्बन्ध है? हम किस प्रकार AI के प्रयोग से अपना अध्यात्मिक स्तर ऊँचा कर सकते हैं? इस प्रकार के अनेक प्रश्न उपस्थित हो जाते हैं।इन सबका समाधान आवश्यक है।वक्ता ने इन्हीं बातों को उठाया।उसके बाद वक्ता ने उन क्षेत्रों का उल्लेख किया जहां अक और टेक्नोलॉजी का मिलाप होता है।वक्ता ने बड़े विस्तार से अक के मानव व समाज के आध्यात्मिक विकास के लिए उपयोग की चर्चा की।इससे व्यक्तिगत मार्गदर्शन, धर्मग्रंथों का सटीक विश्लेषण, नैतिकता व दर्शन के तथ्यों का स्पष्टीकरण किया जा सकता है। व्यक्तिविशेष हेतु सही और श्रेष्ठ आध्यात्मिक दिनचर्या बनायी जा सकती है।धार्मिक पुस्तकों का अनुवाद अनेक भाषाओं में किया जा सकता है। इसकी सहायता यज्ञकर्मों के संचालन व प्रबंधन में भी ली जा सकती है। परंतु अक की सीमाएँ (limitations) हैं, जिनको समझना होगा। यह केवल एक जड़वत यँत्र है जो चेतना से शून्य है।अतः यह आध्यात्मिक शिक्षक या गुरु का विकल्प कदापि नहीं हो सकता।इसे धर्मग्रन्थ या धर्मपुस्तक का विकल्प ही समझ लें परन्तु यह आर्ष ग्रंथों के विद्वानों का स्थान नहीं ले सकता।वक्ता ने AI के प्रयोग में जोखिम व नैतिक चिंताओं की बात कही। उल्लेखनीय AI उपकरणों का हवाला देते हुए, AI के उपयोग हेतु अनेक सुझाव प्रस्तुत करते हुए अपना वक्तव्य समाप्त किया '

मुख्य अतिथि डॉ.गजराज सिंह आर्य व अध्यक्ष ओम सपरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का कुशल संचालन परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने किया।प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, उषा सूद, सुधीर बंसल, कमला हंस आदि ने मधुर भजन सुनाए।

# 'गहराई से आभारी हूं': 10 मिनट डिलीवरी मॉडल खत्म होने पर राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार को कहा धन्यवाद

**दैनिक समाज जागरण**



नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता राघव चड्ढा ने क्विक-कॉमर्स कंपनियों द्वारा 10 मिनट डिलीवरी के वादे को समाप्त किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इसे गिग वर्कर्स के अधिकारों और उनकी सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी जीत बताया।

राघव चड्ढा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा–

सत्यमेव जयते। हम सबने मिलकर यह लड़ाई जीती है। 10 मिनट डिलीवरी ब्रांडिंग हटाने के लिए केंद्र सरकार के समय पर, निर्णायक और संवेदनशील हस्तक्षेप के लिए मैं गहराई से आभारी हूं।

उन्होंने कहा कि यह फैसला डिलीवरी राइडर्स और सड़कों पर चलने वाले हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

**गिग वर्कर्स के समर्थन में लगातार मुखर रहे हैं राघव चड्ढा**

राघव चड्ढा लंबे समय से गिग वर्कर्स के लिए उचित वेतन, बेहतर कार्य परिस्थितियों और सामाजिक सुरक्षा की मांग करते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वे Blinkit की यूनिफॉर्म पहनकर खुद एक डिलीवरी राइड करते नजर आए। इतना ही नहीं, उन्होंने नए साल की पूर्व संध्या भी गिग वर्कर्स के साथ बिताई थी, जब देशभर में कई डिलीवरी पार्टनर्स हड़ताल पर थे।

**चड्ढा ने कहा,**

जब 10 मिनट किसी राइडर की टी-शर्ट, जैकेट या बैग पर लिखा होता है और ग्राहक की स्क्रीन पर टाइमर चलता है, तो उस दबाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह दबाव लगातार और जानलेवा होता है।

**कम वेतन और लंबे काम के घंटे का मुद्दा भी उठाया**

राघव चड्ढा ने पहले भी डिलीवरी पार्टनर्स की कम कमाई को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट साझा किया था, जिसमें एक डिलीवरी पार्टनर ने लगभग 15 घंटे में 28 डिलीवरी कर 762.57 कमाए थे।

**उन्होंने लिखा था,**

पिछले कुछ महीनों में मैंने सैकड़ों डिलीवरी पार्टनर्स से बात की है। कई लोग जरूरत से ज्यादा काम कर रहे हैं, कम भुगतान पा रहे हैं और एक अव्यावहारिक वादे को पूरा करने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। हर गिग वर्कर को कहना चाहता हूं–आप अकेले नहीं हैं, हम सब आपके साथ हैं।

**केंद्र सरकार का हस्तक्षेप, कंपनियों को हटाना पड़ा 10 मिनट डिलीवरी का दावा**

समाचार एजेंसी ANI के अनुसार, केंद्र सरकार ने 10 मिनट डिलीवरी को लेकर उठ रही चिंताओं के मद्देनजर क्विक-कॉमर्स कंपनियों को निर्देश दिए। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया और प्रमुख क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के बीच हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया।

सरकार के निर्देश के बाद Blinkit, Zepto, Zomato और Swiggy जैसी कंपनियों को अपने 10 मिनट डिलीवरी मॉडल पर पुनर्विचार करना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक, Blinkit ने पहले ही अपनी ब्रांडिंग से 10 मिनट डिलीवरी का वादा हटा दिया है, जबकि अन्य कंपनियां भी जल्द ऐसा करने वाली हैं।

यह कदम गिग वर्कर्स के हित में एक अहम निर्णय माना जा रहा है, जिससे न सिर्फ उनकी सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि कार्यस्थल पर पड़ने वाला खतरनाक दबाव भी कम होगा।

# अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय व महासचिव पर होगा सीधा मुकाबला

– बार एसोसिएशन चुनाव नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन चार प्रत्याशियों ने वापस लिए नामांकन , 16 जनवरी को होगा मतदान



**समाज जागरण**

कैराना। बार एसोसिएशन कैराना की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु चल रही नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस कर लिए हैं। अब अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय और महासचिव पद पर कांटे की टक्कर होगी। 16 जनवरी को मतदान होना है। गुरुवार व शुक्रवार को बार भवन में बार एसोसिएशन कैराना के चुनाव के लिए एल्डर कमेटी के सत्यवीर सिंह शर्मा, ब्रह्मपाल सिंह चौहान, ब्रह्म सिंह, चौधरी रियासत अली, ओमप्रकाश चौहान व शगुन मित्तल की देखरेख में नामाकंन पत्र जमा कराए गए थे। सोमवार को जांच के दौरान सभी नामाकंन पत्र सही पाए गए थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बार भवन में नामांकन पत्र वापस कराए गए। इस दौरान महासचिव पद पर अफसर अली, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयदीप चौहान, सहसचिव पुस्तकालय पर फरमान अली व एक वरिष्ठ सदस्य पद पर नामांकन वापस हुआ। अब अध्यक्ष पद पर अवनीश कुमार, शैलेंद्र चौधरी व ईशपाल सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। महासचिव पद पर शहजाद अहमद व सरवेज जंग आमने–सामने की कांटे की टक्कर होगी। कोषाध्यक्ष पद पर अखलाक, प्रदीप कुमार शर्मा व राजेश कुमार प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयपाल व सतपाल सिंह के बीच मुकाबला होगा। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर महेश पुंडीर निर्विरोध निर्वाचित होंगे। सहसचिव पद पर जानशेर अली व राहुल सिंह, सहसचिव पुस्तकालय पद पर अदनान व विशाल शर्मा के बीच मुकाबला होगा। वरिष्ठ सदस्य पद पर हेमराज गुप्ता, खड़क सिंह चौहान, महिला अधिवक्ता पंकज, महेन्द्र सिंह, नसीम अहमद, सदारत अली, विकास कुमार व विनय शर्मा तथा कनिष्ठ सदस्य पद पर आकाश भारद्वाज, अमीर हैदर, अमरीश कुमार राणा, दुष्यंत भार्गव, गौरव चौहान, कृष्णा गौत्रा, खालिद अली, महताब, राहुल, सचिन चौहान व तहसीम अहमद चुनावी मैदान में हैं। 16 जनवरी को प्रातः नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक बार भवन में मतदान कराया जाएगा। इसी दिन मतगणना और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

# एक करोड दो लाख कीमत की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

-झिंझाना पुलिस को मिली बडी सफलताः 510 ग्राम स्मैक व बाइक बरामद



**समाज जागरण**
**झिंझाना। फुरकान जंग)**

झिंझाना पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 510 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। बरामद की गयी स्मैक की कीमत एक करोड 2 लाख रुपये बतायी जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एएसपी सुमित शुक्ला ने दो मादक पदार्थ तस्करों की गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि सोमवार की देर शाम झिंझाना पुलिस मेरठ करनाल हाईवे पर अगडीपुर चौराहे से टपराना वाले रास्ते पर चैकिंग कर रहे थी तभी सामने से एक बाइक पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए। टीम ने बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो वो भागने लगे, पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर तस्करों के पास से 510 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ करने पर पकड़े गये दोनों युवकों ने अपने नाम अरशद पुत्र इस्लाम व सारिक पुत्र शाहदीन निवासी गांव पांवटी कला कैराना बताया। एएसपी ने बताया कि तस्करों कब्जे से बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड 2 लाख रुपये बतायी गयी है। पकड़े गये दोनों तस्करों ने बताया कि वह इस स्मैक को आमिर पुत्र सलीम निवासी तितरवाडा कैराना से खरीद कर लाएं हैं। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि तस्करों से नशे के कारोबार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला से मारपीट, तीन तलाक देने का आरोप

**समाज जागरण झिंझाना।**

क्षेत्र के गांव वेदखेड़ी निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, उत्पीड़न और तीन तलाक देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी लगभग 16 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज से गांव रामड़ा थाना कैराना निवासी साजिद पुत्र रियासत के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके चार बच्चे भी हैं। महिला का आरोप है कि उसके पति साजिद, जेठ साबिर, देवर वाजिद तथा अन्य परिजन आए दिन उससे झगड़ा करते थे और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पीड़िता का कहना है कि 13 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 12 बजे पति व उसके परिजन उसके मायके गांव वेदखेड़ी पहुंचे और नशीले पदार्थों के कारोबार के लिए पांच लाख रुपये की मांग की। जब उसने असमर्थता जताई तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। महिला का आरोप है कि इसी दौरान उसके पति ने गांव के लोगों के सामने तीन बार तलाक कहकर उसे तलाक दे दिया। घटना के बाद गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने। पीड़िता का कहना है कि अब वह न्याय के लिए पुलिस की शरण में आई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई चाहती हूं । कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया मामले की तहरीर प्राप्त हुई है, मुकदमा दर्ज किया गया है।जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ाके की ठंड ओर बफीर्ली हवाओं ने लोगों को जकड़ा

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) जनपद में कड़ाके की ठंड और बफीर्ली हवाओं ने लोगों को पूरी तरह जकड़ लिया है। मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे हाईवे और शहर के प्रमुख मार्गों पर दृश्यता बेहद कम हो गई। कोहरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और कई स्थानों पर यातायात की रफ्तार थमी रही। मंगलवार को मौसम का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय आसमान में घरा कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण सवेरे 11 बजे तक भी मौसम का तापमान 8 डिग्री सैल्सियस बना रहा। कोहरा इतना घना था कि कुछ दूरी पर खड़े वाहन भी नजर नहीं आ रहे थे। हाईवे पर वाहन रेंगते हुए चलते दिखे, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। काम पर जाने वाले लोग भी ठिठुरते हुए नजर आए। दिनभर बफीर्ली हवाएं चलती रहीं, जिससे तापमान में और गिरावट महसूस की गई। लोग गर्म कपड़े, टोपी, मफलर और दस्ताने पहनकर घरों से बाहर निकले। सर्द हवाओं के चलते बाजारों में भी रौनक कम रही और ग्राहक नदारद दिखाई दिए। दुकानदारों का कहना है कि ठंड की वजह से खरीदारी पर भी असर पड़ा है। ठंड का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाकर रखना चाहिए।

# विवाहिता को बहला फुसलाकर, बनाए अवैध संबंध,दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

-- झासें में लेकर लाखों रुपए के जेवरात बेचने का आरोप पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने अपने गांव निवासी एक युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने और चार दिन तक अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके जेवरात भी बेच दिए हैं। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती की शादी क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक युवक के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि उसके गांव के ही तोहिद पुत्र कासिम का पीड़िता की ससुराल में आना जाना था। आरोप है कि 26 दिसंबर की रात्रि को तोहिद ने पीड़िता को फोन कर बताया कि वह गांव में आया हुआ है और तुझसे मिलना चाहता है। आरोप है कि आरोपी रात्रि में ही पीड़िता के घर पहुंच गया और पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि चार दिन तक आरोपी ने पीड़िता को एक कमरे में रखकर अवैध संबंध बनाए, ओर पीड़िता की सोने की बाली और अंगुठी सुनार को बेच दी। पीड़िता का आरोप है कि पीड़िता को बहला फुसलाकर ले जाने में इमरान निवासी सुन्हैटी कैराना का भी हाथ है। पीड़िता ने किसी तरह से मामले की सूचना अपने पिता को दी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर तोहिद व इमरान के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# हरियाणा के किसान की हत्या में इनामी वांछित दबोचा

— मामौर गांव में अंजाम दी थी घटना, तीन आरोपियों को पूर्व में जेल भेज चुकी है पुलिस

**समाज जागरण**



कैराना। क्षेत्र के गांव मामौर के जंगल में हरियाणा निवासी किसान देवेंद्र देशवाल की हत्या के मामले में पुलिस ने 25 रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। इससे पूर्व पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 16 जून 2025 को हरियाणा के पानीपत जिले के सनौली थाना क्षेत्र के गांव कुराड़ निवासी किसान देवेंद्र देशवाल गांव मामौर में खरीदी गई कृषि भूमि की देखभाल करने आया था। इस दौरान हमलावरों ने देवेंद्र व उसके साथी इस्लाम के ऊपर चाकुओं से हमला कर दिया था। इस दौरान देवेंद्र को गोली भी मारी गई थी। इसके बाद पानीपत में उपचार के दौरान देवेंद्र की मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र रोहित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में पुलिस ने नदीम, फरमान व सौबान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि हत्या में साजिश रचने के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी सतीश खत्री निवासी मोहम्मद जाटोंवाली चौपाल थाना कुंडली जिला सोनीपत हरियाणा को यमुना पुल के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# मिल कर्मी की मौत के मामले में मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। सड़क हादसे में मिल कर्मी की मौत के मामले में बाइक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया। गांव तितरवाड़ा निवासी दीपक ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 नवंबर की शाम करीब सात बजे उसके पिता सुरेश शामली शुगर मिल में ड्यूटी कर बाइक द्वारा वापस लौट रहे थे। गांव के निकट तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिस कारण उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी बाइक चालक ने अपनी बाइक रोक कर उनके घायल पिता को देखा तथा इसके बाद अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में उसके घायल पिता की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा आरोपी बाइक चालक द्वारा बार–बार फैसले दबाव भी बनाया गया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू की दी है।

# मारपीट में दर्ज कराया मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। गांव जहानपुरा निवासी महबूब ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आठ जनवरी की दोपहर करीब ढ़ाई बजे वह गांव के सरकारी स्कूल के पास बाइक पर खड़ा था। इस दौरान गांव के ही अल्तमश और साकिब वहां आए तथा गाली–गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दो अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

— एमडीए व प्रशासनिक टीम ने चलवाया बुलडोजर, भू—माफियाओं में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**



कैराना।(फुरकान जंग) एमडीए और प्रशासन ने नगर में दो अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। संयुक्त कार्रवाई के दौरान लगभग 50 बीघा भूमि पर किए गए प्लॉटिंग निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इसके चलते भू–माफियाओं में हड़कंप मचा रहा। टीम ने कॉलोनाइजरों को कॉलोनी काटने के प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही, पुनः प्लॉटिंग पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मंगलवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता हितेश गुप्ता व तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान के नेतृत्व में संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ नगर के झाड़खेड़ी रोड पर अवैध कॉलोनी पर पहुंची। यहां लगभग 40 बीघा भूमि पर प्लॉटिंग की गई, जिस पर टीम ने दो जेसीबी मशीनों से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ की। एक घंटे से अधिक समय तक चली कार्रवाई के दौरान कॉलोनाइजरों के कमरेनुमा कार्यालय व प्लॉटिंग निशानदेही को पूरी तरह से जमींदोज कर दिया गया। इसके बाद टीम कुछ ही दूरी पर लगभग दस बीघा भूमि पर कटी अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। यहां सड़कों, प्लॉटिंग निशानदेही को नेस्तनाबूद कर दिया। इस कॉलोनी में कई फीट ऊंची भरी जा रही नींव को भी ध्वस्त कर दिया गया। यहां निर्माण और भराव चल रहा था। दोनों कॉलोनियों पर कार्रवाई के चलते भू–माफियाओं में हड़कंप मचा रहा। वहीं, एमडीए की टीम ने चेताया कि यदि भविष्य में पुनः बिना मानचित्र पास कराए प्लॉटिंग की गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहायक अभियंता हितेश गुप्ता ने बताया कि दो अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। कॉलोनी के लिए पक्की सड़क, बिजली, पानी व निकासी आदि की सुविधा होनी चाहिए। मानचित्र कराए बिना प्लॉटिंग पर कार्रवाई जारी रहेगी।

**कॉलोनाइजर हुए मालामाल, खरीदारों पर पड़ी मार**

नगर में लगभग 40 बीघा जिस अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है, वो लगभग तीन वर्ष पूर्व काटी गई थी। बताया जा रहा है कि कॉलोनी में अधिकतर प्लॉट कॉलोनाइजरों द्वारा बेचकर मालामाल हो गए। अब जब कार्रवाई हुई, तो कुछ प्लॉट ऐसे भी थे, जिनकी खरीदारों ने नींव भरी हुई थी। कुछ खरीदार कार्रवाई के दौरान मौके पर भी पहुंचे, लेकिन टीम की सख्ती को देखते हुए कोई बोलने का साहस नहीं जुटा पाया। खरीदारों का इतना जरूर कहना था कि जिस समय कॉलोनी काटी जाती है, उसी समय विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए।

**कार्रवाई को मुंह चिढ़ा रही कई कॉलोनियां**

दो अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई जरूर हुई, लेकिन नगर के मुख्य मार्ग पर पीयूष अयन आश्रम के सामने, इससे कुछ ही दूरी पर शामली रोड किनारे, हाईवे के सर्विस रोड किनारे, ईदगाह के निकट, पानीपत रोड आदि स्थानों पर अवैध कॉलोनियां काटी गई है। लेकिन, इन कॉलोनियों पर कार्रवाई न होने के चलते कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

# ऑल इंडिया स्तर की खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) भारतीय सेना द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से शामली जनपद में ऑल इंडिया स्तर की खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अजय, तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके आर्य मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में वीवी इंटर कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मेजर नवनीत गिल, सूबेदार इशाक, सूबेदार रविंदर, अमरपाल सिंह तथा योगेंद्र मलिक की अहम भूमिका रही, जिनके कुशल निर्देशन में आयोजन अनुशासित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। उन्होने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम हैं। खेलों से शारीरिक व मानसिक सुदृढ़ता के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना समाज से जुड़कर युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए ऐसे आयोजन लगातार करती रही है। समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह, रामपाल सिंह, विनय कुमार, अनिल मलिक , विदेश मलिक , सुरेंद्र सिंह, राजबल, ओम बीर, सलेक चंद और चरण सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# अवैध हथियार व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण शामली।**

शहर कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किया है। मंगलवार को एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस द्वारा चलाये गए चैकिंग अभियान में एक अभियुक्त रोहित पुत्र स्व योगेन्द्र निवासी ग्राम निरपुडा थाना दोघट जनपद बागपत को बरला जट वाले रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसकी तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस ने चलाया विषेश अभियान

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और लोगों की सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस शामली द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों, व्यस्त मार्गों और दुर्घटना संभावित स्थलों पर यातायात पुलिस टीमों ने वाहनों की सघन जांच की। विशेष रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रक, बोगी तथा अन्य



भारी एवं धीमी गति से चलने वाले वाहनों के चालकों को यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी लाल विराट भारद्वाज ने चालकों को बताया कि बिना रिफ्लेक्टर, बिना संकेतक और लापरवाही से वाहन चलाना न केवल उनके लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा हो सकता है। घने कोहरे और सर्द मौसम को देखते हुए गन्ने से लदे ट्रकों पर रिफ्लेक्टिव कपड़ा लगाया गया तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर लगाए गए। साथ ही हेडलाइट, टेललाइट, ब्रेक लाइट और इंडिकेटर सही हालत में रखने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को गति सीमा का पालन करने, लेन अनुशासन बनाए रखने, ओवरटेकिंग से बचने और सुरक्षित दूरी रखने की सख्त हिदायत दी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**




शामली। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली के प्रांगण में मंगलवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सी आईपी एबेकस की प्रबंधक मृदुला जैन ने की, जबकि संचालन मीनाक्षी शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता कविता गुप्ता ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत करना है। नारी समाज के विकास की आधारशिला है और मानव संसाधन के संरक्षण से लेकर पोषण तक हर क्षेत्र में उसका विशेष योगदान है। महिला थाना प्रभारी मोनिका चौहान ने कहा कि भारतीय परंपरा में स्त्री शक्ति को अनेक रूपों में देखा गया है। वह केवल पालन-पोषण करने वाली ही नहीं, बल्कि संस्कार, विद्या, विवेक, सत्य और मयार्दा की रक्षा करने वाली तथा प्रकृति, जल, वायु और वन की संरक्षक भी है। उन्होंने कहा कि इन गुणों को अपनाकर ही एक सशक्त और संतुलित समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर कल्पना, रेनू कालरा, राधा वर्मा, सुदेश, मोना मित्तल, ईशु, दीपिका आर्य, बालेश, निकिता शर्मा, आंचल देवी उपस्थित रहीं।

# एलम में आवारा कुत्तों का आतंक, तीन लोगों पर हमला कर किया घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।अलग-अलग स्थानों पर आवारा कुत्तों ने तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कस्बे में दहशत का माहौल बन गया। मंगलवार को कस्बा एलम निवासी चंद्रहास किसी आवश्यक कार्य से बाजार जा रहा था। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। दूसरी और महिला ईश्वरी देवी अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी एक कुत्ते ने उस पर झपट्टा मार दिया और उसे घायल कर दिया। इसके अलावा युवक शौर्य पर भी आवारा कुत्ते ने हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने सभी को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। चिकित्सकों के अनुसार समय रहते उपचार मिलने से किसी प्रकार का गंभीर खतरा नहीं है।कस्बे के लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



कस्बे के राजकीय महिला स्नात कोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में चल रहे दस दिवसीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने कस्बे के मुख्य मार्ग पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों से आने-जाने वाले लोगों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने लोगों से गलत दिशा में वाहन न चलाने, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, तेज गति से वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा सड़क संकेतों का पालन करने की अपील की। जागरूकता अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. श्याम बाबू एवं सह-संयोजक अंकिता त्यागी के निर्देशन में किया गया।

# किशोरी को भगा कर ले जाने पर दो के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के दो युवकों पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि किशोरी घर में रखी लाखों रुपये की नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि घर से बाहर गया हुआ था, जबकि घर पर उसकी पत्नी और 14 वर्षीय पुत्री मौजूद थीं। इसी दौरान पड़ोस के एक युवक और उसके ताऊ के लड़के ने उसकी नाबालिग पुत्री को अपने झांसे में ले लिया और बाइक पर बैठाकर भगा ले गए।

घटना के बाद से किशोरी का कोई सुराग नहीं लग पाया ।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ला खेल निवासी अय्यर और मौल्बी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की बरामदगी तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# शीतलहर में राहत: सांसद व डीएम ने असहायों को बांटे कंबल

**समाज जागरण बागपत।**




शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जनपद में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री राहत एवं आपदा सहायता योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान एवं जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने 65 असहाय व निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने कहा कि शीतलहर के दौरान जरूरतमंदों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गरीब, बुजुर्ग और बेसहारा समाज की पूंजी हैं, उनका संरक्षण और सम्मान हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जानकारी दी कि शासन से प्राप्त 5439 कंबलों में से अब तक 2857 कंबल शीतलहर से प्रभावित असहाय लोगों को वितरित किए जा चुके हैं, जबकि शेष कंबलों का वितरण शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के प्रमुख चौराहों व तिराहों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, ताकि राहगीरों व खुले में रहने वालों को सर्दी से राहत मिल सके। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण, डिप्टी कलेक्टर ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना से अनुसूचित जाति को मिला रोजगार संबल उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लखनऊ द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद में आजीविका सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्योति शर्मा ने बताया कि योजना के तहत बुटीक व्यवसाय, ब्यूटी पार्लर व्यवसाय एवं ई रिक्शा चालक सर्विस प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को प्रशिक्षण व आर्थिक सहायता देकर गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। योजना अंतर्गत प्रति लाभार्थी को अधिकतम 50 हजार रुपये अथवा परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा जबकि शेष धनराशि बैंक ऋण के रूप में उपलब्ध होगी। बडौत में 199 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रोजेक्ट्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम खेड़ा इस्लामपुर में बुटीक क्लस्टर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने किया जहां 47 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# सहकार भारती का 48वाँ स्थापना दिवस मनाया।

**समाज जागरण**




बागपत। सहकार भारती का 48 वाँ स्थापना दिवस मंगलवार को सिसाना गांव में निरोजपुर सहकारी समिति के निकट शिव प्रॉपर्टीज पर उत्साह, गरिमा एवं संगठनात्मक एकता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकार भारती के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मण राव इनामदार एवं भारत माता के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत सहकार गीत के सामूहिक गायन से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई।कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्षता सहकार भारती जिला संयोजक सुनील दीक्षित ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि संस्कार, सहभागिता और स्वावलंबन पर आधारित एक सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि बिना संस्कार नहीं सहकार और बिना सहकार नहीं उद्धार सहकार भारती का मूल मंत्र है, जो संगठन की विचारधारा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है। कार्यक्रम का संचालन सहकार भारती सतेंद्र डीलर ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि सहकार भारती का यह स्थापना दिवस पूरे भारतवर्ष में एक साथ मनाया जा रहा है, जो संगठन की राष्ट्रव्यापी उपस्थिति एवं वैचारिक एकरूपता का प्रतीक है। उन्होंने सहकारिता के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि सहकारिता किसानों, दुग्ध उत्पादकों, महिलाओं, युवाओं, छोटे व्यापारियों एवं कुटीर उद्योगों को संगठित कर आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों की गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी एवं सभी अतिथियों व पदाधिकारियों का पटका पहनाकर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री आकाश दीक्षित ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सामूहिक संरक्षण पर प्रकाश डाला। अंत में यह संकल्प दोहराया गया कि सहकार भारती संस्कारयुक्त सहकारिता के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के अपने लक्ष्य को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। इस मौके पर सतेंद्र डीलर, हरेंद्र, सतीश चौहान, रामपाल सिंह, ओमपाल, कृष्णपाल, फरजान, अरविंद शर्मा, नईमा खान आदि मौजूद रहे।

# ब्रूसली एमेच्योर बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सर कर रहे बागपत जिले का नाम रोशन

**समाज जागरण बागपत।**




जनपद बागपत को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली ब्रूसली एमेच्योर बॉक्सिंग एकेडमी हर वर्ष की भांति वर्ष 2025 - 26 में भी खेल क्षेत्र में बच्चों की पहली पसंद बनी रही। इस एकेड़मी ने अपने अब तक के सफर में जिला स्तर पर 900 बॉक्सर, मंड़ल स्तर पर 450 बॉक्सर, राज्य स्तर पर 121 बॉक्सर, नेशनल स्तर पर 80 बॉक्सर व इंटरनेशनल स्तर पर 40 बॉक्सर दिये है। इसके साथ-साथ इनके कोचिंग सेन्टर से 28 बॉक्सरों को स्पोर्टस कोटे से जॉब मिली है। वर्तमान में ब्रूसली एमेच्योर बॉक्सिंग एकेडमी में बाक्सिंग कोच व एकेडमी के संचालक यशवीर सिंह जी के मार्गदर्शन में लगभग 35 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही डीएवी स्कूल बागपत की यूकेजी की छात्रा आराध्या ने बताया कि वे स्वयं को मजबूत बनाने, अपनी सुरक्षा करने व देश के लिए मेड़ल लाने के लिए बॉक्सिंग सीख रही है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत की कक्षा 4 की छात्रा प्रेरणा ने बताया कि यह खेल उनको बचपन से ही पसन्द है। यह खेल शरीर को फिट रखता है। इस खेल से पूरे शरीर की कसरत अच्छी प्रकार से हो जाती है और इससे हम आत्मरक्षा करना सीखते है। कहा कि देश के लिए पदक लाना ही उनकी प्राथमिकता है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत की कक्षा 6 की छात्रा कनक ने बताया कि बॉक्सिंग से शरीर की ताकत और सहनशक्ति बढ़ती है। वजन कम होता है, स्वास्थ्य सुधरता है, हाथों व आँखों का तालमेल बेहतर होता है, तनाव घटता है, मूड अच्छा होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत की कक्षा 11 की छात्रा अंशिका शर्मा ने बताया कि बॉक्सिंग से आत्मरक्षा के साथ-साथ संतुलन और एकाग्रता में वृद्धि होती है। बॉक्सिंग का खेल कैलोरी बर्न करने और मांसपेशियों को टोन करने में मदद करता है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत की कक्षा 10 की छात्रा छवि नैन ने बताया कि वह लगभग 7 महीने से बॉक्सिंग की प्रैक्टिस कर रही है। स्कूल लेवल पर देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने के साथ-साथ मथुरा में आयोजित अंड़र 15 प्रतियोगिता में उन्होने स्टेट लेवल पर सिल्वर पदक प्राप्त किया है। बताया कि बाक्सिंग में वह मैरीकॉम की तरह विश्व स्तर पर देश के लिए पदक लाना चाहती है।

# भू दृष्टि फाउंडेशन ने खिचड़ी वितरण कर मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व

**समाज जागरण बागपत।**



लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भू दृष्टि फाउंडेशन द्वारा कोताना रोड स्थित बडौत सीएचसी के सामने एक विशाल खिचड़ी भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष एवं चेयरपर्सन कुसुम चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर और भगवान को भोग लगाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनीता कौशिक, मेजर महिपाल शर्मा, और सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन से कानूनगो सुरेंद्रपाल मोगा उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के इस सेवाभावी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने और जरूरतमंदों की सेवा करने से ही समाज में सकारात्मकता आती है। भंडारे के सफल आयोजन में राधेश्याम शर्मा एडवोकेट, दीपक शर्मा एडवोकेट और ओमपाल राठी का विशेष सहयोग रहा। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सेवा कार्य में हाथ बंटाते हुए समाज सेवा का संदेश दिया। संस्था की अध्यक्ष कुसुम चौहान ने सभी अतिथियों और सेवादारों का फूलों की माला एवं पौधे देकर सम्मान किया। कुसुम चौहान ने कहा कि भू दृष्टि फाउंडेशन भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और धार्मिक कार्यों के माध्यम से समाज को जोड़ने का प्रयास करती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में वंश चौहान, मयंक चौहान, आलोक शर्मा, मधु दांगी, ममता तोमर, ऊषा वर्मा, मीनाक्षी सिसोदिया, गीता देवी, पूनम देवी, ओमबीरी देवी, अंशु देवी, सुषमा देवी, मोनिका शर्मा, मीना अंतिल, मास्टर अशोक कुमार अंतिल और प्राची चौहान सहित भू दृष्टि फाउंडेशन की समस्त टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# साइबर क्राइम पुलिस ने कराए पीड़ित के लाखों रुपए वापस

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**




कस्बे के नई बस्ती निवासी युवक के खाते से लाखों रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित के रुपए वापस कराए हैं। पीड़ित ने साइबर पुलिस का धन्यवाद किया है।कस्बे के नई निवासी अमिश उर रहमान पुत्र अतिकुर रहमान 26 दिसंबर 2025 को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पीड़ित के खाते से अज्ञात ठग के द्वारा आठ लाख रुपए की धनराशि ऑनलाइन ठगी कर ली है। साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी थी। मंगलवार को साइबर क्राइम थाना प्रभारी सीमा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित के खाते से आठ लाख रुपए की ठगी हुई थी। साइबर क्राइम की टीम के द्वारा पीड़ित के सात लाख साठ हजार रुपए वापस कराए गए हैं। रुपए वापस होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना शामली टीम का आभार व्यक्त किया है।

# श्याम टेलर की सियासी कैंची का कौन होगा शिकार ? अनूपपुर युवा मोर्चा का महासंग्राम और कुर्सी की जंग !

**मजबूत दावेदारी बनाम कड़वा इतिहास: क्या 'सेटिंग' के सूरमाओं पर भारी पड़ेगी जमीनी वफादारी ? ताज की तलाश या निष्ठा की बलि ? दिग्गजों की चौखट पर नाक रगड़ते चेहरे और संगठन की अंदरूनी रार!**

**समाज जागरण अनूपपुर**

नवनियुक्त युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की 'सियासी कैंची' अनूपपुर में किन नामों पर चलेगी, यह आज जिले की राजनीति का सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है। मध्य प्रदेश में सत्ता की बिसात बिछने के बाद अब संगठन में भी कब्जे की जंग शुरू हो चुकी है। अनूपपुर भाजपा युवा मोर्चा में जिला अध्यक्ष की कुर्सी के लिए आशुतोष तिवारी, मनीष तिवारी ,दीपक पटेल , राहुल लवकुश शुक्ला ,प्रदीप मिश्रा जैसे कई युवा नेताओं के नाम की चर्चा दावेदारों के रूप में प्रमुखता से निकलकर सामने आई है। बागी सक्रियता बनाम पारिवारिक श्रेयः राहुल ,दीपक भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रह चुके दीपक पटेल जिनके पास सांगठिनक अनुभव की ताकत तो है, लेकिन बगावत का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ सकता है उन्होंने नगर पालिका के चुनाव में वार्ड क्रमांक 11 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ा था जिन्हें पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था लेकिन बाद में उनकी वापसी हो गई थी। देखना यह है कि किसे प्राथमिकता मिलती है और किसके अरमानों पर टेलर की कैंची चलती है।मध्य प्रदेश में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में श्याम टेलर की ताजपोशी के बाद अब जिले के राजनीतिक गलियारों में चचाएँ तेजु हो गई हैं कि युवा मोर्चा की कमान किसके हाथ सौंपी जाएगी। जिले के युवा नेता अपने-अपने अंदाज में सक्रिय दिख रहे हैं और कई नाम चचाओं के बाजार में दावेदारों के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इन संभावित नामों ने सोशल मीडिया से लेकर बड़े नेताओं के दरबार तक दस्तक देना शुरू कर दिया है, जिससे चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। विरासत और राजनैतिक विरोधः राहुल बिजुरी निवासी राहुल शुक्ला के पास राजनैतिक विरासत है और भी आरएसएस के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन भी कर चुके हैं इस मजबूत पृष्ठभूमि ने उन्हें चचाओं के शीर्ष पर रखा है। सबसे बड़ी अड़बन स्थानीय कद्दावर मंत्री के साथ उनके परिवार के तल्ख रिश्ते हैं। सांगठनिक पैठ बनाम नौकरी आशुतोष तिवारी को संगठन में गहरी पैठ रखने वाला और प्रखर वक्ता माना जाता है। सांगठनिक सक्रियता और बड़े नेताओं से मधुर संबंध उनकी एक मजबूत सकारात्मक छवि पेश करते हैं। लेकिन उनकी दावेदारी के साथ उनका कोल प्रशासन में नौकरी करना भी है। जन चचाओं के मुताबिक जिस प्रकार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में फुल टाइम देते थे लेकिन वर्तमान में कोल प्रबंधन में नौकरी कर रहे हैं जिसके कारण संगठन को उतना वक्त भी नहीं दे सकते उनको गले की फांस बन चुका है।एबीबीपी पृष्ठभूमि से निकले आशुतोष तिवारी संगठन के मंझे हुए सिपाही माने जाते हैं। युवा मोर्चा के जिला महामंत्री मनीष तिवारी ने अपनी मेहनत और कार्यक्षमता से युवा मोर्चा में एक खास पहचान बनाई है और संगठन के कार्यों में उनकी सक्रियता की सराहना भी होती है। इसके अलावा, धनबल की कमी उनके लिए एक चुनौती बनी हुई है। मनीष वर्तमान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह के काफी नजदीकी माने जाते हैं। बेदाग छवि लेकिन जनाधार का टोटा: प्रदीप दबी जुबान में प्रदीप मिश्रा जैसे नाम भी रेस में चचाओं में हैं। प्रदीप वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री के पद पर हैं और निष्ठावान सिपाही हैं, लेकिन कड़वा सच यह है कि उनके पास न तो धनवल है, न मजबूत राजनीतिक रमुख, और न ही धरातल पर कोई ठोस 'जन आधार'। युवाओं की जिस फौज की जरूरत युवा मोर्चा चलाने के लिए होती है, उसका प्रदीप के पास भारी अकाल है। सियासी समीकरण और भविष्य के गर्भ में ताजः निर्णायक मोड़ : अनूपपुर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष का ताज किसके सिर सजेगा, यह अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन कुछ निर्णायक पहलू इस खेल को पूरी तरह पलट सकते हैं। वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की व्यक्तिगत पसंद किसके पाले में गेम शिफ्ट करते हैं, यह देखना दिलचस्प होगा। वहीं अनूपपुर की सिटिंग विधायक विसाहू लाल सिंह की मौन स्वीकृती या सक्रिय समर्थन किसका साथ देती है, यह भी एक बड़ा सवाल बना हुआ है।

इसके अलावा प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल एवं पूर्व विधायक रामलाल रौतेल की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, उनका कुशल नेतृत्व और प्रगाढ़ संबंध किसे फायदा दिलाते हैं, यह गौर करने वाली बात होगी, जिले के इन तमाम बड़े राजनेताओं और धुरंधरों के आपसी शह-मात के खेल के बीच ही यह तय होगा कि युवा मोचों की कमान किसी 'प्यादे' को मिलेगी या फिर किसी असली 'खिलाड़ी' का राजतिलक होगा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में एईआरओ को प्रशिक्षण नोटिस प्रक्रिया शुरू

**समाज जागरण बागपत।**



मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि एईआरओ बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य की सघन निगरानी करें तथा बीएलओ एप के माध्यम से मतदाता विवरण को सही कराएं। ऐसे मतदाता जो शिफ्टेड हैं, ट्रांसफर हो चुके हैं अथवा जिनकी मृत्यु हो गई है, उनके संबंध में नोटिस जारी किए जाएंगे। जनपद की तीन विधानसभाओं छपरौली, बड़ौत और बागपत में कुल 511 मतदान केंद्र और 1081 मतदेय स्थल हैं। SIR के अंतर्गत 10,398 मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। प्रतिदिन एक एईआरओ द्वारा 150 नोटिस जारी किए जाएंगे, जिनके लिए समय सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिन मतदाताओं का विवरण डेटाबेस में उपलब्ध नहीं है या मेल नहीं खाता, उन्हें नोटिस के उपरांत फॉर्म-6 भरकर जन्म तिथि, जन्म स्थान और नागरिकता से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जन्म वर्ष के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों की स्पष्ट गाइडलाइन जारी की गई है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। इस अवसर पर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय सहित समस्त एसडीएम और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

# रबी सीजन में नकली कीटनाशकों पर सख्त कार्रवाई कृषि विभाग के छापे

**समाज जागरण बागपत।**




रबी फसलों में कीटनाशकों की बढ़ती मांग के मद्देनजर किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं उचित मूल्य पर कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने मंगलवार को जनपद में व्यापक स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया। प्रमुख सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर तहसीलदार गठित टीमों ने बागपत, बड़ौत और खेकड़ा तहसीलों में कीटनाशक निर्माण, थोक एवं फुटकर विक्रय इकाइयों की सघन जांच की। अभियान का नेतृत्व जिला कृषि अधिकारी ने किया। जांच के दौरान कुल 28 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिनमें से 8 कीटनाशक नमूने संदेह के आधार पर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए सील कर लिए गए। वहीं नियमों के उल्लंघन पर दो विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। अधिकारियों ने बिना लाइसेंस, अधोमानक और निम्न गुणवत्ता वाले कीटनाशकों की बिक्री पर कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी टीमों से प्राप्त रिपोर्ट संकलित कर शासन एवं कृषि निदेशक को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# लायंस क्लब बागपत ने गरीब बच्चों को किया जर्सी का वितरण

**समाज जागरण बागपत।**



लायन्स क्लब बागपत द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं को जर्सी का वितरण किया। सरस्वती शिशु मंदिर चमरावल रोड बागपत में लायन्स क्लब बागपत द्वारा एक अत्यंत हृदयस्पर्शी एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की, जो हमारे समाज के उज्ज्वल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन अजय शर्मा अध्यक्ष लायन्स क्लब बागपत) ने की। इस कार्यक्रम की स्पॉन्सरशिप सम्मानित लायन सुधीर कुमार संस्थापक गोल्डन गेट पब्लिक स्कूल द्वारा की गई। उनके मार्गदर्शन में यह आयोजन और भी प्रभावशाली एवं यादगार बन पाया। जर्सी वितरण के दौरान बच्चों के चेहरों पर छाई खुशी एवं आत्म विश्वास ने सभी लायन्स सदस्यों के मन को छू लिया। इस अवसर पर सचिव विजयपाल यादव राजपाल शर्मा विनोद कुमार शर्मा गजेंद्र सिंह बली डॉ महेंद्र सिंह धामा नीरज नैन मोंटी चौहान पदम सिंह चौहान सोहन पाल सिंह प्रधानाचार्य हरिओम शर्मा लायन्स क्लब के सदस्यगण, शिक्षकगण उपस्थित रहे और बच्चों को अपनी उपस्थिति से प्रोत्साहित किया। लायन अजय शर्मा अध्यक्ष लायन्स क्लब बागपत ने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़े लायन्स क्लब बागपत भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगा।

# बड़ौत में पूर्व सैनिकों का सम्मान राष्ट्र सेवा को नमन रैली आज

## डॉ राजकुमार सांगवान की पहल से सजेगा पूर्व सैनिक समागम

**समाज जागरण बड़ौत।**



देश की सीमाओं की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करने वाले वीर पूर्व सैनिकों के सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए बड़ौत में बुधवार को एक ऐतिहासिक पूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम जनता वैदिक डिग्री कॉलेज बड़ौत के प्रांगण में आयोजित होगा। रैली का आयोजन बागपत सांसद डॉ राज कुमार सांगवान की विशेष पहल और प्रयासों से संभव हुआ है। इस रैली का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा प्रशासन सेना और समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान पेंशन स्वास्थ्य सेवाएं भूमि विवाद रोजगार पुनर्वास और अन्य ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर ही समस्याएं सुनकर समाधान की दिशा में त्वरित कार्यवाही करेंगे।

सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने कहा कि पूर्व सैनिक देश की शान हैं। उनका त्याग अनुकरणीय है और उनका सम्मान राष्ट्र का सम्मान है। उन्होंने जनपद के सभी पूर्व सैनिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस रैली को ऐतिहासिक बनाएं। पूर्व सैनिक रैली न केवल सम्मान समारोह होगी बल्कि उनके अधिकारों की आवाज को मजबूती देने वाला सशक्त मंच भी सिद्ध होगी।

# युवक के साथ मारपीट तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर घर से बाहर बुलाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी इजहार बादशाह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की शाम को वह अपने घर पर बैठा हुआ था। आरोप है इसी बीच पीडित के घर के बाहर जाबिर पुत्र राशिद, शहजाद पुत्र अली हसन व रशीद उर्फ लारा पुत्र ना मालूम पहुंचे, और पीड़ित को आवाज लगाकर घर के बाहर बुलाया। आरोप है कि तीनों लोगों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो तीनों लोगों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीनों लोगों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# पांच दिवसीय मेले का आयोजन 14 जनवरी से

**समाज जागरण**

अमलाई।प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरगवा में पाँच दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ श्रीमती हिमाद्री सिंह सांसद, संसदीय क्षेत्र - शहडोल, बिसाहू लाल सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक अनूपपुर के मुख्य आतिथ्य में रामलाल रौतेल अध्यक्ष, कोल विकास प्राधिकरण म.प्र. की अध्यक्षता में हीरा सिंह श्याम जिलाध्यक्ष, भाजपा, अनूपपुर की विशिष्ट आतिथ्य में एवं श्रीमती गीता गुप्ता, राज तिवारी उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदगण, नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के गरिमामय उपस्थिति में होने जा रहा है। मेले का शुभारंभ 14 जनवरी 2026 को हनुमान मंदिर,
बरगवां दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा।मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद्, बरगवां (अमलाई) भूपेंद्र सिंह ने समस्त लोगों से आवाहन किया है कि इस अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

# डीसीएम पलटने से दबकर गेस्ट हाउस मालिक की मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर जाफरगंज थाना क्षेत्र के जोनिहा ललौली मार्ग पर मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में गेस्ट हाउस मालिक की मौत हो गई। रावतपुर गांव निवासी सुरेश कुमार 55 वर्ष, पुत्र श्रीपाल, डीसीएम वाहन संख्या यूपी 78 एफटी 9441 से जा रहे थे। सुबह करीब 10:30 बजे बड़े पुल के पास ओवरटेक के दौरान डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में लदा लोहे का रोल लुढ़ककर उनके ऊपर गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी धनंजय सरोज ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के जरौली के समीप ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुँचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार राधा नगर थाना क्षेत्र के गोपाल नगर मोहल्ला निवासी संतलाल का 25 वर्षीय पुत्र अमित बाइक पर सवार होकर बांदा जनपद अपनी बहन के घर जा रहा था। जब उसकी बाइक असोथर थाना क्षेत्र के जरौली के समीप पहुंची तभी ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक अमित रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए असोथर स्वास्थ केंद्र पहुँचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। घायल के साथ अस्पताल पहुंचे उसके बहनोंई राजेंद्र ने घटना की जानकारी दिया।

# घर में काम करते समय युवक को जहरीले सांप ने काटा

**समाज जागरण**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के पखरौली गांव में आज सुबह घर की सफाई करते समय जहरीले साँप ने युवक को काट लिया। साँप काटने की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पखरौली गांव निवासी राजेश कुमार का 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार आज सुबह अपने घर की तीसरी मंजिल पर सफाई कर रहा था। तभी वहाँ छिपे जहरीले सांप ने उसको काट लिया सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई तो घर में हड़कंप मच गया। तुरंत परिजनों ने फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। अमित के साथ अस्पताल पहुँचे उसके पिता राजेश कुमार ने घटना की जानकारी दिया।

# आपरेशन के एक पखवारे बाद युवकी की हुई मौत

## भतीजे ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

**समाज जागरण**

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम अढावल में हाइड्रोशील आपरेशन के पखवारे बाद 21 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गयी। वहीं मृतक के चाचा ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये एक्पायरी दवा देने की बात कही है। बताते चले कि अढवाल गांव निवासी शिवकुमार गुप्ता का पुत्र नीरज गुप्ता का 25 दिसम्बर को सेमरी गांव निवासी डाक्टर राज बाबू ने घर पर ही आकर हाइड्रोशील का आपरेशन कर दिया था। वहीं 3 जनवरी को टांका काटा उसके बाद युवक की हालत बिगडने पर परिजन उसे कानपुर रामाशिवा हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजन शव लेकर गांव आ गये और पुलिस की सूचना दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। जहां पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का भतीजा ननकई गुप्ता ने बताया कि 3 जनवरी को टांका काटने के बाद चिकित्सक द्वारा उसके चाचा को 6 माह पूर्व एक्सपायर हुयी दवा खिलाता था। जिससे उसकी हालत बिगडने लगी। बाद में जब खून की जांच करायी गयी तो लाल खून की जगह काला खून निकल रहा था। परिजन घबराकर कानपुर में रामाशिवा हास्पिटल में भर्ती कराया। जिसकी देर शाम मौत हो गयी। मृतक के भतीजे का आरेप है कि चिकित्सक राज बाबू द्वारा चाचा को एक्सपायर दवा देने से उसकी मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने थाने में चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी है।

# आमने-सामने बाइक की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी गांव के पास शुक्रवार को आमने-सामने हुई दो बाइकों की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार मलाका निवासी धर्मेंद्र कुमार पाल (30) पुत्र सुखदेव पाल थाना राधानगर अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान फरीदाबाद टिकरी निवासी युवक की बाइक से उनकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि धर्मेंद्र कुमार पाल की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इधर, मृतक धर्मेंद्र कुमार पाल अपने पीछे पत्नी सोनिका व तीन मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि चुरियानी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौके पर मृत्यु हुई है, जबकि दूसरा घायल है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# गणित विषय के वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग:- डीआईओएस

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद:- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद में 16 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। डीआईओएस धीरेंद्र कुमार ने जनपद के सभी बोर्डो के



विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को 16 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे डी आड्ड इंटर कॉलेज, माधौगंज शिकोहाबाद में अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय गणित दिवस है। जिसमें गणित विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, गणित मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

# अकीदतमदों ने कोडा शाह बाबा की मजार पर चढाई गागर-चादरें, कव्वाली का भव्य रूप से हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

फतेहपुर। थरियांव थानां क्षेत्र के हसवा कस्बे में सोमवार को बड़ी संख्या में दुकानदारों ने मेले में दुकानें लगाई गई। जहाँ कड़ी धूप में महिलाओं घरेलू उत्पाद के सामान की खरीददारी किया। वही बच्चों ने अनेकों प्रकार के खिलौनों की खरीदारी किया। और बच्चों और महिलाओं ने चाऊमिन, मोमोज, जलेबी, गुझिया, खस्ता, चाट और समोसे खा कर आनन्द लिये। वही पुरूषों ने गरम- गरम पकोड़े और चाय का आनंद लिया। और बीती रात बस स्टैंड चौराहे के नजदीक मस्जिद परिसर में हर वर्षों की तरह इस बार भी रात 9 बजे कोडा शाह बाबा की मजार में गागर और चादर चढाया गया है। सुबह से लेकर देर रात तक पुरुष महिलाओं द्वारा मजार पर चादर चढा कर दुवाएं और मन्नत भी मांगते रहे। 11 बजे देर रात सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा कव्वाली का आयोजन शुरू किया गया। कव्वाली कमेटी के पदाधिकारियों में असलम राइन, वसीम राइन, रसीद राइन, नईम राइन, राजू राइन एवं ग्राम प्रधान राशीद राइन ने बदायूं जनपद से आए रेडियो एंड टीवी सिंगर आसिफ सुल्तानी और बुम्बई के जागेश्वरी रेडियो सिंगर रोशन आरा को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। बदायूं जनपद से आए कव्वाल सूफी सिंगर आसिफ सुल्तानी ने कलाम पेश किया। या मेरे मौला या मेरे अल्लाह तेरे करम से चांद और सूरज का दीदार होता है। हे अल्लाह तेरी अंधेरी रात में चांद के रोशनी से सारे जहाँ में प्रकाश दौड़ता है। हसवा कोडा शाह बाबा के मजार में सभी अकीकतमंद दुवाओ से फैजयाब होते है।, बाबा की मजार में पहूंचे अकीदतमदों का मानना है हर वली से ऊंचा है रूतबा गौसे आजम का। बुम्बई नगरी से आई रोशन आरा ने कलाम पेश किया कि परदेशी का प्यार एक झोका है, जब मौका मिलेगा तो परदेशी उड़ कर निकल जायेगा। मेरे तश्वीर को कमरे में सजाने वाले, मेरे महबूब की तश्वीर अपने दिल में लागने वाले मेरे महबूब ही होगें। जिंदा रहने के लिए तेरी कसम, इक मुलाकात जरूरी है सनम। ऐ हसवा वालों मेरे दिल को अपने दिल में बसा लेना, मैं बुम्बई नगरी की रोशन आरा आऊंगी हर वर्ष कोडा शाह बाबा की मजार पर गागर और चादर के लिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राशिद राइन, रसीद राइन, असलम राइन, वसीम राइन, नईम राइन, नफीस राइन, बब्लू शाह, सहित सैकड़ों लोगों की भीड़ मौजूद रहीं।

# जनप्रतिनिधियों ने सीएम आवास योजना के 116 लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र

## लाभार्थी बोले पक्के घर का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद । जसराना मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 116 लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ब्लॉक जसराना में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत योजना के माध्यम से उन निर्धन और बेघर परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है, जो अब तक कच्चे मकान या झोपड़िया में रहने को मजबूर थे । मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक रामगोपाल उर्फ पप्पू लोधी तथा ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी ने बताया कि योजना का लाभ पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचा जा रहा है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीबों के सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है इधर



प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे थे । सभी लाभार्थियों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पक्के घर का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है। प्रमाणपत्र पाने वालों में कमला देवी, राजेश कुमार, मानपाल सिंह, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, कमलेश, वरुण कुमार, शिवम वर्मा अंकित यादव उपेंद्र यादव सर्वेंद्र यादव सरिता प्रमुख रहे। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार के अलावा ब्लॉक के अधीनस्थ अधिकारी आदि मौजूद रहे !

# गोपाल आश्रम में भागवत कथा का आयोजन 17 जनवरी से

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! विगत तीन वर्षों से श्री किशोरी कृपा चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से फिरोजाबाद शहर में आयोजित की जा रही है, और इस वर्ष यह कथा 17 जनवरी 2026 से श्री गोपाल आश्रम प्रांगण में आयोजित की जाएगी। कथा का उद्देश्य संस्था का विस्तार और समाज में धर्म की स्थापना है। कथा का शुभारंभ मंगलमय कलश यात्रा के साथ होगा, जो 17 जनवरी प्रातः 10:00 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर से चलकर गोपाल आश्रम में पहुंचेगी।
कथा के दौरान, नित्य प्रातः पूजन होगा, और मध्यान्ह 12:00 बजे से प्रभु इच्छा तक कथा का वाचन नितदिन आचार्य निशांत मिश्रा करेंगे., जिसमें श्रद्धालु भक्त कथा सुनकर




धर्म लाभ उठा सकें। श्रीमद भागवत महापुराण कथा का व्याख्यान स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती महाराज के द्वारा भी उनके पधारने पर कराया जाएगा, जो एक प्रसिद्ध वक्ता और आध्यात्मिक गुरु भी हैं। श्रीमद भागवत महापुराण एक प्रमुख हिंदू ग्रंथ है, जिसमें भगवान कृष्ण की लीग और उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं का वर्णन है। यह ग्रंथ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के मार्ग में प्रेरणा प्रदान करता है. श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन आध्यात्मिक उन्नति और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए किया जाता है। यह कथा लोगों को जीवन के सही मार्ग पर चलने और भगवान की भक्ति में लीन होने के लिए प्रेरित करती है. कथा सुनने से मानसिक शांति और आत्मिक विकास होता है. यह कथा जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करती है और लोगों को अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं। संयुक्त परिवार के कुलगुरु देवब्रत पाण्डेय ने परिवार से जुड़े एवं शहरवशियों से अपील की हैं कि भागवत कथा में कथा श्रवण हेतु अधिक से अधिक संख्या में पधार कर व अपना यथा शंभव सहयोग प्रदान कर धर्म लाभ प्राप्त करें।
कलश यात्रा में भाग लेने हेतु गोपाल आश्रम व सरस्वती शिशु मंदिर में संपर्क कर 100 रुपये में 15 जनवरी तक रशीद प्राप्त करलें। वार्ता को रमाकांत उपाध्याय, सदस्य गौसेवा आयोग,रामबाबू झा, आचार्य निशांत मिश्रा, संयुक्त परिवार के कुलगुरु विनोद पचौरी, देवब्रत पाण्डेय, एवं पार्षद पूनम शर्मा ने शम्बोधित किया।

**अन्य प्रमुख व्यक्तियों**

में अनिल यादव एडवोकेट, राजेश दुबे आदर्श, राजबर्धन सिंह, अर्चना दुबे, अंशु सिंह, अंजना सिंह, दीपू दुबे, पुष्पेंद्र यादव, नारायण सिंह, दीपक चौहान, देसराज सिंह एवं खुशी दुबे आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अभियुक्त पकड़ा, छुरा बरामद

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।
प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर ने हमराह के साथ चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को एस आर गनेश्वरी इंटर कालेज के सामने बनी पार्किंग के पास से गिरफ्तार किय है। पुलिस को उसके बारे में पता चला था। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम सादिक पुत्र नन्हे बताया है। वह ताड़ो वाली गली थाना रामगढ क्षेत्र का रहने वाला है।
पुलिस ने उसके पास से एक छुरा



बरामद किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ बरामदगी के आधार पर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

# भारतीय प्रधान संगठन जल्द कराएगा यूपी के ग्राम प्रधानों को वेतन की शुरुवात : एस के सिंह

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। देश में प्रजातंत्र का आधार इकाई ग्राम पंचायत में विकास का माध्यम और वोटरों पर मजबत पकड़ के चलते किसी दल की सरकार बनवाने में सक्षम ग्राम प्रधानों के दिन अब बहुरने वाले है। उन्हें अब बहुत जल्द ₹35000 प्रतिमाह मिला करेगा। ग्राम प्रधानों के हित में इस सफलता का श्रेय भारतीय प्रधान संगठन को जाता है ,जो कि एक लंबे अरसे से ग्राम प्रधानों को पेंशन देने की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत था। पेंशन पर तो बात नहीं बनी लेकिन मासिक वेतन पर बात बन गई है। उसके बाद ग्राम प्रधानों को वेतन देने से संबंधित कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच के भी प्रदेश अध्यक्ष एस के सिंह ने यह जानकारी देते हुए यहां बताया कि देश के विकास उन्नति और प्रगति का मुख्य मार्ग किसानों



और ग्राम प्रधानों के बीच से ही होकर जाता है। साथ ही वह वोटरों पर मजबूत पड़कर चलते किसी भी दल की सरकार को न केवल केंद्र में बल्कि किसी भी प्रदेश में बनवाने में भी सक्षम होते हैं।लेकिन कर्तव्य निर्माण के दौरान ग्राम प्रधानों को विभिन्न समस्याओं से भी गुजरना पड़ता हैं। इसीलिए भारतीय प्रधान संगठन और क्षत्रिय जागरण मंच की ओर से ग्राम प्रधानों को सबसे पहले पेंशन देने की मांग उठाई गई थी, जिसके लिए कई बार केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात करके उन्हें ज्ञापन भी दिया गया था। याद रहे कि भारतीय प्रधान संगठन ने ग्राम प्रधानों को वेतन दिलवाने से संबंधित मांगों को पूरा किए जाने की पूर्ण आशा के साथ भारतीय जनता पार्टी का साथ तन मन धन से बीते लोक सभा और विधान सभा चुनाव में भी दिया था। लेकिन इसके बाद भी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एसके सिंह शांत नहीं बैठे थे और वह अपनी अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल लेकर तत्कालीन पंचायती राज्य मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के पास जा पहुंचे थे। यह बात 16 फरवरी 2018 की है। उस दिन पंचायती राज मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला से प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात भी हुई थी ,जिसपर उन्होंने प्रधान संगठन की सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा भी दिया था। अध्यक्ष एसके सिंह ने बताया कि प्रधानों की मांगों के संदर्भ में भारतीय प्रधान संगठन का परिश्रम अब रंग लाया है ,जिसके फल स्वरुप ही सरकार ने उन्हें 35000 रुपए प्रतिमाह देने की मांग स्वीकार कर ली है ,जिसको लेकर उत्तर प्रदेश की सभी ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर है। वहीं इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष एसके सिंह के साथ ही भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दिल्ली के अनित कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव मुंबई के जयेश रविशंकर जोशी, महासचिव बिहार के प्रहलाद नारायण सिंह, राष्ट्रीय सचिव शिवम त्यागी ,दोनों संगठनों में पूर्वांचल के अध्यक्ष तिलकधारी सिंह, प्रमुख महासचिव शिव सिंह यादव, महासचिव ए के पांडे, महासचिव जिला मऊ के अशोक कुमार , प्रदेश महासचिव झांसी के पहलवान सिंह , प्रदेश महासचिव कानपुर की भाजपा नेता निशा तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजीत सिद्दीकी, लखीमपुर खीरी की जिलाअध्यक्ष, श्रीमती संगीता सोनकर, हमीरपुर के जिला अध्यक्ष मोहम्मद हसीन, फतेहपुर के प्रकाश गुप्ता ,बिजनौर के सुरेंद्र सिंह राणा, झांसी की मंडल अध्यक्ष पुष्पा झा और हाथरस के जिलाअध्यक्ष कबीर प्रधान जालौन की जिला अध्यक्ष पदमा सेंगर आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला का आभार व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधानों को वेतन देने से संबंधित कार्यवाही को जल्द से जल्द अमली जामा पहनाने की जोरदार मांग भी की है।

# दो साल बाद सलाखों के पीछे पहुँचा फरार शूटर

## गोलीकांड का मुख्य आरोपी बैंगलुरु से गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी सिंगरौली**

पुलिस अधीक्षक शमनीष खत्री के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक पी.एस. परस्ते की सतत निगरानी में थाना विन्ध्यनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।
थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी जयंत उप निरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 02 वर्ष पूर्व हत्या के प्रयास की सनसनीखेज घटना में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को बैंगलुरु (कर्नाटक) से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा सिलसिलेवार दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 21 अगस्त 2024 को फरियादी प्रवीण कुमार, पिता स्व. रोशन, उम्र 28 वर्ष, निवासी एम.क्यू. 957 सेक्टर-3, जयंत, थाना विन्ध्यनगर, जिला सिंगरौली ने चौकी जयंत में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि उसने अपने क्वार्टर में जन्मदिन की पार्टी आयोजित की थी। रात करीब 9 बजे पुराने विवाद को लेकर मुकेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, संजीव त्रिपाठी सहित 7-8 अन्य साथियों ने उसके घर के पास आकर प्राणघातक हमला किया आरोपियों ने फायरिंग की, फरियादी के दोस्तों संदीप, सोनू एवं नवीन के साथ मारपीट की और कमरे के अंदर घुसकर भी गोलियां चलाईं। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 488/24 धारा 191(2), 191 (3), 190, 333, 296, 115 (2) , 351(2), 324(4), 324 (5), 125, 109 बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान 7 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका था, लेकिन मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह घटना के बाद से लगातार फरार था।अभिषेक कुमार सिंह, पिता कौशल किशोर सिंह, निवासी जैतपुर जयंत, थाना विन्ध्यनगर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए दूसरे व्यक्ति के नाम से सिम का उपयोग कर रहा था। सायबर सेल की मदद से आरोपी के बैंक खाते में दर्ज मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच की गई, जिससे उसके द्वारा उपयोग किया जा रहा वास्तविक मोबाइल नंबर ट्रेस किया गया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने दिनांक 10.0 1.2026 को थाना क्षेत्र कुनिगल, जिला तुमकूरु (कर्नाटक) से आरोपी को गिरफ्तार किया। दिनांक 12.01.2026 को आरोपी को माननीय न्यायालय बैढन, सिंगरौली में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया।
आवश्यक कार्यवाही उपरांत 13.01.2026 को पुनः माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी,चौकी प्रभारी जयंत उनि. सुधाकर सिंह परिहार,सायबर सेल उनि. पवन सिंह एवं उनकी टीम सउनि. दीपनारायण, रवि गोस्वामी, प्र.आर. सुबोध सिंह, सुनील मिश्रा, वीरेन्द्र पटेल आर. प्रकाश सिंह, सुरेन्द्र यादव,सैनिक रमेश द्विवेदी की अहम एवं सराहनीय भूमिका रही।

# मस्तीपुर में नीरज सिंह के स्वागत से गूंजा क्षेत्र, भाजपा कार्यकताओं में दिखा उत्साह

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ,निगोहा क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेश्वर द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जुटे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने देश के गृह मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता नीरज सिंह का भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया। फूल-मालाओं, नारों और जयघोष के बीच नीरज सिंह का अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भाजपामय हो गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीरज सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकारें ‘सबका साथ–सबका विकास’ के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा संगठन का प्रमुख लक्ष्य है। नीरज सिंह ने युवाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता को सराहनीय बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं की निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने कार्य कताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुधांशु सिंह, मनोज द्विवेदी, गिरजा शंकर मिश्रा, सचिन मिश्रा, राजीव त्रिवेदी, कुलदीप शुक्ला, सूर्य कुमार द्विवेदी, प्रदीप सिंह, देवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं नवीन मिश्रा, दीपु सिंह, मुकेश द्विवेदी सहित स्थानीय पदाधिकारियों ने नीरज सिंह का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

नीरज सिंह के आगमन से क्षेत्रीय भाजपा कार्य कताओं में नया जोश और ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों को लेकर भी चर्चा की गई।

# निगोहा में ट्रेन से कटकर अर्धमानसिक युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ,निगोहां थाना क्षेत्र के शेखनखेड़ा निवासी एक अर्ध मानसिक विक्षिप्त युवक ने मंगलवार को टिकरा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने लेटकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शेखनखेड़ा निवासी तेज नारायण ने बताया कि उनका 18 वर्षीय छोटा बेटा सूरज, जो अर्ध मानसिक विक्षिप्त था, मंगलवार सुबह बिना बताए घर से निकल गया था। परिजन उसकी खोजबीन में लगे हुए थे कि इसी बीच लोको पायलट ने रेलवे ट्रैक पर युवक के कटने की सूचना जीआरपी को दी।सूचना मिलते ही जीआरपी और निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन खोजते हुए निगोहां थाने पहुंचे तो उन्हें सूरज की मौत की जानकारी मिली, जिसके बाद घर में मातम छा गया।मृतक सूरज परिवार में सबसे छोटा था। उसके एक बहन और तीन भाई हैं। बड़े भाई संजय व संदीप मजदूरी करते हैं, जबकि पिता तेज नारायण प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।

# स्वामी का मानना था कि मनुष्य जैसा सोचता है,वैसा ही बन जाता है : प्रवीण गर्ग

**स्वामी विवेकानंद छात्रावास में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। (महेन्द्र जावला बहल)**

भिवानी। उठो, जागो और तब तक न रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न कर लो। स्वामी विवेकानंद जी के इन प्रेरणादायी विचारों को आत्मसात करते हुए स्थानीय डोभी तालाब चौक स्थित स्वामी विवेकानंद छात्रावास में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एवं स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रवीन गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला।




प्रवीन गर्ग ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए सच्चे अर्थों में प्रेरणास्रोत हैं। उनका संपूर्ण जीवन युवाओं को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और राष्ट्र सेवा की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को नकारात्मकता से दूर रखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मबल से परिपूर्ण बनाते हैं। स्वामी जी व्यक्ति को अनंत शक्ति का स्रोत मानते थे और उनका मानना था कि मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। इसलिए हमें सदैव सकारात्मक और रचनात्मक विचारों को अपनाना चाहिए।

गर्ग ने स्वामी विवेकानंद के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि हम वही हैं, जो हमारे विचारों ने हमें बनाया है, इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने विचारों की दिशा सही रखें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वामी विवेकानंद दूसरों के लिए जीने को ही सच्चा जीवन मानते थे। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए स्वामी विवेकानंद छात्रावास का संचालन किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

प्रवीन गर्ग ने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता उसके उद्देश्य और सेवा भाव पर निर्भर करती है। संस्थान जितना बड़ा होगा, उसकी उपलब्धियां उतनी ही शानदार होंगी। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद का यह संदेश भी याद दिलाया कि कोई भी व्यक्ति हमें पढ़ा या आध्यात्मिक नहीं बना सकता, यह कार्य हमें स्वयं अपने भीतर से करना होता है। आत्मा से बड़ा कोई शिक्षक नहीं है, इसलिए स्वयं पर विश्वास रखना और अपनी क्षमताओं को पहचानना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद छात्रावास समिति के महासचिव विजय टुटेजा, कोषाध्यक्ष नवीन, दिनेश कुमार सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# देश को मजबूत करने के लिए युवा हमेशा रहें तैयार: सुरेंद्र सिंगल

- माय भारत द्वारा जिले के युवा मंडलों को खेल किट की भेंट
- युवा स्वामी विवेकानंद को बनाए आइकॉन: मीनू अग्रवाल
- 101 युवाओं व खिलाड़ियों को सम्मान देकर किया गया प्रोत्साहित

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। माय भारत केंद्र ,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान मे नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति व माय युवा भारत केंद्र भिवानी द्वारा जारी सात दिवसीय राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दुसरा चरण यूथ हॉस्टल में जिले भर से पहुंचे युवा मंडलों को खेल किट भेंट की गई।

ताकि युवा खेलों के साथ ग्रामीण अंचल में युवाओं को स्वास्थ्य रूप से मजबूत रख सकें। दूसरे चरण के कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिनार फैब्रिक के निदेशक नरेश अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन अधिकारी की धर्मपत्नी सुमन विश्वकर्मा, समाजसेवी दीपक तोला, जिला युवा पुरस्कार विजेता संदीप कुमार लोहारू, पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा के मीडिया सलाहकार रितिक वधवा, राजकुमार कांटिया, समाजसेवी प्रवीण गोलागढ़, धर्म सेना धूप सिंह, खेल जगत से रामपाल पहलवान, राष्ट्रीय एकता पुरस्कार विजेता कमल कुमार, राज्य पुरस्कार विजेता अनीता देवी, देवराला युवा क्लब प्रधान संदीप देवराला सहित अनेक गणमान्य वक्ता के रूप उपस्थित रहे।







राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंगल ने कहा कि देश के कर्णधार युवा शक्ति है, यदि युवाओं के अंदर स्वामी विवेकानंद जैसे महान शख्सियत के विचारों को लेकर ऊर्जा पैदा की जाए तो भारत के युवा दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं । उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन को अपनाने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश और दुनिया में युवाओं के अंदर एक ऐसा जज्बा पैदा किया जिसको लेकर केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया स्वामी विवेकानंद को बड़े आदर के साथ सम्मान देती है। इसलिए युवाओं को इस प्रकार के आदर्श से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल व शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार के महान पुरुषों के जीवन दर्शन पर भी हमें फोकस करना चाहिए, ताकि जब भी युवा शक्ति कि देश को जरूरत हो तो वह हमेशा एक सिपाही की तरह तैयार हो सके।

कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन अधिकारी की धर्मपत्नी सुमन विश्वकर्मा ने युवाओं को टिब्बी जैसी बीमारी के बारे जागरूक किया। उन्होंने भारत वॉलिंटियर व निक्षय मित्र की भी जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, समाजसेवी दीपक तोला , भाजपा युवा नेता रितिक वधवा ने कहा युवा स्वामी विवेकानंद को अपना आइकॉन बनाए और उनके जीवन सीखें कि उन्होंने देश को मजबूत कैसे किया।

माय भारत केंद्र व युवा कार्यक्रम मंत्रालय भारत सरकार से संबंधित संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि काफी समय से युवा शक्ति व युवा मंडल निष्क्रिय बने हुए थे, उनके अंदर नई ऊर्जा शक्ति पैदा करने के लिए यह सात दिवसीय राष्ट्रीय युवा सप्ताह कार्यक्रम रखा है ताकि युवा समाज और राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़े। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अबतक 101युवाओं को सम्मान दिया गया और जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव व लेखाकार जितेंद्र सैनी ने 11 युवा मंडलों को खेल किट भेंट की है, जिसमें फुटबॉल, बॉलीबॉल, बास्केट बॉल सहित अनेक खेल सामग्री शामिल है। ताकि युवा खेल के माध्यम से युवाओ मुख्य धारा से जोड़ सके। इससे युवा नशे जैसी बुराई से दूर रहेंगे।

# अत्याचार निवारण अधिनियम एवं मैनुअल स्कैवेंजर्स पुनर्वास पर बैठक आयोजित

**समाज जागरण**

कालांवाली, 13 जनवरी (सुरेश जोरासिया) अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय स्थायी निगरानी समिति तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स की पहचान एवं पुनर्वास से संबंधित बैठक उपमंडल अधिकारी (ना.) मोहित कुमार की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय में आयोजित की गई।



उन्होंने निर्देश दिए कि एससी/एसटी वर्ग के किसी भी व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार की स्थिति में तुरंत मामला दर्ज किया जाए तथा पीड़ित को नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एससी/एसटी एक्ट के तहत दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता राशि प्रदान की जा सके।

बैठक में डीएसपी संदीप कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी कालांवाली अशोक कुमार, एसडीओ पब्लिक हेल्थ, पार्षद पूर्ण नागर, मंगत राम, गुरमीत सिंह और सोमी सिंह उपस्थित रहे।

# दिनेश सुरपुरा बने जननायक जनता पार्टी के युवा हल्का अध्यक्ष

**इससे पहले दिनेश सुरपुरा इनसो के पांच बार हल्का अध्यक्ष रह चुके हैं**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 13, जनवरी। जननायक जनता पार्टी ने दिनेश सुरपुरा को हल्का लोहारू से जननायक जनता पार्टी की तरफ से युवा हल्का अध्यक्ष की ज़िम्मेदारी दी है। इससे पहले दिनेश सुरपुरा इनसो के पांच बार हल्का अध्यक्ष रह चुके हैं। इनकी पहचान एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी रही है। दिनेश सुरपुरा किसान आंदोलन सहित समाजिक मुद्दों को लेकर पहचान रखते हैं। सुरपुरा को हल्का अध्यक्ष बनाए जाने पर सैकड़ों पार्टी कार्यकताओं ने उसको बधाई दी है और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में पूर्व पार्टी प्रत्याशी अल्का आर्य, देवेन्द्र नकीपूर, सुरेंद्र राठी, राजकुमार ओबरा, सत्यवीर पिलानियां, जयवीर सरपंच, सुरेंद्र किलका, प्रदीप बिधनोई, सतपाल तलवानी, राजेश छिंपा, सुरेंद्र सिहाग, संदीप नागल, हिम्मत जावला आदि शामिल हैं।


दिनेश सुरपुरा

# "प्लाटून कमांडर विंग" परिवार को समर्पित काव्य संग्रह, "स्मृतियों का सिपाही" का भव्य लोकार्पण

**समाज जागरण कृष्ण चतुर्वेदी**

(दिल्ली) सुबेदार नफे सिंह योगी मालड़ा प्लाटून कमांडर विंग,( ग्यारह कुमाऊँ), सुपुत्र श्री बलबीर सिंह (पी टी आई), माता जी श्रीमती विजय देवी, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा), अपनी परंपरा को निरंतर बरकरार रखते हुए, एक बार फिर अपनी स्वरचित पुस्तक "स्मृतियों के सिपाही ( काव्य संग्रह), को अपने साहित्यिक गुरु आदरणीय डॉ. मनोज भारत जी और जूनियर लीडर विंग के समस्त अधिकारीगण एवं द्रोणाचार्यों के मार्गदर्शन से, अपने पूरे प्लाटून कमांडर विंग परिवार के साथ, लोकार्पण एवं विमोचन समारोह को सफल बनाने का एक बार फिर पुनः सौभाग्य प्राप्त हुआ।

सबसे बड़ी खुशी और गौरव की बात तो यह है कि... जिस पुस्तक का लोकार्पण जिस परिवार के साथ किया जा रहा है, वह पुस्तक भी उसी परिवार को ही समर्पित है। यानी सोने पर सुहागा, यह पुस्तक "प्लाटून कमांडर विंग" को सादर समर्पित की गई है, और आज इस पुस्तक का लोकार्पण भी जूनियर लीडर विंग कमांडर मेजर जनरल राकेश मनोचा सेना मैडल, विशिष्ट सेवा मेडल के हाथों, प्लाटून कमांडर कोर्स के सफल समापन सम्बोधन समारोह के दौरान किया गया है, जिसमें प्लाटून कमांडर विंग के सभी अधिकारीगण एवं द्रोणाचार्यों के साथ भारतीय सेना के सभी जूनियर लीडर उपस्थित थे, जो प्लाटून कमांडर कोर्स 290 का हिस्सा थे।

सूबेदार नफे सिंह ने इससे पहले प्लाटून कमांडर विंग को " पी सी विंग बैटल किंग" गान भी समर्पित किया है, जो... एक ऐतिहासिक यादगार के रूप में एकलव्य मैस की गैलरी वॉल पर लगाया गया है। सुबेदार नफे सिंह इस उपलब्धि का सम्पूर्ण श्रेय अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं साथी द्रोणाचार्यों को देते हैं, जिन्होंने समय-समय पर मार्गदर्शन किया और सकारात्मक माहौल भेंट किया।



अपने दादा जी-दादी जी, माता जी-पिता जी और गुरुजनों का आशीर्वाद, परिवारजनों का प्रेम तथा शुभचिंतकों की दुआओं से आज सुबेदार नफे सिंह योगी मालड़ा अपने सपनों को साकार करने में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने अभी तक कुल 30 किताबें लिखी हैं। जिनमें एकल संग्रह की ग्यारह पुस्तकें देश की बात (2017), मंजिल से पहले रुकना मत(2018), मौत से मस्ती (2019), कातिल कोरोना (2020), ऐसे कैसे मर जाऊँगा (2021), किसके बिन है कौन अधूरा (2022), सबर किया है सबरी कि ज्यों(2023), बारूद और भावनाएँ (2024), जल्दी घर तुम आना बेटा (2025), सूखा समंदर (2025) और "स्मृतियों का सिपाही" (2026), है। इसके साथ-साथ प्रकाशित पुस्तकें सांझा संकलन की 19 पुस्तकें लिखी हैं, जिसमें, काव्य संग्रह की 13 पुस्तकें, कहानी संग्रह की 03 पुस्तकें, लघुकथा की संग्रह 02 पुस्तकें और संस्मरण संग्रह की 01 पुस्तक हैं।

इसके अलावा हिंदी साहित्य के पत्र पत्रिकाओं में 25 साल से रचनाओं का निरंतर प्रकाशन व हिंदी साहित्य के सैकड़ो संस्थानों एवं समूहों द्वारा अनेकों बार पुरस्कृत एवं सम्मानित होने का सौभाग्य भी प्राप्त किया है। नफे सिंह योगी मालड़ा अपनी सभी उपलब्धियों का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुवर डॉ मनोज भारत जी, परिवारजन, डबल फर्स्ट फैमिली, शुभचिंतक एवं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन देने वाले सभी मित्रगण, सहयोगी एवं रिश्तेदारों को देता है।

इसके साथ-साथ डबल फर्स्ट बटालियन, पी सी विंग परिवार और अपने गाँव की हवा, पानी, धूल एवं मिट्टी को भी शत शत नमन करते हुए आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने तन में ताकत, हृदय में हिम्मत और किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने का सामर्थ्य प्रदान किया। उनका कहना है कि... अगर माँ सरस्वती का आशीर्वाद इसी प्रकार से रहा तो आजीवन साहित्य सृजन से माँ भारती की सेवा करता रहूँगा।

**सुबेदार नफे सिंह योगी मालड़ा प्लाटून कमांडर विंग (ग्यारह कुमाऊँ)**

# हरियाणा पुलिस की सख्त कार्रवाई: गैंगस्टर संस्कृति को बढ़ावा देने वाले 67 गीत डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाए गए

**समाज जागरण चंडीगढ़/हरियाणा।**

हरियाणा पुलिस ने गैंगस्टर संस्कृति, अवैध हथियारों और हिंसा का महिमामंडन करने वाले कंटेंट के खिलाफ बड़ी और सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने युवाओं को गुमराह करने वाले 67 आपत्तिजनक गीतों को विभिन्न डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवा दिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इन गीतों के माध्यम से अपराध, गैंगस्टर लाइफस्टाइल और हथियारों को ग्लैमराइज किया जा रहा था, जिसका युवाओं की मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। इसे गंभीरता से लेते हुए हरियाणा पुलिस ने ऐसे कंटेंट पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है।




पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल कंटेंट बनाने वाले ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर अपराधियों से जुड़े पोस्ट को लाइक, शेयर या प्रमोट करने वाले यूजर्स भी अब पुलिस की निगरानी में रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

हरियाणा पुलिस का कहना है कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और युवाओं को अपराध की ओर जाने से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। आगे भी ऐसे सभी डिजिटल कंटेंट पर कड़ी नजर रखी जाएगी, जो समाज में हिंसा और अपराध को बढ़ावा देता है।

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में "मीडिया, समाज और डिजिटल युग में सार्वजनिक विमर्श" पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

**समाज जागरण**

फरीदाबाद। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में मीडिया, समाज और डिजिटल युग में सार्वजनिक विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 17 एवं 18 मार्च, 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न होगा। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें देशभर से मीडिया विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधार्थी और पत्रकार भाग लेंगे। सम्मेलन में डिजिटल युग में मीडिया की भूमिका, सामाजिक विमर्श, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, फेक न्यूज, सोशल मीडिया के प्रभाव और सार्वजनिक संवाद के बदलते स्वरूप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।

आयोजकों के अनुसार, इस सम्मेलन का उद्देश्य मीडिया और समाज के आपसी संबंधों को समझना तथा डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के बीच लोकतांत्रिक संवाद को सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श करना है। सम्मेलन के दौरान शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे और विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सत्रों को संबोधित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को अकादमिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए इसे मीडिया अध्ययन के क्षेत्र में एक सार्थक पहल बताया है।

# सॉयल हेल्थ कार्ड योजना की समीक्षा, किसानों को वैज्ञानिक मार्गदर्शन पर जोर

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने सॉयल हेल्थ कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मिट्टी की जांच केवल एक औपचारिक प्रक्रिया बनकर न रह जाए, बल्कि इसका वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंचे।

मंत्री श्री राणा ने कहा कि सॉयल हेल्थ कार्ड के माध्यम से किसानों को बिजाई से लेकर फसल कटाई तक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, उपयुक्त फसल चयन और उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक मार्गदर्शन मिलना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मिट्टी की गुणवत्ता के अनुसार खेती करने से लागत घटेगी और उपज में वृद्धि होगी।

समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मिट्टी जांच रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से किसानों तक पहुंचाई जाए और उन्हें सरल भाषा में इसकी जानकारी दी जाए, ताकि किसान सॉयल हेल्थ कार्ड का सही उपयोग कर सकें।

मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पलवल से प्रयागराज माघ मेला के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू

**समाज जागरण**

पलवल। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पलवल से प्रयागराज माघ मेला के लिए विशेष बस सेवा की शुरूआत की गई है। इस स्पेशल बस सेवा को हरियाणा के खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस सेवा प्रतिदिन सुबह 8 बजे पलवल बस स्टैंड से रवाना होगी और श्रद्धालुओं को सीधे प्रयागराज पहुंचाएगी। बस का किराया 900 प्रति यात्री निर्धारित किया गया है। इस पहल से माघ मेला के दौरान संगम स्नान एवं दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रयास कर रही है। यह विशेष बस सेवा माघ मेला में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय समारोह

**समाज जागरण**

कुरुक्षेत्र। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र जिले के उमरी में भव्य राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय आयोजन के लिए प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों तथा आम नागारिकों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य संत गुरु रविदास जी के समता, समानता और सामाजिक न्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।

मंत्री श्री पंवार ने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और मानवता का संदेश देते हैं। यह समारोह प्रदेश में सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और आयोजन को भव्य व सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।












# शिक्षकों के लिए बड़ी खबर, अप्रैल तक पूरी होगी तबादला प्रक्रिया, नए सत्र में पढ़ाई पर नहीं पड़ेगा कोई असर

**समाज जागरण**

भोपाल। मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने आगामी शैक्षणिक सत्र को सुचारु बनाने के लिए एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। नए सत्र में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया अप्रैल माह के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। इस बार शैक्षणिक सत्र मार्च-अप्रैल में शुरू होते ही तबादला प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूल खुलते ही स्कूलों में शिक्षकों की कमी न रहे और न ही बीच सत्र में तबादलों से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो, इस कारण इसके पहले ही तबादला प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रहेगी।




**शिक्षकों का समायोजन कर तबादला प्रक्रिया शुरू की जाएगी-:**

पिछले साल मई से जुलाई तक तबादला प्रक्रिया चलने से स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था बिगड़ गई थी। पिछले साल ऑनलाइन आवेदन करीब 30 हजार शिक्षकों ने किया था, लेकिन तबादला करीब पांच हजार का हुआ था। इसका कारण यह था कि शिक्षा पोर्टल पर रिक्त पदों को अपडेट नहीं किया गया था। इस कारण अधिक संख्या में शिक्षक तबादले से वंचित रह गए। वहीं एमपी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर का कहना है कि शिक्षा पोर्टल को पहले अपडेट किया जाए और अतिशेष शिक्षकों का समायोजन कर तबादला प्रक्रिया शुरू की जाए। बता दें, कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में करीब चार लाख शिक्षक पदस्थ हैं।

**इन्हें विशेष प्राथमिकता दी जाएगी-:**

इस वर्ष की तबादला नीति में दो वर्गों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षकों के आवेदनों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उन्हें उनके गृह क्षेत्र के पास पदस्थ किया जाएगा। साथ ही ऐसे शिक्षक दंपति जो अलग-अलग जिलों में पदस्थ हैं, उन्हें परिवार के साथ रहने की सुविधा देने के लिए पहली प्राथमिकता के आधार पर तबादले का लाभ मिलेगा।

**शैक्षणिक कैलेंडर पर नहीं पड़ेगा असर-:**

अक्सर देखा जाता है कि अगस्त या सितंबर में तबादले होने से स्कूलों की समय-सारणी बिगड़ जाती है। इस बार अप्रैल में प्रक्रिया पूरी होने से शिक्षकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने और वहां की व्यवस्थाओं को समझने का पर्याप्त समय मिल सकेगा। इस बार शिक्षकों की तबादला प्रक्रिया अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी, ताकि नए सत्र में स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित न हो - कमल सोलंकी, उपसचिव, स्कूल शिक्षा।

# 30 हजार आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों का हल्लाबोल, 9 फरवरी से शुरू होगा आंदोलन

**समाज जागरण**

भोपाल। मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले 30 हजार से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अपनी जायज मांगों को लेकर नौ फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन करेगा। इसमें मेडिकल कॉलेजों से लेकर गांव के उप-स्वास्थ्य केंद्रों तक में कार्यरत वे कर्मचारी शामिल हैं, जो बरसों से स्थायी प्रकृति का काम कर रहे हैं, लेकिन आज भी न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा के लिए तरस रहे हैं।



**काम 25 हजार का, हाथ में सिर्फ 10 हजार-:**

संघ का आरोप है कि शासन किसी पद के लिए 20 से 25 हजार रुपए स्वीकृत करता है, लेकिन ठेकेदारी प्रथा और प्रशासनिक कटौती के चलते कर्मचारी के हाथ में मात्र आठ से 12 हजार रुपए ही आते हैं। बढ़ती महंगाई के बीच जहां नियमित कर्मचारियों का डीए बढ़ता है, वहीं इन आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय बरसों से जस का तस बना हुआ है।

**छह चरणों में सरकार को घेरने की तैयारी-:**

संघ ने अपनी मांगों को मनवाने के लिए छह चरणों में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। पहला चरण (9-10 फरवरी) तक रहेगा, जिसमें जिला स्तर पर सीएमएचओ को प्रमुख सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। दूसरा चरण (16-18 फरवरी) में प्रदेशभर में कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे। तीसरे चरण (23-24 फरवरी) में भोपाल में एनएचएम कार्यालय और उपमुख्यमंत्री के बंगले के सामने सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। चौथे चरण (दो मार्च) में जिला स्तर पर सरकार की नीतियों का पदार्फाश किया जाएगा। पांचवें चरण (10-11 मार्च) में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपेंगे। छठे चरण (सात अप्रैल) में भोपाल की सड़कों पर महा-आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा। प्रमुख मांगेः जिन पर अड़ा है संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ-: ठेकेदारी प्रथा खत्म कर सीधा मानदेय भुगतान। काम के बदले समान और युक्तिसंगत पारिश्रमिक। सेवा नियम, महंगाई भत्ता और सामाजिक सुरक्षा का लाभ। वेतन से होने वाली अनुचित कटौती पर तत्काल रोक

## डोंगरिया टोला, बरगवा की पहाड़ी पर स्थित ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति में उमड़ेगी भक्तों की भीड़

**समाज जागरण**

अमलाई । अमलाई स्टेशन से महज आधा किलोमीटर दूर डोंगरिया टोला, बरगवा क्षेत्र की पहाड़ी पर स्थित ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर, जिसका निर्माण पिछले वर्ष ही पूर्ण हुआ है, अब बहुत कम समय में ही श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियाँ की गई हैं। पहाड़ी पर स्थित होने के कारण यह मंदिर प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और शांत वातावरण से घिरा हुआ है, जो भक्तों को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। मकर संक्रांति के अवसर पर यहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है। इसे देखते हुए मंदिर समिति द्वारा साफ-सफाई, सजावट, प्रकाश व्यवस्था और दर्शन व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। पहाड़ी पर स्थित मंदिर, आस्था और प्रकृति का अनूठा संगम ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर पहाड़ी पर स्थित होने के कारण यहाँ से आसपास का मनोरम दृश्य दिखाई देता है। प्राकृतिक वातावरण, शुद्ध हवा और शांत माहौल श्रद्धालुओं को ध्यान और साधना के लिए विशेष रूप से आकर्षित करता है। मकर संक्रांति के अवसर पर भक्तजन न केवल दर्शन के लिए बल्कि प्रकृति के बीच आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करने के लिए भी यहाँ पहुँचेंगे।

**ग्यारह मुखी हनुमान जी की दिव्य महिमा**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्यारह मुखी हनुमान जी भगवान शिव के ग्यारह रुद्र रूपों के प्रतीक माने जाते हैं। इनके सभी मुख अलग-अलग शक्तियों के द्योतक हैं। ग्यारह मुखी हनुमान जी की आराधना से– सभी प्रकार के भय और संकटों से रक्षा होती है शत्रु बाधाएँ समाप्त होती हैं आत्मबल, साहस और बुद्धि में वृद्धि होती है नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है मान्यता है कि ग्यारह मुखी हनुमान जी के दर्शन मात्र से भक्तों के रुके हुए कार्य पूर्ण होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कम समय में बना श्रद्धा का केंद पिछले वर्ष निर्मित यह मंदिर बहुत ही कम समय में क्षेत्र वासियों और दूर-दराज के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गया है। नववर्ष पर यहाँ उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि ग्यारह मुखी हनुमान जी का यह दरबार श्रद्धा, विश्वास और शक्ति का प्रतीक बनता जा रहा है।
मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से शांति पूर्ण ढंग से दर्शन करने, स्वच्छता बनाए रखने और धार्मिक मर्यादाओं का पालन करने की अपील की है। मंदिर निर्माण के उपरांत मकर संक्रांति का यह पहला अवसर होगा ।मंदिर पहाड़ी की गोद में स्थित आस्था और प्रकृति के संगम के रूप में श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा।

**तीन दिवसीय मेले का आयोजन**

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के समीप मेला मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है जो कि 11 मुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर से मात्र आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित है।

## करोड़ों का सौंदर्यीकरण, पर खेल मैदान गायबः अतिक्रमण में सिमटती जमीन, दम तोड़ती धनपुरी की खेल प्रतिभाएं

**समाज जागरण**

धनपुरी। नगर पालिका ने नगर सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर दिए, लेकिन खेलकूद के लिए न तो एक भी विकसित मैदान बनाया गया और न ही शासकीय स्टेडियम की कोई ठोस योजना सामने आई। हालात यह हैं कि वर्षों पहले मौजूद खेल मैदान अतिक्रमण, गंदगी और उपेक्षा की भेंट चढ़ते हुए लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं।



**विकास दिखा, खेल छूटा**

नगर में सड़कों, चौराहों और सौंदर्यीकरण पर खर्च हुआ, लेकिन खेल अधोसंरचना पूरी तरह उपेक्षित रही। खिलाड़ियों के लिए मैदान, ट्रैक, ड्रेसिंग रूम या कोचिंग की कोई व्यवस्था नहीं। धनपुरी और आसपास के क्षेत्र के कई खिलाड़ियों ने संभागीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर नगर का नाम रोशन किया, लेकिन मैदानों की कमी के कारण अनेक प्रतिभाएं शुरूआती दौर में ही दबकर रह गईं। नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण के बिना नई पीढ़ी खेलों से दूर होती जा रही है।

**टूनामेंट होता है, स्टेडियम नहीं**

नगर पालिका हर साल अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल टूनामेंट कॉलरी नंबर-3 स्थित सुभाष स्टेडियम में कराती है, लेकिन विडंबना यह है कि नगर पालिका के पास खुद का एक भी खेल स्टेडियम नहीं है। पूर्व खिलाड़ियों का कहना है कि बच्चे अगर बचपन में खेलेंगे नहीं, तो खिलाड़ी कैसे बनेंगे। खेल शारीरिक ही नहीं, मानसिक विकास का भी माध्यम हैं। महिलाओं के लिए भी खेल मैदान योग, सैर और स्वास्थ्य सुधार का बड़ा साधन बन सकते हैं।

**कोयलांचल की प्रतिभाएं हाशिये पर**

मुख्यालय से लगे सोहागपुर कोयलांचल क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं मैदान जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही हैं। शहडोल फुटबॉल क्लबों के गठन से उम्मीद जगी है कि खेल गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। नगर में मां ज्वालामुखी मैदान, बाबूलाल ग्राउंड, ब्रिटिश ग्राउंड (विलेज नंबर-1), मैगजीन सिद्ध बाबा ग्राउंड जैसी कीमती खेल भूमि अतिक्रमण की चपेट में आ चुकी है। हालात ऐसे हैं कि यहां खेलना तो दूर, खड़ा होना भी मुश्किल है।

**बाबूलाल ग्राउंड सिमटता जा रहा**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाबूलाल ग्राउंड की जमीन पर ईंट-भट्टा संचालक बेजा कब्जा कर रहे हैं। नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं।

**सड़कों पर अभ्यास, मैदान नदारद**

खेल मैदान न होने से युवा सुबह-शाम सड़कों पर दौड़ लगाते नजर आते हैं। फुटबॉल और क्रिकेट के लिए स्कूल मैदान या दशहरा मैदान का सहारा लेना पड़ता है। क्षेत्र में हर वर्ष दो से तीन क्रिकेट टूनामेंट स्थानीय खेल प्रेमियों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। उद्घाटन और समापन समारोह में जनप्रतिनिधियों से स्टेडियम और सुविधाओं की मांग होती है, लेकिन हर बार आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है।

**खिलाड़ियों का दर्द**

युवाओं का कहना है कि अच्छे स्टेडियम और प्रशिक्षकों के अभाव में यहां के खिलाड़ी यहीं के होकर रह गए हैं। देश के लिए कुछ करने का जज्बा मैदान न मिलने से दबकर रह गया है।

**प्रशासन से उम्मीद की नजर**

स्थानीय नागरिकों ने संभागायुक्त शहडोल और जिला प्रशासन से मांग की है कि नगर के खेल मैदानों को अतिक्रमण से मुक्त कर सुरक्षित किया जाए और एक आधुनिक स्टेडियम का निर्माण कराया जाए, ताकि धनपुरी की दबती खेल प्रतिभाओं को नया मंच मिल

## स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज, पहले मुकाबले में रोमांचक मुकाबला

### कोरिया ने बुढार को एक रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश




**समाज जागरण**

बुढार ।स्थानीय स्व.कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में मंगलवार को अखिल भारतीय विधायक गोल्ड लैदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आई 10 टीमों की भागीदारी वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह खेलप्रेमियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। उद्घाटन के साथ ही टूर्नामेंट का पहला मुकाबला भी खेला गया, जिसने दर्शकों को रोमांच से भर दिया।

**उद्घाटन समारोह में दिखा उत्साह**

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ.केदार सिंह रहे , कार्यक्रम की अध्यक्षता धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्षा श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद बुढार की अध्यक्षा शालिनी सरावगी एवं बकहो नगर परिषद की अध्यक्षा मौसमी केवट रहीं अतिथियों के रूप में हनुमान खंडेलवाल, वैभव विक्रम सिंह, शेखर चौधरी , राकेश पांडे, दौलत मनवानी , संतोष लोहानी ,रिलायंस फाउंडेशन से अजीत सिंह कामता गौतम , पीके भगत ,युनुस खान आदि उपस्थित रहे । इस अवसर पर जिले के कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि ऐसे टूनामेंट युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम हैं और खेल भावना को मजबूत करते हैं। फ्रेंड्स क्लब बुढार के अध्यक्ष श्री कैलाश विशनानी ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि टूनामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा और फाइनल मुकाबला आगामी 21जनवरी को होगा। विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज और मैन ऑफ द टूनामेंट के लिए भी विशेष पुरस्कार रखे गए हैं, टूनामेंट के संयोजक जैतपुर विधानसभा के विधायक जयसिंह मरावी ने बताया कि पूरे आयोजन के पीछे का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारना एवं अन्य प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए एक उचित मंच प्रदान करना है ।

**पहला मुकाबला बना दर्शकों के लिए यादगार**

उद्घाटन के बाद टूर्नामेंट का पहला मैच डीसीए कोरिया और बुढार टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोरिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में टीम ने 7विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज घनश्याम ने शानदार 75 रन की पारी खेली, जबकि बल्लेबाज पवन ने तेजी से32 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। विपक्षी टीम की ओर से गेंदबाज पीयूष ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुढार टीम ने आक्रामक शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज रितेश ने 38 गेंदों में 70 रन बनाकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंतिम ओवरों में दर्शकों की धड़कनें तेज हो गईं, लेकिन सधी हुई गेंदबाजी के दम पर कोरिया टीम ने मैच 1 रन से अपने नाम कर लिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार घनश्याम को दिया गया। यह पुरस्कार बुढार के लोकअभियोजक आलोक राय ने प्रदान किया , बुढार टीम के प्रायोजक वैभव विक्रम सिंह जबकि कोरिया टीम के प्रायोजक जगन्नाथ शर्मा रहे । मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की , जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद , अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया।

**खेलप्रेमियों में उत्साह**

उद्घाटन मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी स्टेडियम पहुंचे। दर्शकों ने खिलाड़ियों का तालियों और नारों के साथ उत्साहवर्धन किया। आयोजकों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मुकाबले और भी रोमांचक होंगे और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर अवसर मिलेगा। अखिल भारतीय लैदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का यह शुभारंभ स्थानीय खेल संस्कृति को नई ऊर्जा देने के साथ-साथ क्षेत्र के उभरते क्रिकेटरों के लिए एक मजबूत मंच साबित होता नजर आ रहा है।

**आयोजन में उनकी है प्रमुख भूमिका**

यह पूरा आयोजन बुढार नगर की खेल एवं सामाजिक संस्था फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वाधान में किया जा रहा है संस्था के अध्यक्ष कैलाश विशनानी और संस्था के सदस्य अनिल सोनी, श्रीनिवास द्विवेदी , पवन नियर्सेस, अवधेश पांडे (पिंटू) , राजीव त्रिपाठी , महेंद्र त्रिपाठी , राकेश त्रिपाठी इत्यादि के देखरेख में खेला जा रहा है ।

# अपराधियों को पकडड्ने वाली गाड़ी डायल 112 को नागरिकों ने धक्का लगाकर किया स्टार्ट

**समाज जागरण**

सतना। बीते स्वतंत्रता दिवस कि पूर्व संध्या पर सीएम मोहन यादव ने नई पुलिस सेवा को हरी झंडी दिखाते हुए मिनिमम गवर्मेंट, मैक्सिम गवर्नेंस की तरफ कदम बढ़ाने का अहम कदम बताते हुए डायल 100 की जगह डायल 112 की नई पुलिस सेवा शुरू कि थी। इसके तहत सतना जिला को 25 एफआरवी (फास्ट रेस्पांस व्हीकल) कि सौगात मिली थी। लेकिन महज पांच माह बाद ही इन एफआरवी को धक्का प्लेट हो गई। सोमवार को जिला के नागौद थाना को मिली दो एफआरवी में से एक को पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से धक्का देकर स्टार्ट कराया। इसकी तस्वीर सामने आने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा डायल 100 को बदलकर शुरू की गई आपातकालीन सेवा डायल 112 की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। दरअसल यह पूरा घटनाक्रम सोमवार की दोपहर तीन बजे नागौद-



उचेहरा मुख्य मार्ग पर पोड़ी चौकी के पास का है। जहां आपातकालीन सेवा में तैनात एफआरवी वाहन डायल 112 क्रमांक एमपी ०4 टी 03128 स्टार्ट होना बंद कर दी। वाहन में मोजूद वाहन चालक लम्बे समय तक वाहन को स्टार्ट करने का प्रयास में जुटा रहा। लेकिन वाहन स्टार्ट नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस वालों ने मौके पर मौजूद स्थानीय नागारिकों की सहायता के लिए बुलाना पड़ा और सबने मिलकर चमचमाती डायल 112 को धक्का लगाया। तब जाकर आपाकालीन वाहन स्टार्ट हुआ। इसके बाद वाहन को सीधे सर्विस सेंटर ले जाया गया। यह पूरा वाक्या लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। बातें इस बात कि भी कि जा रहीं है कि बीते लम्बे समय से बंद हुई एफआरवी वाहन की बैटरी संबंधी समस्या बनी हुई थी।

**इनका कहना है-:**

वाहन के सेल्फ में किसी प्रकार की तकनीकी खामी आ गई थी। आशोक पाण्डेय, थाना प्रभारी नागौद

# शहडोल के धनपुरी में बेटे ने ही अपनी मां की तलवार से की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 4 बजे एक बेटे ने अपने घर के आंगन में अपनी ही मां की तलवार से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल की गई तलवार भी जब्त कर ली है। घटना धनपुरी के कछियान टोला की है। यहां रहने वाली मुन्नी बाई दोपहर अपने घर के आंगन में कामकाज निपटा रही थीं। तभी उनका बेटा मोहन लोधी हाथ में नंगी तलवार लेकर वहां पहुंचा। इससे पहले कि मुन्नी बाई कुछ समझ पातीं, मोहन ने उन पर हमला बोल दिया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपित मोहन ने अपनी मां की गर्दन पर तलवार से एक के बाद एक तीन वार किए। हमला इतना भीषण था



कि मुन्नी बाई ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित तलवार लहराते हुए वहां से भाग निकला, जिससे क्षेत्र में डर फैल गया। हत्या की जानकारी मिलते ही धनपुरी पुलिस हरकत में आई और क्षेत्र की नाकाबंदी की गई। पुलिस ने कुछ ही देर में आरोपित मोहन लोधी को रास्ते से धर दबोचा। पुलिस ने उसके पास से खून से सनी तलवार भी बरामद कर ली है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दिवान ने बताया कि आरोपित के खिलाफ हत्या का मामला (BNS की धारा 103) दर्ज कर लिया है। हालांकि, बेटे ने अपनी मां को क्यों मारा, इसका असली कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर विवेकानंद स्कूल संजय नगर में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण**

संजयनगर। विवेकानंद जी का जीवन और उनके साहित्य का एक-एक शब्द राष्ट्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है उनकी शिक्षा उनके विचार राष्ट्र की एकता को मजबूत करते हैं, और युवाओं में शक्ति का सूत्रपात करते हैं उन्हें मजबूत बनाते हैं। उक्त आशय के उद्गार नगर परिषद अमलाई की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता ने संजय नगर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणादायिनी एवं स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य एवं भाषण की प्रस्तुति दी गई । संस्था के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्र प्रेम कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी



जिस जिसका उपस्थित अतिथियों ,अभिभावकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता विश्व प्रेमानंद जी महाराज ने कहा कि विवेकानंद जी ने ज्ञान,साहस और कर्तव्यभाव के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की चेतना जगाई। उनके आदर्श आज भी युवा पीढ़ी को सेवा, समर्पण और विकसित भारत के निमार्ण की दिशा में प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया ।युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संचालक ललित नारायण मिश्रा ,अभिषेक मिश्रा, रोहिणी पांडे, पूनम मिश्रा के अलावा अभिभावक उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का मूल उद्देश्य उन्हें एक स्वस्थ, संयमित तथा अनुशासित जीवनशैली की ओर प्रेरित करना रहा।

# धनपुरी में क्रिकेट का महाकुंभः 18 जनवरी से शहीद भगत सिंह सुपर 8 क्रिकेट टूनार्मेंट

### यज्ञ स्थल ग्राउंड नंबर-1 बनेगा रोमांचक मुकाबलों का गवाह, 32 टीमें लेंगी भाग

**समाज जागरण**

धनपुरी। नगर में खेल प्रेमियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में शहीद भगत सिंह सुपर 8 क्रिकेट टूनार्मेंट (सीजन-2) का आयोजन यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा किया जा रहा है। यह भव्य ओपन क्रिकेट टूनार्मेंट 18 जनवरी 2026 से यज्ञ स्थल ग्राउंड धनपुरी नंबर-1 में प्रारंभ होगा। टूनार्मेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और रोमांच दोनों ही ऊंचे होंगे। 32 टीमों की दमदार चुनौती शहडोल संभाग सहित आसपास के क्षेत्रों से चयनित 32 टीमें इस टूनार्मेंट में अपनी क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। बड़ी संख्या में टीमों की भागीदारी से धनपुरी में क्रिकेट का उत्सव जैसा माहौल बनने लगा है। फटाफट क्रिकेट, जबरदस्त रोमांच हर मुकाबला 8-8 ओवर का होगा। मैच को और रोमांचक बनाने के लिए पांचवां ओवर सुपर ओवर के रूप में खेला जाएगा। हर टीम में 8 खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी मैच सुबह 10 बजे से प्रारंभ होंगे। अंपायर का फैसला अंतिम आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि सभी मैचों में अंपायर का निर्णय अंतिम माना जाएगा। मैच प्रारंभ होने से पहले प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य रहेगा। इनामों की बारिश टूनार्मेंट को और आकर्षक बनाने के लिए आयोजकों ने शानदार पुरस्कार घोषित किए हैं–प्रथम पुरस्कारः ₹21,000/-द्वितीय पुरस्कारः ₹11,000/- हर मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार भी दिया जाएगा। दर्शकों के लिए भी खास आकर्षण टूनार्मेंट के साथ-साथ दर्शकों के लिए ₹20 का लकी ड्रॉ कूपन रखा गया है ।लकी ड्रॉ में मिलेंगे–कूलर,म्यूजिक सिस्टम मिक्सर ग्राइंडर,पाँच सांतवना पुरस्कार,लकी ड्रॉ फाइनल मैच के दिन खोला जाएगा। उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। मजबूत संरक्षक मंडल इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक मंडल की अहम भूमिका है। संरक्षक हैं–अंकित सिंह, एस.पी. सिंह,दीपक मांझी (लालु भैया),ओमी सिंह, चतुरानन्द सिंह ,माकडे सिंह, अनिल भारती ,पुनीत पनिका, मिनेश अग्रवाल। आयोजकों की अपील आयोजक यूथ क्रिकेट क्लब ने नगरवासियों और खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस क्रिकेट महोत्सव को ऐतिहासिक बनाएं। धनपुरी एक बार फिर क्रिकेट के रंग में रंगने को तैयार है‌जहां हर चौका-छक्का बनेगा जश्न का कारण।

# बुधवार को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया

**समाज जागरण**

शहडोल- एकदिवसी शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे भारतीय जनता पार्टी शहडोल संभाग के प्रभारी श्री गौरव सिरोठिया मंगलवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहडोल संभाग के प्रभारी श्री गौरव सिरोठिया जी दिनांक 14 जनवरी 2026 दिन बुधवार को एकदिवासी शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे श्री गौरव सिरोठिया जी प्रवास के दौरान शहडोल जिले के विभिन्न मंडलों मैं आयोजित बूथ की बैठकों में शामिल होकर कार्यकताओं से चर्चा करेंगे एवं आगामी कार्य योजना को लेकर बूथ स्तर के कार्यकताओं से संगठनात्मक चर्चा कर मार्गदर्शन करेंगे भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने सभी मंडल प्रभारी से आग्रह किया है कि मंडल का प्रवास तय कर मंडलों की बैठक करें साथ ही मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है
कि अपने-अपने मंडलों में पार्टी द्वारा दिए गए संगठनात्मक कार्य को पूरा कर मंडल प्रभारी को सूचित कर रिपोर्ट सौंपे।

# सपा का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा सोनभद्र, खनन हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये का चेक किया वितरित

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। बीते 15 नवंबर को हुए एक खदान हादसे में सात आदिवासी मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और प्रत्येक परिवार को एक लाख रुपये के चेक वितरित किए। सपा ने उत्तर प्रदेश सरकार से मृतकों के परिवारों को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। सपा सांसद वीरेंद्र सिंह आरोप लगाया कि सरकार बड़े लोगों के लिए काम करती है और कल्याणकारी राज्य के अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रही है। पार्टी ने सोनभद्र में पोकलेन जैसी बड़ी मशीनों और ब्लास्टिंग के जरिए हो रहे बेलगाम अवैध खनन पर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अवैध खदानों में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं, जिससे गहरी खुदाई और दीवारों के ढहने जैसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने क्षेत्र में अत्यधिक प्रदूषण के स्तर पर भी प्रकाश डाला, जिससे आम आदमी के लिए सांस लेना मुश्किल हो रहा है। सपा ने सवाल उठाया कि खनन से होने वाले प्रदूषण और अवैध खनन को रोकने के लिए कोई प्रावधान क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि ब्लास्टिंग और मशीनों से खनन पर रोक है। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से अवैध खनन में लिप्त लोगों पर अंकुश लगाने और उन्हें बेनकाब करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोनभद्र एक ऐसा जनपद है जो अपनी खनिज संपदा और बिजली उत्पादन से प्रदेश को भारी राजस्व देता है, लेकिन यहां के स्थानीय लोगों की स्थिति दयनीय है। सरकार पर आरोप लगाया गया कि उसे क्षेत्र की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है।प्रतिनिधिमंडल ने सरकार को असंवेदनशील बताते हुए कहा कि घटनास्थल से मात्र 5 किलोमीटर दूर 'आदिवासी गौरव' कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके बावजूद, मृतकों के प्रति कोई संवेदना व्यक्त नहीं की गई और न ही कोई मुआवजा दिया गया। सरकार पर संविधान के संरक्षण में अपनी भूमिका ठीक से न निभाने का भी आरोप लगाया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इससे पहले पीड़ित परिवार लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखि लेश यादव से मिले थे। उस मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने बच्चों को 30,000 रुपये नकद सहायता प्रदान की थी। वहीं से सभी परिवारों को 1 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा भी की गई थी। सपा प्रतिनिधिमंडल ने परिवारों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की, जहां छोटे बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पा रही है। सपा ने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार बनने पर निश्चित रूप से मदद की जाएगी, जिसमें प्रत्येक महिला को 40,000 रुपये की सहायता प्रदान करना शामिल है ताकि वे अपनी आजी विका चला सकें। पीड़ित परिवारों से मिली जानकारी के अनुसार, सरकार ने अपनी ओर से कोई सहायता नहीं दी है। उनके मुताबिक, केवल श्रमिक योजना के तहत 1.25 लाख रुपये की अनुबंधित राशि संबंधित विभाग द्वारा दी गई है। प्रतिनिधिमंडल ने खदान की वैधता, खनन नियमों का पालन, श्रमिकों की सुरक्षा के इंतजाम और आकस्मिक मृत्यु के बाद मुआवजे जैसे बिंदुओं पर सरकार से गहन जांच की मांग की। सपा प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से अपने कर्तव्य का पालन करने और प्रत्येक पीड़ित परिवार को मुआवजे के साथ-साथ धनराशि बढ़ाकर कम से कम 50 लाख रुपये देने की अपील की, ताकि वे अपना जीवन ठीक तरीके से चला सकें। खनन हादसे में परिवार के दो सदस्यों को खोने वाली पीड़िता ने कहा कि अखिलेश यादव के द्वारा भेजे गए प्रतिनिधियों के द्वारा उनके लिए एक-एक लाख रु का चेक दिया गया। पीड़िता ने कहा सरकार से उनकी मांग है कि 50 लाख रुपए के साथ-साथ हम पीड़ित परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाए।

वही सपा जिला उपाध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि लखनऊ मैं एक सपा की टीम सोनभद्र से गई थी और जो यहां के पीड़ित परिजन थे। उन्हें 25-25 हजार नगद एवं उनके रहने खाने की व्यवस्था करते हुए एक प्रति निधिमंडल का चयन किया गया था। जिसने पीड़ित के परिजनों के घर पर आकर उनको एक-एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया। रमेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद एवं उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। बता दे कि पार्टी नेताओं ने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। चेक सौंपते समय उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि पीड़ित परिवारों के दुख को कम नहीं कर सकती, लेकिन पार्टी हर हाल में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने न्याय की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का वादा किया। प्रतिनिधिमंडल में चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, भदोही के विधायक जाहिद बेग और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुश वाहा प्रमुख रूप से शामिल थे। नेताओं ने बिल्ली-मारकुंडी पहुंचकर पीड़ित परिवारों से अलग-अलग मुलाकात की और घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान परिवारजनों ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि खनन क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि हादसे के बाद जिम्मेदार लोग मौके से गायब हो गए थे। सपा नेताओं ने सोनभद्र के खनन क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आए दिन हो रहे हादसे इस बात का प्रमाण हैं कि मजदूरों की जान की कोई कीमत नहीं समझी जा रही।

सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि बिल्ली-मारकुंडी सहित पूरे खनन बेल्ट में अवैध खनन और ओवर लोडिंग खुलेआम हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग इस पर आंख मूंदे बैठे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक बड़े स्तर पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे रुकने वाले नहीं हैं।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**तेज रफ्तार में चलने वाले क्षमता से अधिक लोडेड वाहनों की जॉच कर की जाये जॉच- जिलाधिकारी**
**दुर्घटना बाहुल क्षेत्रों के आस-पास एम्बुलेंस की, जाये तैनाती- जिलाधिकारी**

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी, बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद में सड़को के किनारे जो 117 स्थान चिन्हित किये गये है उन स्थानों पर सड़क सुरक्षा नियमों से सम्बन्धित साइनेज बोर्ड लगाये जाये साइनेज बोर्ड में के माध्यम से लोगों से तेज रफ्तार मे वाहन न चलाये नशो की हालत में वाहन न चलाये व सड़क सुरक्षा नियमों के सम्बन्ध में विवरण साइनेज बोर्ड पर अंकित किये जाये, स्पीड़ ब्रेकर जहा पर अनावाश्यक रूप से गलत तरीके से बनाये गये है उन्हें सुचारू ठंग से बनाने की कार्यवाही की जाये। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के आस पास एम्बुलेन्स खडे किये जाये जिससे की किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल ट्रामा सेन्टर पर पहुचाया जाये समय से ईलाज प्रारम्भ हो सके और घायल व्यक्ति का जीवन बच सके। उन्होने कहा कि स्कूल के वाहनों के लिए नियमित रूप से चेकिंग की जाये सलखन से डाला के बीच में सड़क के किनारे कोई स्थान चिन्हित किया जाये जहा पर पकड़े गये वाहनो को खड़ा करने हेतु डम्पिंग ग्राउन्ड बनाया जा सकें। औड़ी रोड़ से शक्तिनगर मार्ग पर कट स्टोन लगाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया जा सकें। अघोरी से चोपन सड़क मार्ग पर चलने वाले ओवर लोड़िग वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। ट्रामा सेन्टर की सूचना से सम्बन्धित साईनेंज बोर्ड लगाया जाये, जिससे कि किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति आसानी से ट्रामा सेन्टर तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के हित में चलाये जा रहे वाहनों का प्रापर फिटनेस सुनिश्चित किया जाये और उन वाहनों पर निर्धारित संख्या से अधिक छात्र-छात्राओं को न ले जाय जाये, अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं को ले जाते हुए कोई वाहन पाया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर उपसा द्वारा एम्बुलेंस, क्रेन आदि की संख्या बढ़ायी जाये, कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय रिफ्लेक्टर का प्रयोग करें। सड़कों से गुजरने वाले भारी वाहनों की चेकिंग की जाये, जिन वाहनों के बाडी के ढाचे में परिवर्तन पाया जाये, ऐसे वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की जाये।

चार पहिया वाहन व ट्रक, हाईवा आदि वाहनों के तेज रफ्तार की निगरानी की जाये, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले गाड़ियों का चालान की कार्यवाही की जाये और उन ड्राइवरों के वाहन लाईसेंस को निरस्त करने की कार्यवाही की जाये, नशे की हालत में वाहन चलाने पर दुर्घटना की अधिक संभावना बनी रहती है, इस मौके पर श्रीमती चारू द्विवेदी सी 0ओ 0,, श्री शैलेश ठाकुर अधिशासी अभियन्ता पी0 डब्ल्यू0 डी0,जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जयराम सिंह, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड ए0के0 सिंह, श्री विनय कुमार सिंह अपर जिला सूचना अधिकारी, सड़क सुरक्षा से जुड़े

# आम आदमी पार्टी सोनभद्र ने शक्तिनगर में किया विरोध प्रदर्शन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे संगठित अत्याचारों, भारत सर कार की चुप्पी तथा कूटनीतिक-व्यापारिक संबंधों पर तत्काल कठोर निर्णय न लेने पर आम आदमी पार्टी विरोध प्रदर्शन करेगी। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रहे हमले, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ की जा रही बर्बरता के खिलाफ आम आदमी पार्टी दिल्ली के विधायक अनिल झा की मौजूदगी में सोनभद्र जिलाध्यक्ष रमेश गौतम सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने मोदी जी के चुप्पी का विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली किराड़ी विधायक अनिल झा ने कहा बांग्लादेश में भय के माहौल में हिंदुओं के जबरन पलायन की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक और मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। इससे भी अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि इन गंभीर घटनाओं के बावजूद भारत की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से अब तक कोई ठोस, प्रभावी और निर्णायक कार्रवाई सामने नहीं आई है। विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई सिंगरौली म0प्र0 की मेयर श्रीमती रानी अग्रवाल जी ने कहा भारत जैसे लोकतांत्रिक और नैतिक नेतृत्व वाले राष्ट्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह पड़ोसी देश में हिन्दू अल्प संख्यकों पर हो रहे संगठित अत्याचारों पर केवल मौन न साधे, बल्कि अपनी कूटनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय शक्ति का प्रयोग कर पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। मौजूदा परिस्थितियों में भारत सरकार की चुप्पी न केवल दुर्भाग्य पूर्ण है, बल्कि इससे अत्या चारियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय से संविधान के तहत अपने विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार को निम्नलिखित तत्काल और कठोर निर्णय लेने के निर्देश देने की मांग करती है– 1.भारत-बांग्लादेश के सभी व्यापारिक एवं कूटनीतिक संबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाएं, जब तक बांग्लादेश सरकार हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की ठोस गारंटी नहीं देती। 2.केंद्र सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर तुरंत रोक लगाई जाए, क्योंकि भारत के संसाधनों का उपयोग ऐसे देश के लिए नहीं हो सकता जहाँ हिन्दू अल्पसंख्यकों का खुलेआम उत्पीड़न हो रहा हो।
3.अडानी समूह द्वारा बांग्लादेश को दी जा रही बिजली की आपूर्ति पर भी तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि किसी भी निजी या कॉर्पोरेट लाभ के लिए भारत की नैतिक जिम्मेदारियों से समझौता न हो। 4.बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में जिस प्रकार विशेष अतिथि की तरह संरक्षण दिया जा रहा है, उसके चलते बांग्लादेश में भारतीयों और विशेषकर हिंदुओं के विरुद्ध नफरत और हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। इस विषय पर प्रधानमंत्री को तत्काल कड़ा और स्पष्ट निर्णय लेना चाहिए, जिससे यह संदेश जाए कि भारत किसी भी रूप में हिंदू विरोधी हिंसा का समर्थन या संरक्षण नहीं करता। आज के विरोध प्रदर्शन में ज्योति जंग सिंह, नीरज पांडे, अंगिरा प्रसाद, मनमोहन, ई०शुभम मिश्र, परमेश्वर कुशवाहा, राकेश भारती, प्रकाश चौरसिया, ई०पवन कुमार शर्मा, सिंगरौली जिले से नीरज कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# पुलिस कार्यालय बना समाधान केंद्र–जनता दर्शन में एसपी सोनभद्र ने सुनी जनसमस्याएँ


**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखाधड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर समाधान करने का उद्देश्य पुलिस-जन संवाद को मजबूत करना एवं आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है।

# करमा थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ चोरियों से लोगों में दहशत, चोर पुलिस के गिरफ्त से बाहर

**हौसला बुलंद चोरों ने थाने के नाक के नीचे चोरी कर दी पुलिस को चुनौती**

**समाज जागरण/ अभय कुमार पटेल**



करमा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना के चंद कदम पर अज्ञात चोरों ने बीती रात दो घरों में चोरी कर पुलिस को चुनौती देते हुए पंपिग सेट मशीन व जनरेटर उठा ले गए।पुलिस की गस्त पर उठा सवालिया निशान। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय थाना के नाक के नीचे करमा बाजार में सोमवार की रात शिवशंकर तिवारी के घर में रखा पंपिंग सेट मशीन और दशरथ तिवारी के दरवाजे पर रखा जनरेटर पुलिस को चुनौती देते हुए उठा ले गए। लोगों की बात करें तो पुलिस हवा में पिकेट ड्यूटी पर तैनात है, पुलिस की हूटर जैसी आवाज का भी नहीं चोरों को नहीं है डर। पुलिस है डाल डाल तो चोर हैं पात पात। एक तरफ जहां पुलिस गस्त पैदल यात्रा कर सन्देश देती है वहीं दूसरी तरफ चोरी कर चोर पुलिस को चुनौती दे चले जाते हैं। बता दें पिछले सोमवार को कसया खुर्द एवं बसदेवा में अज्ञात चोरों ने विनोद कुमार का बक्से का लाक तोड़ कर स्टाटर, आटो कट, रींच पिलास उठा कर ले गए एवं लक्ष्मण दूबे का समरसेबल, स्टाटर आटो कट उठाकर ले गए जिसे भुक्तभोगी परेशान है। जिससे दोनों किसानो की सिंचाई बाधित होने लगी है। किसानों ने संबंधित थाने में सूचना दे दी है सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर ने जांच पड़ताल करना शुरू कर दिए हैं परन्तु आज तक कुछ पता नहीं चल पाया। उसके पहले भी दर्जनों बोरी डीएपी उर्वरक की चोरी हुई। समर सेबल बसदेवा निवासी आशू ताला तोड़ कर उठा ले गए थे।पता नहीं चला। हौंसला बुलंद चोर चोरी करने बीती रात फिर चार चक्का से आशू के बोर पर रात सवा ग्यारह बजे पहुंच गए। परन्तु परिजनों की नीद खुल गई शोर करने पर कोहरे का लाभ उठाकर चलते बने। प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एक लिखित तहरीर मिली है, चोरी का खुलासा तत्काल करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन सी सी के छात्रों ने रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। राजकीय स्नात कोत्तर महाविद्यालय ओबरा, सोनभद्र में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी द्वारा " सड़क सुरक्षा पर रैली " का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार द्वारा सर्वप्रथम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया, एवं सरकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु महाविद्यालय, जनपद, मंडल एवं प्रदेश स्तर पर कराई जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं दिए जाने वाले पुरस्कारों के विषय में भी विस्तार से बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रमोद कुमार ने सड़क सुरक्षा रैली को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया ' रैली के साथ एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारीगण एवं महाविद्यालय में उपस्थित सभी प्राध्यापकगण साथ थे रैली में सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं सड़क सुरक्षा पर विभिन्न स्लोगन का उद्घोष किया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ आलोक यादव, डॉ संतोष कुमार सैनी, डॉ विकास कुमार,एनएसएस एवं एनसीसी प्रभारी डॉ सचिन कुमार, डॉ. उपेंद्र कुमार,डॉ विभा पाण्डेय, डॉ.संघमित्रा, डॉ.अंजलि मिश्रा इत्यादि प्राध्यापक गणों के साथ-साथ राजेश्वर रंजन, धर्मेंद्र कुमार, महेश पांडेय अरुण, कुंदन, मनीष, सर फुद्दीन इत्यादि कर्मचारीगण एवं अदिति, राखी, अंकिता, रघुराज, हृदय, सुमित, सादिर, रंगीली तथा छात्रावास के छात्र एवं महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ, अखंड हरि कीर्तन के बाद होगा विशाल भंडारा

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/सोनभद्र। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा के वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर नगर पंचायत चोपन द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई का कार्य कराया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुगम वातावरण मिल सके।

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हाईडील कॉलोनी के समीप सोन नदी के तट पर स्थित ग्राम देवता श्री लाखन वीर बाबा का प्राचीन मंदिर क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। लोकमान्यता के अनुसार यहां सच्चे मन से की गई मनो कामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। इसी विश्वास के चलते वार्षिकोत्सव के अवसर पर दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगर पंचायत कर्मियों द्वारा मंदिर परिसर, संपर्क मार्गों एवं आसपास की झाड़ियों की समुचित साफ-सफाई कराई गई है। साथ ही प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुवि धाओं को दुरुस्त किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 13 तारीख से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात विधि-विधान से पूजा-पाठ, हवन एवं अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि श्री लाखन वीर बाबा के प्रति लोगों की आस्था वर्षों से चली आ रही है। यह वार्षिकोत्सव न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का भी माध्यम बन चुका है। नगर पंचायत एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं में प्रसन्नता देखी जा रही है। लोगों को विश्वास है कि इस वर्ष का वार्षिकोत्सव शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और भव्य रूप में संपन्न होगा इस दौरान पं शारदा पाठक, अमरनाथ शाहनी,दया यादव, लोकनाथ केशरी, अप्पू गुप्ता, बलवंत कुश वाहा, राजेश गुप्ता, प्रमोद केशरी, संजय साहनी, तेजबली सहित भारी संख्या

# एनटीपीसी भूमि से हटे अवैध कब्जे: हाईकोर्ट के निर्देश पर दुद्धी में चार मकान ध्वस्त

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र/ शक्तिनगर। शक्तिनगर में एनटीपीसी सिंगरौली की भूमि पर हुए अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन ने संयुक्त कार्रवाई की। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निदेर्शों के बाद मंगलवार को बुलडोजर चलाकर चार अवैध मकानों को ध्वस्त कर दिया गया।एनटीपीसी सिंगरौली के संपदा अधिकारी के अनुसार, यह कार्रवाई माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज के निदेर्शों के अनुपालन में की गई। उप जिला धिकारी दुद्धी के आदेश पर नायब तहसीलदार दुद्धी ने एनटीपीसी के नामित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान ज्वाला मुखी कॉलोनी में एक और बलिया नाला क्षेत्र में तीन अवैध निमार्णों को चिन्हित कर ध्वस्त किया गया। कुल चार मकानों को बुलडोजर की मदद से गिराया गया, जो पूर्वा से दोपहर तक चली कार्रवाई का हिस्सा थे।मौके पर जिला प्रशासन, स्थानीय थाना पुलिस और सीआईएसएफ के जवान तैनात रहे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि न्यायालय और सक्षम अधिकारियों के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाएगा और भविष्य में भी अवैध कब्जों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# थाना बभनी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, 1.800 किग्रा नाजायज गांजा बरामद

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बभनी के नेतृत्व में थाना बभनी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना बभनी पुलिस द्वारा देवरिहवा तिराहे से लगभग 500 मीटर आगे देवरिहवा पहाड़ी के पास सड़क किनारे से एक नफर अभियुक्त बसंत बसोर पुत्र गोविन्द बसोर, निवासी ग्राम गुरमटिया, थाना सरई, जनपद सिंगरौली (मध्य प्रदेश), उम्र लगभग 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक पीठू बैग में रखे दो बंडलों से कुल 1.800 किग्रा नाजायज गांजा बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना बभनी, जनपद सोनभद्र पर मु0अ0सं0-009/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुआल का भूसा बनाते वक्त युवक का हाथ मशीन में फंसा, गंभीर रूप से घायल

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



विंढमगंज/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बघमंदवा गांव में आज मंगलवार की सुबह पुआल का भूसा बनाते वक्त एक युवक का हाथ कुट्टी काटने वाली मशीन में फंस गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाताजुआ ग्राम पंचायत के पास बघमंदवा गांव में 18 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र मुंद्रिका प्रसाद निवासी जाताजुआ पुआल का भूसा बनाने वाली कुट्टी मशीन में पुआल डाल रहा था। कि एकाएक उसका हाथ मशीन में फंस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए सामु दायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी ले गए जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# टोली गोंगपा स्थापना दिवस में शामिल होने अमरकंटक रवाना

**समाज जागरण अनिल कुमार अग्रहरि**

डाला/ सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के परास पानी से लगभग डेढ़ सौ अधिक संख्या में महिला पुरुष की टोली गोगपा पार्टी के स्थापना दिवस में शामिल होने मंगलवार को लगभग तीन बजे रवाना हुए। मिली जानकारी के मुताबिक गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा 14 जनवरी को स्थापना दिवस अमर कंटक जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश में आयोजित किया गया है जिसको लेकर कोटा ग्राम पंचायत से लगभग तीन बसों में सवार होकर डेढ़ सौ अधिक आदिवासी ग्रामीण महिला व पुरुष आर के सिंह आरमो राष्ट्रीय प्रचार मंत्री के नेतृत्व में कोटा ग्राम पंचायत के टोला परास पानी से अमर कंटक के लिए रवाना हो गया। वहीं बताया गया कि जिले भर लगभग पांच लोगों अधिक ग्रामीणो के रवाना होने की संभावना है। इस दौरान शिवप्रसाद अरमो, रामचंद्र, विजय परसते, मंजू वशधारी राम आसरे, गौरीशंकर, अनिता, सुनिता, महेंद्र, संगीता आदि महिला पुरुष मुख्य रूप से शामिल रहें।

# भाजपा जिला पंचायत सदस्य की चहारदीवारी तोड़कर कर कब्जे का प्रयास

**समाज जागरण**

वाराणसी।। फूलपुर थाना क्षेत्र के सगुनहा गांव के पास सीमांकन के बाद बनाई गई चारदीवारी को दबंगों ने तोड़कर कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर मामले के जांच शुरू कर दी है।भाजपा के जिला पंचायत सदस्य एवं रसूलपुर निवासी गौतम सिंह ने पुलिस को तहसील में बताया कि सगुनाह गांव में पत्नी ज्योति



सिंह के नाम से जमीन खरीदी थी जिसकी पैमाईश करा कर चढ़दीवारी का निर्माण कराया था।आरोप है कि रविवार को सुबह 11:00 भानपुर निवासी रामाशंकर प्रसाद सिंह व अशोक सिंह पटेल अपने 20-25 समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच कर चारदीवारी के अंदर देखभाल कर रहे हैं मनीष पांडे वह अन्य को भगा दिया इसके बाद बाउंड्री को क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही पुनर्निर्माण करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए करार हो गए रामाशंकर प्रसाद सिंह का कहना है कि न्यायालय में स्थगन आदेश के बावजूद भी बाउंड्री का निर्माण कराया गया था। थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर रामाशंकर और अशोक सिंह पटेल समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया हैं।

# विवेकानंद जी के विचार कौशल विकास का मूल है।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शिएट महाविद्यालय गहनी, आयर, हरहुआ में विवेकानन्द जयंती पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेष व्याख्यान का शुभारंभ विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सन्तोष कुमार सिंह ने कहा कि - विवेकानंद जी के विचार कौशल विकास का मूल हैं' उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से हम तनाव प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, समय प्रबंधन के साथ सभी तरह के प्रबंधन का गुण सीखते हुए अपने



कौशल को विकसित करते हुए सफलता प्राप्त कर सकते हैं।
विशिष्ट वक्ता हिन्दी विभाग के डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी जी के विचारों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता व्यक्त किया कि ज्यादातर युवा बिना कठिन परिश्रम किये शॉर्ट कट द्वारा सफलता चाहते हैं यही कारण है कि वे मूल को समझ नहीं पाते और बिना मूल को समझे हम जीवन में कुछ बड़ा हासिल करना सम्भव नहीं है।
कार्यक्रम में डॉ. पुष्पा मिश्रा, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. आलोक कुमार त्रिपाठी व चन्द्रशेखर सिंह ने स्वामी जी के ज्ञान और दर्शन पर अपने विचार व्यक्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं सहित विभिन्न कक्षाओं की छात्र/छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अरविन्द आर्या ने किया।

# जुआ खेलते तीन गिरफ्तार हजारों रुपये बरामद

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।चोलापुर थाना क्षेत्र के मुर्दहा चौकी अंतर्गत सुतबलपुर गेट के सामने पुलिस ने जुआ खेलते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते और कुल 10,920 रुपये नकद बरामद किये। चोलापुर पुलिस को कम्पोजिट शराब ठीके के पीछे कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना मिली। मौके से मालफड़ के रूप में 5,000 रुपये तथा ताश के पत्ते बरामद हुए। वहीं जामा तलाशी से कुल 5,920 रुपये नकद मिले। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अवधेश पटेल (45), बृजेश कुमार (40), निवासी भुसौला चौका तथा ननकू (52) निवासी कृष्णापुर, थाना चोलापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की।

# कमिश्नर ने बाबतपुर एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।।कमिश्नर वाराणसी एस राजलिंगम द्वारा बाबतपुर एयरपोर्ट में बन रहे अंडरपास का सोमवार को निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट के आसपास गंदगी पायी गई एवं बाबतपुर चौकी के पास बने शौचालय की स्थिति सही नहीं पाई गई। उसी क्रम में कमिश्नर



के निदेर्शानुसार एडीओ पंचायत सुनील कुमार सिंह,बीडीओ बड़ागांव वीरेंद्र नारायण द्विवेदी एवं डीपीआरओ आदर्श पटेल द्वारा रात में जेसीबी द्वारा सफाई का कार्य कराया गया तथा बाबतपुर चौकी के पास बने हुए शौचालय को ठीक कराने हेतु संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया।
मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंदू पटेल एवं सचिव हिमांशु चौबे, राजीव गौतम, अनिल पाल सहित चौकी इंचार्ज बाबतपुर विजय कुमार कुशवाहा उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाईक होने से अज्ञात युवक घायल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के कालिका धाम भाउपुर मार्ग पर पचवार गांव के पास मंगलवार की शाम बाइक पर खिचड़ी पहुंचाने जा रहा अज्ञात युवक सड़क पर निर्माण हेतु गिराए गए गिट्टी के टिले से टकराकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया उसके मुंह से काफी मात्रा में खून निकलने के चलते अचेत हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस उसे हाथी बाजार स्थित राजकीय अस्पताल ले गई जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया युवक की पहचान नहीं हो पाई उसके जेब से 2000 मिले जिसे लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया ।।

# गंगोत्री सेवा समिकि ने दशाश्वमेध घाट पर 500 जरूरतमंदों में वितरित किया कंबल और भोजन

## शीतलहर में स्वामी विवेकानंद का संदेश जमीन पर उतरा

**समाज जागरण ओंकार नाथ**

वाराणसी। भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच स्वामी विवेकानंद की जयंती पर दशाश्वमेध घाट पर मानवता, संवेदना और सेवा भाव का सशक्त दृश्य देखने को मिला। गंगोत्री सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित सेवा अभियान के तहत 500 जरूरतमंद व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण कंबल वितरित किए गए और उन्हें भोजन कराया गया, ताकि वे ठंड की मार से सुरक्षित रह सकें। काशी के पौराणिक एवं प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की आरती के माध्यम से सनातन संस्कृति की अलख जगा रही गंगोत्री सेवा समिति द्वारा यह आयोजन स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनके नर सेवा ही नारायण सेवा है के संदेश को समर्पित रहा। कार्यक्रम का संयोजन समिति के संस्थापक अध्यक्ष किशोरी रमण दुबे बाबू महाराज के मार्गदर्शन में किया गया।
सेवा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी तथा अति विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार रहे। आयोजन का शुभारंभ मां गंगा के पूजन-अभिषेक से हुआ। इसके बाद अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा समाज को सेवा, समर्पण और संवेदना का संदेश



दिया। इसके पश्चात जरूरतमंदों को पूरी गरिमा और सम्मान के साथ कंबल वितरित किए गए और उन्हें भोजन कराया गया। आयोजन स्थल पर मौजूद लोगों ने इसे सिर्फ एक सेवा कार्यक्रम नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों को जीवंत करने वाला प्रयास बताया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर इस आयोजन के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि समाज की सच्ची सेवा वही है, जो संकट के समय जरूरतमंद के साथ खड़ी हो। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष किशोरी रमण दुबे बाबू महाराज ने बताया कि समिति द्वारा यह सेवा अभियान हर वर्ष नियमित रूप से चलाया जाता है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड के कारण परेशान न हो। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से इस वर्ष 500 जरूरतमंद परिवारों को पहले से चिन्हित कर गुणवत्तापूर्ण कंबल उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि कोई जरूरतमंद सूची में छूट गया है, तो उसे भी शीघ्र कंबल प्रदान किया जाएगा। कंबल एवं भोजन वितरण कार्यक्रम में समिति के संरक्षक कन्हैया त्रिपाठी, गंगेश्वरधर दुबे, सचिव दिनेश शंकर दुबे, संजय शर्मा, नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक एवं नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर राजेश शुक्ला, गणेशदत्त शास्त्री, सुनील मिश्रा, अशोक गुप्ता (असिस्टेंट जनरल मैनेजर, यूको बैंक), रितेश कुमार (डीजीएम, सिडबी), कन्हैया दुबे केडी, दिलीप गुप्ता, संकठा प्रसाद, अक्षय लाल, रामबोध सिंह, संजय यादव, पृथ्वी मांझी, संजय गुप्ता सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा विश्वेश्वरगंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के साथ-साथ आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वाहन चालकों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर नेत्र जांच कराई।
इस कार्यक्रम में परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक एवं विधिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विनोद शुक्ल (अध्यक्ष, बार एसोसिएशन) एवं जे.पी. तिवारी (अध्यक्ष, वाराणसी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन) विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की ओर से रवीन्द्र सिंह (अध्यक्ष) एवं अभिषेक मिश्र (महामंत्री) ने मुख्य आयोजक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सुधांशु रंजन (ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन) एवं श्री सोमवीर सिंह (ए.सी.पी. ट्रैफिक) उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अखिलेश पांडेय (पी.टी.ओ., वाराणसी) एवं धनंजय (टी.आई., वाराणसी) की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।
कार्यक्रम की शुरूआत ए.सी.पी. ट्रैफिक सोमवीर सिंह के संबोधन से हुई। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा की शिक्षा घर से




ही शुरू होनी चाहिए। युवाओं में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने एवं यातायात नियमों के पालन के लिए सख्ती से प्रेरित करें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।
अपने संबोधन में ए.आर.टी.ओ. प्रवर्तन सुधांशु रंजन ने वाराणसी जनपद में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले 11 महीनों में जनपद में कुल 641 सड़क दुर्घटनाएँ हुई हैं, जिनमें 325 लोगों की मृत्यु हुई। उन्होंने कहा कि विभिन्न अध्ययनों के अनुसार इनमें से अधिकांश दुर्घटनाएँ एवं उनसे होने वाली मौतें यातायात नियमों का पालन करने से रोकी जा सकती हैं। उन्होंने विशेष रूप से वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग को अत्यंत खतरनाक बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की। शसुधांशु रंजन ने राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता कर उसे समय पर अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा 25,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि यातायात नियमों का पालन केवल चालान के भय से नहीं, बल्कि अपनी स्वयं की सुरक्षा एवं परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए करें।कार्यक्रम के साथ आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने, जिसका नेतृत्व अविनाश द्वारा किया गया, लोगों की आँखों की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# टीएमयू और इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन के बीच एमओयू साइन

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फामेर्सी और इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन- आईपीए के बीच ऐतिहासिक एमओयू साइन हुआ। इस एमओयू के तहत फार्मास्यूटिकल शिक्षा, रिसर्च, फैकल्टी डवलपमेंट और छात्रों के कौशल संवर्धन के लिए दीर्घकालिक सहयोग स्थापित करना है। आईपीए के प्रतिनिधियों ने कहा, यह एमओयू टीएमयू फामेर्सी कॉलेज के लिए विशेषज्ञ व्याख्यान, फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम, छात्र प्रशिक्षण कार्यशालाएं, उद्योग सहभागिता, शोध सहयोग और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। टीएमयू की ओर से डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. अमित कंसल और प्रो. आशु मित्तल जबकि आईपीए की ओर से प्रतिनिधि डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. नीरज और डॉ. मिम्मोना अख्तर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. वीके जैन ने एमओयू को परिणामोन्मुखी और छात्र-केंद्रित बताते हुए प्रति वर्ष कम से कम छह संयुक्त गतिविधियों के आयोजन का



लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया। इस मौके फामेर्सी कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. मयूर पोरवाल आदि की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर पर राउंड टेबल**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर विषय पर हुई राउंड टेबल चर्चा में स्वास्थ्य सेवाओं, फार्मास्यूटिकल शिक्षा और शोध में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई की बढ़ती भूमिका पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर आईपीए की ओर सेडॉ. राजेश अग्रवाल ने फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एआई के अनुप्रयोगों- जैसे ड्रग डिस्कवरी, फामूर्लेशन डवलपमेंट, क्वालिटी कंट्रोल, रेगुलेटरी साइंसेज एवम पर्सनलाइज्ड मेडिसिन पर विस्तृत और प्रेरक व्याख्यान दिया। मेडिकल और डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों ने निदान, उपचार योजना, रोगी प्रबंधन और क्लिनिकल निर्णय प्रणाली में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया। चर्चा के अंत में सभी प्रतिभागियों ने भविष्य की स्वास्थ्य शिक्षा और शोध में एआई को अनिवार्य बताते हुए अंतर्विषयक सहयोग और कौशल विकास पर बल दिया। राउंड टेबल चर्चा में मेडिकल कॉलेज के उप-प्राचार्य प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, डेंटल साइंसेज के प्रो. सतीश सिवान, फामेर्सी के प्रो. फूल चंद्र, डॉ. राजेश, डॉ. हरि बाबू, डॉ. केके शर्मा, डॉ. आदित्य विक्रम जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

# पिंडरा बार के अध्यक्ष पद पर प्रीतराज माथुर ने प्रतिद्वंदी को 125 मतों से पराजित कर जमाया कब्जा

## *कनिष्ठ पद पर देवेंद्र मिश्रा की मिली जीत।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वर्णसी।तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव में मंगलवार को हुए मतगणना में प्रीतराज माथुर ने कमलकांत राय को 125 मतों से हराकर अध्यक्ष पद कामयाबी हासिल किया । वही कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने जीत मिली ।
तहसील परिसर में मतगणना मंगलवार सुबह 11 बजे से शुरू हुई।11 राउंड के हुए मतगणना में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रीतराज माथुर ने 336 मत प्राप्त किये वही प्रतिद्वंद्वी कमल कांत राय को 211 मत मिले। तीसरे प्रत्याशी सन्तोष कुमार सिंह को मात्र 3 मत मिले। वही कनिष्क उपाध्यक्ष (10 वर्ष के ऊपर) में देवेंद्र कुमार मिश्रा (342) ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्रमोद



कुमार (205) को 137 मत से हराया। वही अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।
मतगणना को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था तहसील परिसर में रही। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बच्चा लाल यादव ने बताया कि कुल 583 मत के सापेक्ष 550 मत पड़े। जिसमें उपाध्यक्ष के लिए 3 मत अवैध घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी बच्चालाल यादव ने जीत की घोषणा की और चुने गए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया। जीत के बाद प्रत्याशियों ने जुलूस निकालकर कर तहसील का भ्रमण कर मौनी बाबा आश्रम पहुच कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान प्रत्याशियों को समर्थकों ने ढोल नगाड़ों के धुन पर थिरकते हुए फूलों से भव्य स्वागत किया।

# लक्ष्य बनाकर कार्य करे संकुल समिति की दीदियां: विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसी में क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य बनाकर कार्य करें सीएलएफ की दीदियां ताकि कम समय मे पूरा कर सकें।
उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संघ का विजनिंग मॉड्यूल-1 (MCLF V-1) विषय पर 08 जनवरी, 2026 से चल रहे तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।
उन्होंने कहा कि यदि हमें सफलता प्राप्त करनी है तो हम किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी प्लानिंग रूपरेखा तैयार कर लें और एक निश्चित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में कार्य करें।
प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में डीआरपी सुरेश पाण्डेय व नीलू श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षुओं को तीन दिवसों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके सीएलएफ का




प्रस्तावित सपना दृष्टि वाक्य निर्धारण कराया गया जिसके अंतर्गत विकास खंड चोलापुर के रोशनी आजीविका प्रेरणा संकुल समिति ने विजन वाक्य प्रस्तावित किया 'रोशनी आजीविका प्रेरणा संकुल समिति ने है ठाना, सशक्त दीदी, खुशहाल परिवार, आदर्श गांव हो अपना।' एवं नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल समिति ने प्रस्तावित विजन वाक्य तय किया कि 'नारी शक्ति महिला प्रेरणा संकुल समिति का है सपना, आत्मनिर्भर दीदी, स्वस्थ्य परिवार, विकसित गांव हो अपना।' इसी के साथ सीएलएफ की दीदियों ने अपने-अपने ग्राम संगठन की दीदियों के साथ विशेष बैठक करने का एक प्लान तैयार किया और उसपर अगले 20 से 25 दिवसों में कार्य करके अपने सीएलएफ से जुड़े सभी ग्राम संगठनों की दीदियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप सशक्त बनाने का संकल्प लिया।
प्रशिक्षण कार्यक्रम के दो सत्रों में विकास खंड चोलापुर के रोशनी सीएलएफ से 30 और नारी शक्ति सीएलएफ से 37 दीदियों को प्रशिक्षित किया गया।
समापन अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार ने आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। सभी प्रशिक्षुओं एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।
इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, संजू, मीरा, सुनीता, रेखा, रेनू, सीमा, अनिता, किरन, नीरा, नीता, चन्दा, सुमन, गीता, विजयलक्ष्मी, निर्मला, सुषमा, माधुरी, रिंकी, जरीना, मंजू, करिश्मा, वन्दना, अर्चना, ममता आदि की उपस्थिति रही।

# वर्ल्ड सिटी एक्सपो भूमि अधिग्रहण की नोटिस पंचायत भवन पर किया गया चस्पा,16 जनवरी को होगी सुनवाई

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ वाराणसी रिंग रोड के किनारे प्रस्तावित वर्ल्ड सिटी एक्सपो के लिए करीब 377 एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर आवास विकास विभाग द्वारा आज मंगलवार को हरहुआ पंचायत भवन पर नोटिस चस्पा किया गया। सभी जमीन मालिकों की सुनवाई 16 जनवरी को चौकाघाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में होगी।
आवास विकास के दो कर्मचारी भी नोटिस हरहुआ बाजार में लगभग दर्जनों जमीन धारकों को दिए जिससे हरहुआ क्षेत्र में यह चर्चा तेजी से शुरू हो गई। हरहुआ बाजार में



पिलर नंबर 52 के समीप कुछ लोग नोटिस बांट रहे थे।
हरहुआ क्षेत्र के 10 गांवों के जमीनों को वर्ल्ड एक्सपो सिटी के लिए चयन किया गया है जिसमें वाजिदपुर, बझियाबारी, बिशुनपुर, देवनाथपुर, हरहुआ, रामसिंहपुर, सिंहापुर सहित अन्य गांव शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन धारकों के बिना सहमति के ही अधिग्रहण के लिए सीमांकन करना व नोटिस चिपकाना उचित नहीं है।

# अहरौरा डीह गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मंगलवार को विकासखंड जमालपुर के अहरौरा डीह गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। कुशल पाण्डेय ने किसानों को जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित



करना चाहिए। कुंदन यादव ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# मिलान कराकर बाउचर फीडिंग तत्काल पूर्ण करायें: अवधेश सिंह

**समाज जागरण**

वाराणसी। जिलासहकारीबैंक मीरजापुर/सोनभद्र की रामगढ़ शाखा मे चतरा ब्लाक के बीपैक्स सचिवो की समीक्षा बैठक एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेशसिंह द्वारा की गई।
समीक्षा बैठक मे अवधेश सिंह ने बीपैक्स मे डाटा फीडिंग की शिथिल स्थिति पर निराशा व्यक्त करते हुए सभी सचिवो को निर्देशित किया कि मिलान कराके सर्वप्रथम 31 मार्च तक की फीडिंग दो दिन के भीतर पूर्ण करायें तथा प्रतिदिन अनिवार्य रूप से लागिन करना भी सुनिश्चित करें।
सभी को सचेत किया गया की



उर्वरक आवंटन के सापेक्ष आरटीजीएस करने मे अनावश्यक विलंब करने से परहेज करें तथा ऋण वितरण के चेक तथा नगद बिक्री की धनराशि एक दिन से अधिक समिति पर न रोकें।
बैठक मे सौरभ सिंह, अमित कुमार गौतम, अमित सिंह , संतोष पटेल, कौशल सिंह, शिवकुमार इत्यादि सचिव व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# योगी सरकार किसान नहीं, कॉर्पोरेट की हितैषी बन चुकी है: रविन्द्र त्यागी

लखनऊ।भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के उत्तर प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया) ने योगी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि किसानों के हितैषी होने का सरकार का दावा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसान की नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट घरानों की सरकार बनकर रह गई है।
रविन्द्र त्यागी ने कहा कि लखनऊ और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उपजाऊ कृषि भूमि को योजनाबद्ध तरीके से छीना जा रहा है और उसे बड़े-बड़े पूंजीपतियों को सौंपा जा रहा है। सरकार और लखनऊ विकास प्राधिकरण मिलकर पूरे जिले को कॉर्पोरेट भूमि बैंक में बदलने की साजिश रच रहे हैं। विकास के नाम पर खेती-किसानी को खत्म करने की यह प्रक्रिया इतनी चुपचाप चल रही है कि किसान को तब पता चलेगा, जब उसकी पुश्तैनी जमीन सरकारी कागजों में किसी बिल्डर या कंपनी की मिल्कियत बन चुकी होगी।

## एनआरसी में अब मध्यम कुपोषित बच्चों को भी मिलेगा उपचार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




कुपोषण उन्मूलन की दिशा में किशनगंज जिले में स्वास्थ्य विभाग ने अहम पहल की है। राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के नए निर्देशों के तहत अब पोषण पुनर्वास केंद्रों (एन आरसी) में चिकित्सीय जटिलता से ग्रसित मध्यम कुपोषित बच्चों को भी भर्ती कर उपचार दिया जाएगा। पहले केवल गंभीर कुपोषित बच्चों को ही एनआरसी में भर्ती किया जाता था। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि एनीमिया, रिकेट्स, विटामिन की कमी जैसी जटिलताओं से पीड़ित मध्यम कुपोषित बच्चों को समय पर उपचार नहीं मिलने पर वे गंभीर कुपोषण की ओर बढ़ सकते हैं। नोडल एनआरसी विश्वजीत कुमार ने बताया कि जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच जिले में 118 गंभीर कुपोषित बच्चों का एनआरसी में सफल उपचार किया गया। जिला पदाधिकारी विशाल राज ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन सामूहिक प्रयास से ही संभव है। नए निर्णय से अधिक बच्चों को समय पर उपचार मिलेगा और जिले में जागरूकता अभियान तेज किए जाएंगे।

## पटना पुलिस ने किया ऑटो चोर गैंग के दो अपराधियो को गिरफ्तार

**समाज जागरण**



पटना/ पटना सिटी इलाके में सक्रिय सीएनजी ऑटो चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के पांच सीएनजी ऑटो और पांच स्कूटी बरामद की हैं। मामला पटना सिटी के माल सलामी थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। पुलिस के अनुसार, यहां लंबे समय से एक ऐसा गिरोह सक्रिय था, जो सीएनजी ऑटो और दोपहिया वाहनों की चोरी कर उन्हें अलग-अलग इलाकों में बेच देता था। माल सलामी थाना पुलिस को रविवार की देर रात गुप्त सूचना मिली कि बाजार समिति के पास एक युवक चोरी का सीएनजी ऑटो बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने इसे गंभीरता से लिया और तुरंत एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए इलाके में निगरानी शुरू की और बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने लगी। पुलिस टीम ने मौके पर मुन्ना कुमार नामक युवक को पकड़ लिया। शुरूआती पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करता रहा, लेकिन जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने चोरी के ऑटो से जुड़े कई राज उगल दिए। पुलिस को शक हुआ कि यह युवक अकेले काम नहीं कर रहा है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित गिरोह है। मुन्ना कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने दमराही घाट इलाके में छापेमारी की। वहां से रोशन कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक रोशन कुमार इस गिरोह का सक्रिय सदस्य है और चोरी किए गए ऑटो और स्कूटी को छिपाने व बेचने में अहम भूमिका निभाता था। दोनों आरोपियों को थाने लाकर जब कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पटना और आसपास के इलाकों से सीएनजी ऑटो और स्कूटी चोरी करते थे। चोरी के बाद इन वाहनों को अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखा जाता था और फिर ग्राहक मिलने पर कम दामों में बेच दिया जाता था। कई बार वाहन के कागजात और नंबर प्लेट बदलकर उन्हें दूसरे जिलों में भी भेज दिया जाता था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से चोरी के पांच सीएनजी ऑटो, पांच स्कूटी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद मोबाइल फोन में चोरी से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह काफी समय से सक्रिय था और इसके तार कई अन्य जिलों से भी जुड़े हो सकते हैं। माल सलामी थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी सिर्फ इस गिरोह का हिस्सा हैं। गिरोह के अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## यादव समन्वय समिति का मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आठ फरवरी को होगा भव्य आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) : यादव समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा भारत सरकार की माननीय केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं झारखंड विधानसभा के माननीय अध्यक्ष, रविंद्र नाथ महतो से शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर समिति द्वारा आगामी 8 फरवरी 2026 को जयप्रकाश उद्यान आदित्यपुर में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की जानकारी दी गई, जहाँ यादव समाज के दिग्गजों का ऐतिहासिक जमावड़ा होगा। इस कार्यक्रम में झारखंड सरकार के माननीय श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, राजद झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव,साधु यादव ,राजद युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन सिंह, बाका के माननीय सांसद गिरधारी यादव, पूर्व विधायक ललित यादव, राजद झारखंड के प्रवक्ता कैलास यादव, राजद की उपाध्यक्ष सह संसदीय समिति के सदस्य गिरधारी गोप सहित राज्य के कई वरीय पुलिस पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। स्थानीय स्तर पर सभी दलों के वरिष्ठ नेता भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष श्री राजकिशोर यादव ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में हजारों यदुवंशीयो के शामिल होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त कई अन्य वरिष्ठ नेता एवं अधिकारी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मिलन समारोह के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अपने दिवंगत वरीय अभिभावकों की स्मृति में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए जाएंगे। साथ ही संगीत जगत के प्रसिद्ध कलाकारों के आगमन की भी प्रबल संभावना है। कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने के लिए सभी स्तरों पर जोरदार तैयारियाँ चल रही हैं। कई चरणों में बैठकों का आयोजन हो चुका है और पूरी टीम कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में समिति के महासचिव श्रीराम यादव , वरीय सदस्य जनार्दन, मीडिया प्रभारी बीरेंद्र कुमार सिंह यादव, विमलेंदु राय, कोषाध्यक्ष श्री राजेश, संगठन मंत्री बैजू यादव तथा समिति के सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## पटना में सड़क हादसे के दौरान चार घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ शहर के अटल पथ पर मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें स्विफ्ट डिजायर कार और एक ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार और ऑटो दोनों के परखच्चे उड़ गए, जबकि ऑटो में सवार 3 से 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना दीघाझअटल पथ ओवरब्रिज के पास हुई। बताया जा रहा है कि एक स्विफ्ट डिजायर कार तेज रफ्तार में थी और इसी दौरान सामने या बगल से गुजर रहे एक ऑटो से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो सड़क किनारे पलटने जैसी स्थिति में आ गया, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया था और ऑटो के भी कई हिस्से टूटकर सड़क पर बिखर गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने घायल यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की और प्राथमिक सहायता देने की कोशिश की। हादसे में घायल लोगों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आने की सूचना है। हालांकि, घायलों की पहचान और उनकी स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। लोगों ने बताया कि कुछ घायलों को सिर और हाथ-पैर में चोटें लगी हैं। कई घायलों की हालत देखकर यह आशंका जताई जा रही है कि उन्हें अंदरूनी चोटें भी आई होंगी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को कॉल कर बुलाया और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर घायल यात्रियों को अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस को भी अवगत कराया गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घटनास्थल पर यातायात प्रभावित होने लगा था, क्योंकि सड़क पर कार और ऑटो के टूटे हुए हिस्से बिखरे पड़े थे। वहीं, बड़ी संख्या में लोग सड़क पर जमा हो जाने के कारण वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। पुलिस के अनुसार फिलहाल दुर्घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। यह जांच का विषय है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या फिर किसी वाहन के गलत दिशा में आने/ओवरटेक करने के कारण टक्कर हुई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अटल पथ पर स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन कराया जाए और ट्रैफिक निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी है। दुर्घटना के बाद कार और ऑटो को सड़क से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि यातायात सामान्य हो सके।

## मकर संक्रांति उत्सव को लेकर तिल की सौंधी खुशबू से महक रहा गांव और बाजार

**समाज जागरण मनोज कुमारसाह गोड्डा**



मेहरमा प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मकर संक्रांति की धूम मची है। इसे लेकर गांव से बाजार तक में चहल-पहल बढ़ गई है तिलकुल, चूड़ा, गुड व अन्य सामग्री की दुकानें सजी है। जहां खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। तिल की सोंधी खुशबू से गांव और बाजार महक उठा है। स्थानीय बाजार पिरोजपुर, बाराहाट, प्रफुल्लो हाट के अलावा डोय, घोरीचक, सुरनी, मैनाचक, कसबा, खानीचक, बलबड्डा आदि चौक चौराहों पर भी तिल कतरी,चुड़ा,गुड़ सहित इससे बने सामग्री की दुकान सजी है। इससे गांव से लेकर बाजार तक की रौनक बढ़ गई है।परंपरा के अनुसार बीते करीब एक सप्ताह पूर्व से ही लोग इन सामग्रियों को खरीद कर अपने सगे, संबंधियों, रिश्तेदारों के यहां पहुंचा रहे हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन से सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर उगने लगते हैं।इसलिए इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। साथ हीं लोग इस दिन उत्सव मनाते हैं। ठंड में तिल का सेवन स्वास्थ्य के लिए भी लाभ दायक माना गया है। इसीलिए लोग खासकर मकर संक्रांति उत्सव के दौरान दही, चूड़ा,गुड़ के साथ तिल के बने लड्डू, चिक्की, तिलकतरी या तिलकुट का सेवन करते हैं। विज्ञान भी इस मौसम में तिल के प्रयोग को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताता है। तिल सेवन की वजह से इसे तिल संक्रांति भी कहा जाता है। ऐसे में तिल के बने विभिन्न पकवानों की बिक्री हेतु दूर दराज के दुकानदार भी स्थानीय बाजारों में दुकान लगाए हैं। खासकर गया का तिलकुट काफी प्रसिद्ध है। जो चीनी एवं गुड़ दोनों से बनाया जाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर कहीं-कहीं खिचड़ी का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करने का भी प्रचलन है। इस कारण इसे खिचड़ी पर्व के रूप में भी जाना जाता है। माना जाता है कि इस दिन श्रीहरि विष्णु के रूप मधुसूदन भगवान को खिचड़ी का भोग लगाने से देवी लक्ष्मी के साथ ही साथ वह प्रसन्न होते हैं और सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसीलिए इस दिन पूरे नेम निष्ठा एवं संयम के साथ खिचड़ी बनाई जाती है।

## 21 जनवरी को बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में सजेगा भव्य टुसू महोत्सव

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) : झारखंड की लोक-संस्कृति को समर्पित टुसू पर्व के अवसर पर आगामी 21 जनवरी को बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में भव्य टुसू महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर आयोजकों ने विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धालुओं और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महोत्सव परिसर में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। साथ ही मंच और प्रमुख स्थलों के पास बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी, जिन पर मेले की हर गतिविधि का सीधा प्रसारण दिखेगा। प्रवेश, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था रहेगी। इधर, हुलहंग गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में टुसू पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। गांव की महिलाएं पारंपरिक परंपरा के तहत 13 चौड़ल तैयार कर रही हैं। टुसू गीतों और लोक-संगीत से माहौल गुंजायमान है। महिलाएं और युवतियां पारंपरिक गीतों के साथ पर्व की तैयारियों में जुटी हैं, जिससे गांवों में उत्सव का रंग चढ़ गया है। आयोजकों के अनुसार, यह महोत्सव लोक- परंपराओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बनेगा। टुसू पर्व के जरिए क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## माली थाना क्षेत्र से शराब तस्कर गिरफ्तार, 60 लीटर देशी शराब बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सुजीत कुमार मेहता पिता स्व० लखन मेहता सा० बैरिया थाना माली जिला औरंगाबाद



के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 60 लीटर देशी शराब बरामद की है । थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि माली थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शराब तस्करी में शामिल है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुजीत कुमार मेहता को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 60 लीटर देशी शराब बरामद की गई है।सुजीत कुमार मेहता के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 की धारा 30 (ए) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## झारखण्ड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति द्वारा मनाया गया स्वर्गीय शाहिद बाबा तिलका मांझी का 241 शहादत दिवस

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



आज झारखण्ड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति की ओर से नगर अध्यक्ष श्री फतेह चन्द्र टुडू जी के नेतृत्व में भारत वर्ष के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद बाबा तिलका मांझी के 241 वीं शहादत दिवस पर बाबा तिलका मांझी चौक डिमना स्थित आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री फतेह चन्द्र टुडू जी ने कहा कि बाबा तिलका मांझी ने ब्रिटिश हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए पहाड़िया एवं संथाल के साथ साथ सभी को साथ लेकर उलगुलान का विगुल फूंका उन्होंने नारा दिया धरती हमारी है। बाबा तिलका मांझी को 13 जनवरी 1785 को फांसी दी गई थी, उनके मृत्यू के बाद भी आदिवासी ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ते रहे। बाबा तिलका मांझी को आज भी आदिवासी लोग नायक के रूप में याद करतें हैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं शोसान और शासक के खिलाफ आवाज को बुलंद रखने का प्रेरणा लेते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश मुर्मू, प्रभात सिंह, रंजीत देव, कृष्ण हांसदा, संजू कुटिया, सनातन हांसदा, प्रधान मुदुयया, अविनाश मिश्रा , दिनेश लोहार आदि उपस्थित थे।

## कार से बड़ी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब बरामद एक तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना क्षेत्र के ससना गांव के समीप से पुलिस ने एक कार से 180 लीटर देशी मसालेदार शराब और 35



लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान चन्द्र किशोर कुमार निवासी जयनगरा थाना तिलौथू रोहतास जिला के रूप में हुई है । थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ससना गांव के समीप नाका लगाया गया था, जहां एक कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। बताया गया कि कार और शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध अफीम पोस्ता की फसल को लगातार किया जा रहा है विनष्टीकरण।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**



पलामू (झारखंड) नौडीहा बाजार प्रखंड थाना क्षेत्र के चौखड़ा के जंगली क्षेत्र में करीब 2.5 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम पोस्ता की खेती को नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में मंगलवार को टीम गठित कर नष्ट किया गया। यह करवाई नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक अधिनियम के तहत करवाई की गई। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों एवं तस्करी के खिलाफ लगातार करवाई की जा रही है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के संलिप्त लोगों को पहचान कर उनके विधि के तहत करवाई की जाएगी। पलामू पुलिस ने आम जनमानस लोगों से अपील किया है कि मादक पदार्थ से संबंधित किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल स्थानीय थाना को सूचना दें। ताकि समाज को नशा मुक्त बनाने में प्रभावी कदम उठा जा सके। उक्त मौके पर डगरा पिकेट प्रभारी सहित सरईडीह पिकेट प्रभारी के अलावा पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 30 से समाज सेवी युवा नेता उम्मीदवार विष्णु बाउरी उतरेंगे चुनावी मैदान में

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हन झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर नगर निगम वार्ड संख्या 30 में सबसे कम उम्र के युवा कर्मठ और शिक्षित समाजसेवी युवा नेता विष्णु बाउरी इस बार वार्ड नंबर 30 के



चुनावी मैदान में उतरने के लिए हुए तैयार। चुनाव के संबंध में विष्णु बाउरी से पूछे जाने पर कहा कि किसी जाति और धर्म के विशेष काम नहीं करता हूं हमारे युवाओं का एक टीम है और हम सब मिलकर इस वार्ड नंबर 30 की विकास कार्य करने का संकल्प लिया है। इस वार्ड के लोग रोड नाली, पार्क, रोड लाइट जैसे आदि समस्याओं से परेशान है।हम सब मिलकर यानी हमारे युवा टीम इस वार्ड की हर समस्या का समाधान करेगी। उनका मानना है कि हम नेता नहीं बेटा बनकर समाज को सेवा करेंगे और लोगो के समस्याओं को सुनेंगे और उसका निवारण करने का प्रयास करेंगे।

## मोहनलालगंज में भाजपा नेता नीरज सिंह का कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत.

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज। लखनऊ, रायबरेली जनपद में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह का मोहन लालगंज कस्बे में स्थित पाण्डेय कॉम्प्लेक्स में भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नीरज सिंह के आगमन की सूचना मिलते ही कस्बे में राजनीतिक हलचल तेज हो गई और पाण्डेय कॉम्प्लेक्स कार्यकताओं से खचाखच भर गया।स्वागत कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पाण्डेय धीरू के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ नीरज सिंह का अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान उन्हें गदा भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।बताया गया कि नीरज सिंह रायबरेली जा रहे थे, तभी रास्ते में मोहनलालगंज में यह स्वागत कार्यक्रम रखा गया। कुछ देर रुकने के बाद वे डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग एक घंटे तक रुककर कार्यकताओं से संवाद किया और भोजन ग्रहण किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, क्षेत्रीय विकास और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अनौपचारिक चर्चा भी हुई।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, भाजपा नेता नवीन मिश्रा, चंकी पाण्डेय, सोनू शर्मा, सभासद, व्यापारी नवेंदु दीक्षित, समाजसेवी अभिषेक शुक्ल, करन शुक्ल, मधु त्रिवेदी, अधिवक्ता ऋषि द्विवेदी, अधिवक्ता सचिन तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नीरज त्रिवेदी, मोहनलालगंज व्यापार मंडल के दर्जनों पदाधिकारी सहित क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल संगठन को मजबूती मिलती है, बल्कि कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ता है। नीरज सिंह का यह दौरा मोहनलालगंज की राजनीति में नई ऊर्जा और सक्रियता का संकेत माना जा रहा है।